

देश-विदेश
**मृणाल ठाकुर ने मिट्टी के...**



भारत का सर्वाधिक प्रसारित हिन्दी दैनिक
"कलम, बलिदान और स्वाभिमान की परिभाषा"

अंतिम पृष्ठ
**बंगलादेश में तख्तापलट में हमारा...**



संस्थापक: शहीद शिरोमणि लाला जगतनारायण जी, अमर शहीद रमेश चन्द्र जी एवं कलम के योद्धा अश्विनी कुमार जी

# पंजाब केसरी

युवा भारत युवा अखबार

PunjabKesari.com PunjabKesari.com @punjabkesaricom

बुधवार 14 अगस्त, 2024 ◆ दिल्ली ◆ तदनुसार 30 श्रावण 2081 LD ****

Punjab Kesari, Delhi
वर्ष : 41 / अंक : 226
मूल्य ₹ 4.50
16 नेपाली रुपए/हवाई जहाज से ₹ 10.00
पृष्ठ संख्या 16
Ph. : 011-30712200, 45212200







# केस सीबीआई के हवाले

## डाक्टर रेप और मर्डर केस में हाईकोर्ट का आदेश, प्रिंसिपल को छुट्टी पर भेजा

**पंजाब केसरी/कोलकाता**



**दोबारा केस दर्ज और आज होगा घटनास्थल का दौरा**

कलकत्ता हाईकोर्ट ने मंगलवार (13 अगस्त) को आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर केस की जांच सीबीआई को सौंप दी है। राज्य सरकार कल सुबह 10 बजे तक सीबीआई को केस डायरी और दूसरे रिकॉर्ड ट्रांसफर करेगी। बुधवार को सीबीआई आफिसर घटनास्थल का दौरा करेंगे और इस बीच केन्द्रीय जांच एजेंसी ने रेप और हत्या मामले में दोबारा केस दर्ज कर लिया।

चीफ जस्टिस टी एस शिवगणनम की अध्यक्षता वाली डिवीजन बेंच ने केंद्रीय एजेंसी को मामले की जांच सौंपते हुए केवी राजेंद्रन मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला दिया। कोर्ट ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने माना है कि दुर्लभ मामलों में निष्पक्ष और सही जांच के लिए यह जरूरी है। हाईकोर्ट ने कहा कि हमने पुलिस को जांच के लिए समय दिया होता, लेकिन मामला अजीब है। घटना के 5 दिनों के बाद भी पुलिस किसी निष्कर्ष तक नहीं पहुंची है। इस बात की पूरी संभावना है कि सबूत मिटा दिए जाएंगे। इसलिए हमें लगता है कि मामला तुरंत सीबीआई को ट्रांसफर किया जाना चाहिए। हाईकोर्ट ने घटना के बाद मेडिकल कॉलेज के तत्कालीन प्रिंसिपल डॉ संदीप कुमार घोष के इस्तीफे और दूसरी कॉलेज में उनकी नियुक्ति पर भी सवाल उठाए। कोर्ट ने कहा कि यह जानकर दुख होता है कि घटना को लेकर अस्पताल प्रशासन और तत्कालीन प्रिंसिपल संदीप कुमार घोष सक्रिय नहीं थे।

प्रिंसिपल ने अपना इस्तीफा दे दिया, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि उनके इस्तीफे पर क्या आदेश जारी किए गए थे। बल्कि इस्तीफे के 12 घंटे के भीतर 12 अगस्त को उन्हें एनएमसी, कोलकाता का प्रिंसिपल बना दिया गया। यह समझना मुश्किल है कि उन्होंने इस्तीफा क्यों दिया और दूसरे मेडिकल कॉलेज का प्रिंसिपल बनाने की क्या जल्दी थी। हाईकोर्ट ने डॉ संदीप कुमार घोष को छुट्टी पर जाने का आदेश दिया है।

### पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में बर्बरता का खुलासा

**पुलिस** ने ट्रेनी डॉक्टर के परिवार को सोमवार (12 अगस्त) को पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट सौंपी, जिसमें बताया गया कि रेप और मारपीट के बाद आरोपी ने डॉक्टर की गला और मुंह दबाकर हत्या कर दी। घटना शुक्रवार सुबह 3 से 5 बजे के बीच होने का अनुमान है। चार पेज की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में बताया गया कि आरोपी ने डॉक्टर के साथ बुरी तरह शोषण किया था। उनके प्राइवेट पार्ट्स पर गहरा घाव पाया गया। आरोपी ने डॉक्टर की आवाज दबाने के लिए उनकी नाक, मुंह और गले को लगातार दबाया गया। गला घोंटने से थायराइड कार्टिलेज टूट गया। डॉक्टर की सिर को दीवार से सटा दिया गया था, जिससे वह चिल्ला न सके। पेट, होंठ, उंगलियों और बाएं पैर पर चोटें पाई गईं। फिर उनपर इतनी जोर से हमला किया कि चश्मा टूट गया। चश्मे का शीशा टूटकर उनकी आंखों में घुस गए। दोनों आंखों, मुंह और प्राइवेट पार्ट्स से खून बह रहा था।

# भाजपा राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक 17 को

**पंजाब केसरी**/नई दिल्ली

- **अध्यक्ष पद के चुनाव से पहले पार्टी कर सकती है कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त**

भाजपा ने 17 अगस्त को अपने राष्ट्रीय पदाधिकारियों की एक बैठक बुलाई है, जिसमें पार्टी के सदस्यता अभियान को अंतिम रूप दिया जाएगा। नए पार्टी अध्यक्ष के चुनाव से पहले यह अभियान पूरा किया जाएगा। इस बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय पदाधिकारियों के अलावा विभिन्न राज्यों में पार्टी संगठन के प्रभारी महासचिव और प्रदेशों के अध्यक्ष भी शामिल होंगे। लंबे समय से चर्चा है कि अध्यक्ष के औपचारिक चुनाव पहले भाजपा एक 'कार्यकारी अध्यक्ष' नियुक्त कर सकती है क्योंकि चुनाव के लिए सदस्यता अभियान छह महीने तक खिंच सकता है। मौजूदा अध्यक्ष जे पी नड्डा के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार में कैबिनेट मंत्री के तौर पर शामिल होने के बाद पार्टी की 'एक व्यक्ति एक पद' की परंपरा के तहत उनकी जगह किसी और को लाए जाने की संभावना है। साल 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद नड्डा को केंद्रीय मंत्रिपरिषद में शामिल नहीं किया गया था। इससे स्पष्ट संकेत मिल गया था कि उन्हें तत्कालीन अध्यक्ष अमित शाह के स्थान पर नयी जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। हालांकि, इस बार नए अध्यक्ष को लेकर अभी कुछ स्पष्टता नहीं है। नड्डा को पहली बार जून 2019 में कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया था, जिसके बाद उन्हें औपचारिक रूप से जनवरी 2020 में अध्यक्ष चुना गया था। भाजपा के अध्यक्ष पारंपरिक रूप से आम सहमति से चुने जाते रहे हैं। भाजपा जहां एक तरफ संगठनात्मक चुनावों की तैयारी में है, जिसमें बूथों, मंडलों, जिलों और राज्यों में नई समितियों के गठन को शामिल किया जाना शामिल है, वहीं दूसरी ओर पार्टी आरएसएस के साथ व्यापक विचार-विमर्श में भी जुटी हुई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के अलावा शाह और नड्डा सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने रविवार को आरएसएस के पदाधिकारियों से मुलाकात की। आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले सहित कुछ अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी इस बैठक में मौजूद थे।

### संगठनात्मक चुनावों की तैयारी में भाजपा

**भाजपा** संगठनात्मक चुनावों की तैयारी में है। इसमें बूथों, मंडलों, जिलों और राज्यों में नई समितियों के गठन को शामिल किया जाना शामिल है। वहीं, पार्टी आरएसएस के साथ बात करने में भी जुटी हुई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के अलावा शाह और नड्डा सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने रविवार को आरएसएस के पदाधिकारियों से मुलाकात की। आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले सहित कुछ अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी इस बैठक में मौजूद थे। भाजपा अध्यक्ष के चयन में आरएसएस की महत्वपूर्ण भूमिका मानी जाती रही है।

## घुसपैठिए को मार गिराया

**जालंधर,** (पंजाब केसरी): स्वतंत्रता दिवस से पहले जारी 'हाई अलर्ट' के बीच पंजाब सीमा से भारत में दाखिल होने की कोशिश कर रहे एक संदिग्ध पाकिस्तानी घुसपैठिए को सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने मार गिराया।

# निवेशकों को 4.52 लाख करोड़ का झटका

**पंजाब केसरी**/नई दिल्ली

विदेशी पूंजी की निकासी के बीच मंगलवार को एचडीएफसी बैंक में भारी बिकवाली की वजह से घरेलू शेयर बाजार में गिरावट आने से निवेशकों की संपत्ति 4.52 लाख करोड़ रुपये घट गई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 692.89 अंक यानी 0.87 प्रतिशत टूटकर 78,956.03 अंक पर बंद हुआ।

बाजार में आई इस तेज गिरावट से बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 4,52,565.44 करोड़ रुपये घटकर 4,45,30,265.42 करोड़ रुपये (5.30 लाख करोड़ डॉलर) रह गया।

### अडाणी की 7 कंपनियों के शेयर टूटे, 3 में लाभ

**अडाणी** समूह की 10 में से सात कंपनियों के शेयर मंगलवार को मामूली गिरावट के साथ बंद हुए। तीन कंपनियां... अदाणी टोटल गैस,अडाणी ग्रीन और अदाणी एनर्जी... बढ़त में रहीं। कारोबार समाप्ति पर अडाणी विल्मर का शेयर 2.37 प्रतिशत नीचे रहा। वहीं अडाणी एंटरप्राइजेज में 1.92 प्रतिशत, अंबुजा सीमेंट्स में 1.86 प्रतिशत,अडाणी पोर्ट्स में 1.24 प्रतिशत की गिरावट रही। एसीसी (0.54 प्रतिशत), अदाणी पावर (0.20) प्रतिशत) और एनडीटीवी (0.20 प्रतिशत) भी नुकसान में रहे। हालांकि, अडाणी टोटल गैस का शेयर 1.94 प्रतिशत मजबूत हुआ। इसके अलावा, अदाणी ग्रीन एनर्जी 1.38 प्रतिशत और अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस 0.70 प्रतिशत चढ़ गए। कारोबार के दौरान अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस के शेयर में 6.28 प्रतिशत का उछाल आया। वहीं अडाणी टोटल गैस चार प्रतिशत चढ़ा जबकि एनडीटीवी में 2.56 प्रतिशत की मजबूती रही।

# केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ आज सुप्रीम सुनवाई


**पंजाब केसरी**/नई दिल्ली



उच्चतम न्यायालय दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उस याचिका पर 14 अगस्त को सुनवाई करेगा, जिसमें उन्होंने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में सीबीआई द्वारा उनकी गिरफ्तारी को बरकरार रखने के दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी है। शीर्ष अदालत इस मामले में जमानत के अनुरोध वाली केजरीवाल की याचिका पर भी अलग से सुनवाई करेगी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्ज्ल भुइयां की पीठ आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक की दोनों याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। सोमवार को जब केजरीवाल की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने इसे तत्काल सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया तो शीर्ष अदालत उनकी याचिका पर सुनवाई के लिए सहमत हो गई थी। दिल्ली उच्च न्यायालय ने पांच अगस्त को मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी को वैध ठहराया था और कहा था कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के कृत्यों में कोई दुर्भावना नहीं थी।

# 'जमानत नियम है, जेल अपवाद है' का सिद्धांत विशेष कानूनों में भी लागू

**पंजाब केसरी/नई दिल्ली**



- **अदालतें उचित मामलों में जमानत नहीं देंगी तो बुनियादी अधिकारों का उल्लंघन होगा**

उच्चतम न्यायालय ने यूएपीए के तहत आरोपी व्यक्ति को जमानत देते हुए व्यवस्था दी कि इस तरह के विशेष कानूनों के तहत अपराधों में भी 'जमानत नियम है, जेल अपवाद है' का सिद्धांत लागू होता है।न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति अगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि अगर अदालतें उचित मामलों में जमानत से इनकार करना शुरू कर देंगी तो यह बुनियादी अधिकारों का उल्लंघन होगा। पीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा, ''अभियोजन पक्ष के आरोप बहुत गंभीर हो सकते हैं, लेकिन कानून के अनुसार जमानत के मामले पर विचार करना अदालत का कर्तव्य है। जमानत नियम है और जेल अपवाद है, यह सिद्धांत विशेष कानूनों पर भी लागू होता है। अगर अदालतें उचित मामलों में जमानत देने से इनकार करना शुरू कर देंगी, तो यह अनुच्छेद 21 के तहत प्रदत्त अधिकारों का उल्लंघन होगा।'' यह फैसला जलालुद्दीन खान नामक व्यक्ति को जमानत पर रिहा करते हुए सुनाया गया। खान पर पीएफआई के कथित सदस्यों को अपने घर की ऊपरी मंजिल किराए पर देने के लिए यूएपीए और अब समाप्त हो चुकी भारतीय दंड संहिता की अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था।

### राष्ट्रीय सर्राफा


| | सोना | | चांदी |
|---|---|---|---|
| **दिल्ली** | | | |
| 24K | 71770 | चांदी तैयार | 83500 |
| **कोलकाता** | | | |
| 24K | 71620 | चांदी तैयार | 83500 |
| **मुम्बई** | | | |
| 24K | 71620 | चांदी तैयार | 83500 |
| **चेन्नई** | | | |
| 24K | 71620 | चांदी तैयार | 88500 |

### विदेशी मुद्रा बनाम रुपया

| करंसी | खरीद | बिक्री |
|---|---|---|
| अमरीकी डालर | 82.14 | 85.82 |
| पौंड स्टर्लिंग | 104.99 | 110.05 |

### शेयर सूचकांक

| | | |
|---|---|---|
| BSE | 78956.03 | -692.89 |
| NSE | 24139.00 | -208.00 |





## उपराज्यपाल ने दी मंजूरी — आतिशी के ध्वजारोहण करने की मांग खारिज...

# आतिशी नहीं कैलाश गहलोत फहराएंगे झंडा

**पंजाब केसरी**/नई दिल्ली







दिल्ली में स्वतंत्रता दिवस के दिन कौन झंडा फहराएगा, इसका जवाब मिल गया है। दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने दिल्ली के गृह मंत्री कैलाश गहलोत को 15 अगस्त को राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए नामित किया है। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार इस बार 15 अगस्त 2024 को छत्रसाल स्टेडियम में राष्ट्रीय ध्वज दिल्ली के गृह मंत्री कैलाश गहलोत फहराएंगे। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने स्वतंत्रता दिवस के दिन अपनी जगह दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी को झंडा फहराने के लिए नामित किया था। हालांकि उनके इस फैसले को जनरल एडमिनिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट (जीएडी) ने खारिज कर दिया। इसके लिए नियमों का हवाला दिया गया है। दरअसल बीते सोमवार को दिल्ली सरकार के मंत्री गोपाल राय ने तिहाड़ में अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की थी। उसके बाद उन्होंने दिल्ली सरकार के जनरल एडमिनिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट को 15 अगस्त के दिन झंडारोहण की तैयारी शुरू करने के निर्देश दिए थे और कहा था कि अरविंद केजरीवाल के मुताबिक इस बार झंडारोहण दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी करेंगी। हालांकि अब दिल्ली एलजी ने कैलाश गहलोत को झंडा फहराने का आदेश दिया है। दिल्ली के सीएम केजरीवाल ने 6 अगस्त को जेल से उपराज्यपाल वीके सक्सेना को चिट्ठी लिखी थी, जिसमें उन्होंने कहा था कि इस बार 15 अगस्त को मंत्री आतिशी झंडा फहराएंगी। हालांकि, उपराज्यपाल ऑफिस ने मुख्यमंत्री से कोई भी पत्र मिलने की बात से इनकार किया था।इसके बाद तिहाड़ जेल अधिकारियों ने केजरीवाल को लेटर लिखकर कहा कि आपका पत्र जेल के बाहर भेजे जाने वाले कम्युनिकेशन की कैटेगरी में नहीं आता है। दिल्ली के तिहाड़ जेल प्रशासन ने सीएम मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से कहा कि उन्होंने जेल में मिले अपने विशेषाधिकारों का गलत इस्तेमाल किया है। केजरीवाल ने 7 अगस्त को जेल से ही उपराज्यपाल वीके सक्सेना को चिट्ठी लिखी। इसमें कहा था कि इस बार 15 अगस्त को मंत्री आतिशी झंडावंदन करेंगी।




हिन्दू संस्कृति अत्यन्त सहष्णु, अत्यन्त व्यापक एवं अत्यन्त उदार है।
-स्वामी विवेकानन्द





आदित्य नारायण चोपड़ा
adityachopra@punjabkesari.com

# बंगलादेशी हिन्दुओं की सुरक्षा

1971 में जब बंगलादेश का विश्व के मानचित्र पर उदय हुआ तो यह भी भारत की भांति धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र था परन्तु 15 अगस्त 1975 को जब इसके राष्ट्र निर्माता शेख मुजीबुर्रहमान की परिवार के कुछ अन्य लोगों के साथ नृशंस हत्या की गई तो उसके बाद कई बार सैनिक शासन हुआ जिस दौरान इस देश का राजधर्म इस्लाम घोषित कर दिया गया। बंगलादेश में मुसलमानों की जनसंख्या 85 प्रतिशत से अधिक है मगर इसके बावजूद यह धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र बना था। इसकी मुख्य वजह यह थी कि बहुसंख्य मुस्लिम होने के बावजूद इस देश की मूल संस्कृति 'बांग्ला' है । बांग्ला संस्कृति इतनी प्रखर है कि इसमें हिन्दू-मुस्लिम का भेद बंगाली होने बाद आता है। इस संस्कृति में बांग्ला भाव ही सबसे प्रमुख है। इस देश के लोगों के खान-पान से लेकर वेशभूषा में भी आम तौर पर हिन्दू-मुस्लिम भेद नजर नहीं आता है। यह बात जरूर है कि कुछ मुस्लिम कट्टरपंथी तत्वों की मौजूदगी भी इस देश में है जिन्हें अलग से पहचाना जा सकता है । 1947 में इसके पूर्वी पाकिस्तान बन जाने के कारण कट्टरपंथी तत्वों को भी इस इलाके में पैर जमाने में पाकिस्तानी सरकार ने काफी मदद की थी मगर इसके बावजूद यहां मुस्लिम लीग कभी सफल नहीं हो सकी थी।

1971 से पहले ही शेख मुजीबुर्रहमान की अवामी लीग को 1970 में हुए चुनावों में इतनी जबर्दस्त सफलता मिली थी कि पूर्वी पाकिस्तान से मुस्लिम लीग को केवल दो सीटें ही राष्ट्रीय असैम्बली में मिली थी। इस देश में आज लगभग 9 प्रतिशत हिन्दू रहते हैं जो सभी अवामी लीग के हित चिन्तक हैं। बंगलादेश के उदय के बाद हिन्दू समाज यहां पूरी निर्भीकता व स्वतन्त्रता के साथ रह रहा था। सरकारी नौकरियों तक में इनका प्रतिनिधित्व रहता है। इनके पूजा स्थल मन्दिरों को भी पूरी सुरक्षा प्रदान की जाती है और तीज-त्यौहारों पर मुस्लिम समाज के लोग भी उनकी खुशी में शामिल होते हैं। मगर विगत जुलाई महीने से इस देश में छात्रों का जो आन्दोलन शुरू हुआ उसमें कुछ कट्टरपंथी जमात-ए-इस्लामी के लोग भी घुस गये। इसके साथ ही बंगलादेश की प्रमुख विपक्षी बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी भी जमात की हिमायती मानी जाती है। इसके सदस्यों ने भी छात्र आन्दोलन की दिशा न मोड़ने का काम किया। ऐसे सभी तत्वों ने मिलकर विगत 5 अगस्त को अवामी लीग की प्रमुख व प्रधानमन्त्री शेख हसीना वाजेद के देश छोड़ने के बाद हिन्दुओं को निशाना बनाना शुरू किया व उनके मन्दिरों में तोड़फोड़ भी शुरू की।


हिन्दुओं पर हमला करने वाले लोग छात्र आन्दोलन में घुसे जमात-ए-इस्लामी व बीएनपी के ही बताये जा रहे हैं क्योंकि आन्दोलकारी छात्रों ने बंगलादेश की सड़कों पर अब ये नारे लिखे हैं कि 'बंगलादेश सभी धर्मों के लोगों के लिए है'। कट्टरपंथियों को बंगलादेश विरोधी भी कहा जा सकता है क्योंकि इन्होंने अपने देश के उस 'शहीद स्मारक' का भी विध्वंस कर दिया जो 1971 के बंगलादेश मुक्ति संग्राम की प्रतीक थी। कट्टरपंथी बंगलादेश मुक्ति संग्राम के चिन्हों तक को मिटा देना चाहते हैं और हिन्दुओं को प्रताड़ित करना चाहते हैं। शाही स्मारक में उन यादों को मूर्तियों व चित्रों के माध्यम से संजोकर रखा गया था जिनसे आने वाली पीढ़ियां अपने देश के लिए किये गये संघर्ष से परिचित हो सकें और अपने पुरखों पर गर्व कर सकें। इसमें वह तस्वीर भी शामिल है जब 16 दिसम्बर, 1971 को पाकिस्तानी फौज के कमांडर मेजर जनरल नियाजी ने भारतीय फौजी कमांडर लेफि. जनरल जगजीत सिंह अरोड़ा के समक्ष अपने 90 हजार से अधिक सैनिकों के साथ आत्मसमर्पण किया था। कट्टरपंथी जमात के लोग भारत को भी अपना दुश्मन मानते हैं और पाकिस्तान की पैरवी करते हैं लेकिन बंगलादेश में नवगठित अन्तिम सरकार के गृहमन्त्री सखावत हुसैन ने अपने देश के हिन्दुओं से उन पर हुए हमलों की माफी तो जरूर मांगी है मगर इसकी जिम्मेदारी शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग पर डाली है जबकि तथ्य इसके विपरीत हैं। अवामी लीग की छात्र शाखा पूरे आन्दोलन के ही विरोध में थी तो फिर इसके लोग दंगाई कैसे हो सकते हैं जबकि हुआ इसका उल्टा है।

आन्दोलन में घुसे जमात व कट्टरपंथी तत्वों ने शेख मुजीबुर्रहमान की प्रतिमा को न केवल धराशायी किया बल्कि यह सब करने से पहले मूर्ति पर चढ़कर पेशाब भी किया। ऐसा घृणित कार्य केवल कट्टरपंथी तत्व ही कर सकते हैं। सखावत हुसैन ने माफी जरूर मांगी है मगर इसका तब तक कोई मतलब नहीं जब तक कि प्रत्येक बंगलादेशी हिन्दू स्वयं को पूरी तरह निडर व स्वतन्त्र महसूस न करे। हर बंगलादेशी में हिन्दू-मुसलमान में फर्क करना पूरी तरह बेमानी है क्योंकि इस देश के हिन्दू-मुसलमान दोनों की संस्कृति बांग्ला है। प्राचीन हिन्दू मन्दिरों को बंगलादेश अपनी सांस्कृतिक धरोहर मानता है और दुर्गा पूजा के त्यौहार को भी राष्ट्रीय पर्व का दर्जा देता है। दुर्गा पूजा के समय लगाये गये पांडलों को सरकारी सुरक्षा प्राप्त होती है। अपने ऊपर हो रहे हमलों के विरोध में कल इस देश के हिन्दू सम्प्रदाय के लोगों ने अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस से भी भेंट करके अपना दुख व्यक्त किया था। इसी के बाद सखावत हुसैन ने उनसे माफी देने की अपील की है। बंगलादेश की किसी भी सरकार का अपने देश के अल्पसंख्यकों को पूरी सुरक्षा देने का दायित्व बनता है फिर चाहे वह अंतरिम सरकार ही क्यों न हो। जब बंगलादेश का संविधान कहता है कि इसके प्रत्येक धर्म के नागरिक एक समान हैं और उनका धर्म देखकर उनके साथ भेदभाव नहीं किया जायेगा तो फिर मोहम्मद यूनुस का ही सबसे पहले दायित्व बनता है कि वे उन पर हमला करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें।

# वक्फ बिल: जगदंबिका पाल करेंगे जेपीसी की अध्यक्षता

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ लोकसभा सदस्य जगदंबिका पाल विवादास्पद वक्फ (संशोधन) विधेयक पर विचार के लिए गठित संसद की संयुक्त समिति की अध्यक्षता करेंगे।

लोकसभा सचिवालय की ओर से जारी एक अधिसूचना में कहा गया है कि लोकसभाध्यक्ष ओम बिरला ने पाल को 31 सदस्यीय समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया है। विधेयक के प्रावधानों पर लोकसभा में विपक्ष के विरोध के बीच सरकार ने इसे दोनों सदनों की संयुक्त समिति को भेजने का फैसला किया था। संयुक्त समिति में 31 सदस्य हैं। इनमें लोकसभा से 21 और राज्यसभा से 10 सदस्य हैं। अगले सत्र तक यह समिति अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।लोकसभा और राज्यसभा ने शुक्रवार को केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रीजीजू द्वारा पेश एक प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया था, जिसमें समिति का हिस्सा बनने के लिए सदस्यों को नामित किया गया था। इस संयुक्त समिति में लोकसभा से जिन 21 सदस्यों को शामिल किया गया है उनमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आठ और कांग्रेस के तीन सांसद शामिल हैं। राज्यसभा से समिति में शामिल किए गए सदस्यों में से चार भाजपा के और एक-एक सदस्य कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक), वाईएसआर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) के हैं।



● अगले सत्र तक यह समिति अपनी रिपोर्ट सौंपेगी

# डॉक्टरों की हड़ताल से ओपीडी ठप्प

## यूपी समेत देशभर के कई राज्यों में प्रदर्शन, मरीजों को हो रही परेशानी

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की एक ट्रेनी डॉक्टर से रेप कर उसकी हत्या करने के मामले में देश के कई राज्यों में डॉक्टरों का मंगलवार को भी विरोध प्रदर्शन जारी रहे।

उत्तर प्रदेश के लखनऊ केजीएमयू में मंगलवार सुबह करीब नौ बजे जूनियर डॉक्टरों ने हड़ताल शुरू कर दी। इस कारण मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।डॉक्टरों ने ओपीडी में कामकाज ठप्प कर दिया है। डॉक्टर वार्ड में भर्ती मरीजों को भी देखने नहीं पहुंचे। इसके चलते तत्काल केजीएमयू प्रशासन ने सीनियर डॉक्टरों की ड्यूटी लगाई। डॉक्टर कोलकाता के आरजे कर मेडिकल कॉलेज की महिला ट्रेनी डॉक्टर से रेप और हत्या में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। इसके अलावा डॉक्टर इस मामले की सीबीआई जांच की भी मांग कर रहे हैं। उन्होंने महिला डॉक्टर को न्याय मिलना चाहिए जैसी नारे भी लगाए। डॉक्टरों का कहना है कि हम मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी और सीबीआई जांच की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।




# दूध कारोबारी के परिवार को बंधक बनाकर डकैती

**नोएडा,** (पंजाब केसरी) : थाना सेक्टर-142 क्षेत्र के मोहियापुर गांव में हथियार के बल पर बदमाशों ने एक दूध कारोबारी को परिवार समेत बंधक बना लिया। इसके बाद बदमाशों ने घर में रखी 3 लाख रुपये की नगदी और इतनी ही कीमत के जेवरात लूट लिए। वारदात के बाद बदमाश परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। वहीं, पुलिस का दावा है कि इस घटना को लेकर कुछ महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगे हैं। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा। पुलिस के मुताबिक मोहियापुर गांव में उमेश लोहिया का घर गांव से दूर खेतों में है।एडीसीपी हृदयेश कटारिया ने बताया कि 11 अगस्त की रात करीब 1:00 बजे कुछ बदमाश आए और परिवार को जगाकर चाकू और गन प्वाइंट पर बंधक बनाकर घर से करीब तीन लाख रुपये, झुमके, कुंडल आदि लूट लिए।

# सातवीं बार फरलो पाकर बागपत पहुंचा राम रहीम

**रोहतक, बागपत,** (पंजाब केसरी): हरियाणा की रोहतक जेल में सजा काट रहे डेरा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सातवीं बार फरलो पर जेल से रिहा हुए हैं। मंगलवार सुबह वह अपनी शिष्या हनीप्रीत और परिवार के सदस्यों के साथ बागपत स्थित बरनावा आश्रम पहुंचे। इस मौके पर आश्रम के गेट पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। दुष्कर्म और हत्या के मामले में गुरमीत राम रहीम को उम्रकैद की सजा मिली है।हरियाणा पुलिस सुबह करीब सात बजे उसे सुरक्षा में लेकर सुनारिया जेल से निकली।चार वाहनों के काफिले के साथ पुलिस राम रहीम को लेकर बागपत आश्रम पहुंची। काफिले के अंदर जाते ही मुख्य द्वार बंद कर दिया गया। अनुयायियों को अभी अंदर जाने की इजाजत नहीं दी जा रही है। राम रहीम को 21 दिन की फरलो मिली है। वह इस दौरान इसी आश्रम में रहेंगे। विशेष सीबीआई अदालत ने अगस्त 2017 में राम रहीम को दोषी करार दिया था। इससे पहले छह बार राम रहीम फरलो पर सुनारिया जेल से बाहर आ चुके हैं। हर बार वह बागपत स्थित आश्रम में आ जाते हैं। इस साल फरवरी में हाई कोर्ट ने हरियाणा सरकार से कहा था कि वह उनकी बिना अनुमति के डेरा सच्चा सौदा प्रमुख को आगे पैरोल न दे।



# आसाराम को पहली बार 7 दिन की पैरोल

**जोधपुर, (पंजाब केसरी):** नाबालिग से रेप के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे आसाराम को मंगलवार को कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने पहली बार उनकी सात दिन की पैरोल को मंजूर कर लिया है। यह पैरोल कोर्ट ने आसाराम को स्वास्थ्य कारणों से दी है। हाईकोर्ट जस्टिस जस्टिस पुष्पेंद्र सिंह भाटी की कोर्ट ने उसे इलाज के लिए महाराष्ट्र के माधोबाग जाने की इजाजत दी है। पैरोल के दौरान आसाराम पुलिस हिरासत में रहेगा। बता दें कि आसाराम की ओर से पहले भी इलाज के लिए पैरोल की अर्जी दी जा चुकी है, लेकिन हर बार उसे खारिज कर दिया गया था। आसाराम पहले भी जोधपुर के एक निजी आयुर्वेदिक अस्पताल में इलाज करवा चुका हैं। यहां उसे पुलिस सुरक्षा में रखा गया था। इस दौरान उसका इलाज पुणे के डॉक्टरों की देखरेख में करवाया गया था। बाद में तबीयत बिगड़ने पर उसे जोधपुर के एम्स में भर्ती कराया गया था। इसके बाद अब आसाराम ने फिर से पैरोल के लिए अर्जी दी, जिसे स्वीकार कर लिया गया। कोर्ट ने आसाराम को इलाज के लिए 7 दिन की पैरोल दे दी गई।आसाराम इससे पहले भी अपनी बीमारी का हवाला देकर पैरोल मांग चुके हैं, लेकिन उसकी मांग पूरी नहीं हो सकी थी।



# इलाहाबाद हाईकोर्ट में नौ स्थायी न्यायाधीशों के लिए नामों की सिफारिश

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : उच्चतम न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के नौ अतिरिक्त न्यायाधीशों के नामों की स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति के लिए मंगलवार को सिफारिश की। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय कॉलेजियम ने बैठक में इन नामों की सिफारिश की। प्रस्ताव में कहा गया है, "कॉलेजियम यह सिफारिश करता है कि अतिरिक्त न्यायाधीशों – न्यायमूर्ति सैयद कमर हसन रिजवी, न्यायमूर्ति मनीष कुमार निगम, न्यायमूर्ति अनीश कुमार गुप्ता, न्यायमूर्ति नंद प्रभा शुक्ला, न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र, न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर, न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार, न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला और न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल को मौजूदा रिक्तियों के अनुसार इलाहाबाद उच्च न्यायालय के स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया जाए।"

# अडाणी के खिलाफ जेपीसी की मांग को लेकर देशव्यापी आंदोलन करेगी कांग्रेस

**नई दिल्ली,**(पंजाब केसरी): कांग्रेस ने मंगलवार को फैसला किया कि वह अडाणी समूह से जुड़े 'महाघोटाले' की जांच के लिए जेपीसी के गठन और जाति जनगणना कराने की मांग तथा संविधान के सम्मान को लेकर आगामी 22 अगस्त को देशव्यापी प्रदर्शन करेगी। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता राहुल गांधी के साथ महासचिवों, राज्य प्रभारियों और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रमुखों की बैठक में यह फैसला किया गया।बैठक के बाद खड़गे ने बेरोजगारी, महंगाई और "संविधान पर हमले" को लेकर केंद्र की नरेन्द्र मोदी नीत सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार ने देश के गरीबों एवं मध्य वर्ग के साथ विश्वासघात किया है। बेलगाम बेरोजगारी और अनियंत्रित मुद्रास्फीति तथा घरेलू बचत में कमी जैसे गंभीर मुद्दों पर पार्टी मिटिंग में चर्चा की गई है। देश में लगातार सत्तारूढ़ सरकार की ओर से संविधान पर हमला किया जा रहा है। खड़गे ने कहा, कांग्रेस पार्टी हमारे किसानों के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी की मांग को लेकर अपनी लड़ाई जारी रखेगी। हमारे देशभक्त युवाओं पर थोपी गई अग्निपथ योजना को ख़त्म किया जाना चाहिए।



## छात्रा और कारोबारी के साथ लूट की वारदात

**नोएडा,** (पंजाब केसरी): थाना सेक्टर-113 क्षेत्र में बाइक सवार लुटेरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस बार लुटेरों ने एक छात्रा से महंगा आईफोन और एक कारोबारी से सोने की चेन लूट ली। पीड़ितों की शिकायत के आधार पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

श्रेष्ठा वर्मा परिवार के साथ सेक्टर-74 स्थित ग्रांड अजनारा हैरिटेज सोसायटी में रहती है। वह सेक्टर-125 स्थित एक युनिवर्सिटी में पढ़ाई करती है। वह एक अगस्त को अपने कॉलेज से ऑटो में सवार होकर घर जा रही थी। जब वह सेक्टर-76 स्थित नार्थ आई चौराहे पर पहुंची बुलेट सवार लुटेरे उसका आईफोन 15 लूटकर फरार हो गए।

# पत्नी को बहन के खिलाफ चुनाव लड़वाना मेरी गलती थी : अजित

**मुंबई,**(पंजाब केसरी): महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनाव में अपनी पत्नी सुनेत्रा पवार को चचेरी बहन सुप्रिया सुले के खिलाफ उतारकर गलती की। महाराष्ट्र में साल के अंत में प्रस्तावित विधानसभा चुनाव से पहले मतदाताओं के बीच पहुंच बनाने की कवायद के तहत राज्य भर में 'जन सम्मान यात्रा' निकाल रहे अजित ने कहा कि राजनीति को घर-परिवार से बाहर रखना चाहिए। लोकसभा चुनाव में सुनेत्रा पवार ने महाराष्ट्र की बारामती सीट पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरद चंद्र पवार (राकांपा-एसपी) की प्रत्याशी सुप्रिया सुले को चुनौती दी थी, जो अजित के चाचा शरद पवार की बेटी हैं। हालांकि, इस चुनाव में सुनेत्रा को हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन बाद में वह राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुईं। पिछले साल जुलाई में अजित पवार और उनके वफादार विधायक एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना-भाजपा सरकार में शामिल हो गए थे, जिससे राकांपा दो फाड़ हो गई थी। बाद में निर्वाचन आयोग ने अजित के नेतृत्व वाले गुट को असली राकांपा घोषित किया था।



# देश छोड़ने बाद बाद शेख हसीना का पहला बयान हिंसा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई हो

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): शेख हसीना ने हिंसक विरोध-प्रदर्शनों और संसद में प्रदर्शनकारियों के घुसपैठ के बाद प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था और भारत आ गई थीं। वह अभी भारत में हैं। इस्तीफा देने और देश छोड़ने के बाद शेख हसीना ने पहला बयान जारी किया है और अपने पिता समेत शहीदों के अपमान के लिए कार्रवाई की मांग की।

अपने मार्मिक संबोधन में शेख हसीना ने 15 अगस्त, 1975 की दुखद घटनाओं को याद किया, जब राष्ट्रपति और उनके पिता बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान की उनके भाइयों और चाचा जैसे कई परिवार के सदस्यों और सहयोगियों के साथ क्रूरता से हत्या कर दी गई थी। उन्होंने बंगबंधु के प्रति गहरा सम्मान व्यक्त किया और पीड़ितों को श्रद्धांजलि अर्पित की। शेख हसीना ने हाल की हिंसा और अशांति के पीड़ितों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की, जिसमें छात्रों, शिक्षकों और पुलिसकर्मियों सहित कई निर्दोष लोगों की जान चली गई। उन्होंने जुलाई से देश में चल रही उथल-पुथल पर जोर देते हुए हिंसा और खूनखराबा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।



## मां, पत्नी और 2 बच्चों की हत्या कर लगाई फांसी

**भागलपुर, (पंजाब केसरी): बिहार पुलिस लाइन में एक शख्स ने खूनी खेल खेला और फंदा लगाकर सुसाइड कर ली। पुलिस लाइन में एक घर के अंदर से 5 लाशें मिली हैं। 4 लाशें खून से सनी हालत में फर्श पर पड़ी थी। वहीं शख्स की लाश फंदे पर झूल रही थी। परिवार कॉस्टेबल नीतू कुमारी का था। 4 हत्याएं करके सुसाइड करने वाले ने एक सुसाइड नोट भी छोड़ा है, जिसमें अवैध संबंधों का जिक्र है। पुलिस ने पांचों शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिए हैं। वहीं हत्या सुसाइड का केस दर्ज करके सुसाइड नोट के आधार पर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं इस वारदात के बाद पुलिस लाइन में हड़कंप मचा है। पुलिस लाइव के सभी गेट सील कर दिए गए हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, वारदात अंजाम देने वाले शख्स ने पत्नी नीतू कुमारी, मां और दोनों बच्चों की हत्या करने की बात सुसाइड नोट में कबूली है।**

# कांग्रेस बैठक में हरियाणा के दो दिग्गज भिड़े

## दोनों में तू-तड़ाक : राहुल गांधी बोले-यह हरियाणा की बैठक नहीं

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): आज दिल्ली में कांग्रेस की राष्ट्रीय बैठक में हरियाणा के दो दिग्गज नेता भिड़ गए। कांग्रेस की इस राष्ट्रीय बैठक में प्रदेश प्रभारियों महासचिव तथा पार्टी प्रदेशाध्यक्ष शामिल हुए थे। सूत्रों के मुताबिक कांग्रेसी दिग्गजों में जबरदस्त विवाद हुआ।

सूत्रों का तो यहां तक कहना है कि दोनों में तू-तड़ाक तक हो गई। कांग्रेस की दिग्गज महिला नेत्री ने प्रदेश अध्यक्ष पर आरोप लगाया कि वह एक पक्ष के लोगों के बुलाते हैं और उन्हें ही महत्व देते हैं। यह पक्षपातपूर्ण रवैया ठीक नहीं। बताया जाता है कि पार्टी अध्यक्ष उदयभान जब यह बताने लगे कि हम सांसद दीपेंद्र हुड्डा पूरे हरियाणा में कार्यक्रम कर रहे हैं तो अध्यक्ष खड़गे ने कहा कि वह तो ठीक है आप अच्छा काम कर रहे हैं मगर बाकी लोगों को भी तो बुलाना चाहिए। इस पर उदयभान ने कहा कुमारी शैलजा भी हमें नहीं बुलाती। इस बात पर शैलजा ने पलटवार करते हुए कहा कि आप भी अपने कार्यक्रमों नहीं बुलाते। बताया जाता है कि जब दोनों की बहस हो रही थी तो राहुल गांधी बीच में कूदे। उन्होंने कहा यह हरियाणा की बैठक नहीं है इसके लिए अलग से विचार होना चाहिए।

**वेणुगोपाल ने कमरे में बुलाकर लगाई फटकार :** दोनों नेताओं के बीच राष्ट्रीय मुद्दों पर बुलाई बैठक में छिड़ी इस जंग की सोशल मीडिया पर जमकर चर्चा रही। सूत्रों का कहना था कि जब तक कांग्रेस के सभी गुटों को हाईकमान पेच नहीं कसता यह सिर फुटौवल जारी रहेगी। सूत्रों ने यह भी बताया कि केसी वेणुगोपाल ने इन दिग्गजों को अपने कमरे में बुलाया और फटकार लगाते हुए कहा कि आप लोगों की इस गुटबाजी से पार्टी को भारी नुक्सान हो सकता है।



# यूपी में दो लड़कों की ताकत बढ़ने के बाद अपराधियों के हौसले बुलंद : भाजपा

**नई दिल्ली,**(पंजाब केसरी): भाजपा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि 'दो लड़कों' की राजनीतिक ताकत में जब से इजाफा हुआ है, उत्तर प्रदेश में अपराधियों के हौसले बुलंद हो गए हैं। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में सपा पर अपराधियों को पनाह देने का आरोप लगाया और बलात्कार तथा बलात्कार के प्रयास के आरोप में उससे जुड़े दो लोगों की गिरफ्तारी को लेकर यादव नीत पार्टी पर निशाना साधा। कहा, सपा जहां अपराधियों का 'बचाव' कर रही है वहीं विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के सदस्य अपने गठबंधन सहयोगियों के आपराधिक तत्वों की रक्षा करने में भी एक-दूसरे की मदद कर रहे हैं। त्रिवेदी ने कहा, दो लड़कों से जुड़े लोग अपराध करते रहे हैं। इन दो लड़कों की ताकत बढ़ने के बाद से अपराधियों का दुस्साहस बढ़ रहा है।



## उन्नाव में बलात्कारियों के साथ खड़ी थी भाजपा :कांग्रेस

कोलकाता में एक महिला डॉक्टर से दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने इस मामले को लेकर भाजपा पर राजनीति करने का आरोप लगाया है। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने आईएएनएस से खास बातचीत में कहा, "कोलकाता केस में कौन पास हो रहा है, कौन फेल हो रहा है। ये कहना जल्दबाजी होगी। सबसे महत्वपूर्ण बात ये है कि हम अपने डॉक्टरों को कितनी सुरक्षा दे पा रहे हैं। इससे बड़ा कोई और मुद्दा नहीं हो सकता। उन्होंने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा, ये भाजपा का एजेंडा है कि किसी को भी जल्दबाजी में फेल या पास घोषित कर दो। मुझे ऐसा लगता है कि इस तरह की बात कर ये लोग महिलाओं की सुरक्षा को लेकर कोई रुचि नहीं रखते हैं। पवन खेड़ा ने कोलकाता मामले में टीएमसी सांसद के भतीजे के शामिल होने के भाजपा विधायक के आरोप पर भी बात की। कहा, जो भी आरोप हैं, वह जांच के बाद स्पष्ट हो जाएंगे। मुझे नहीं लगता कि इस मामले में शामिल किसी भी दोषी या जिम्मेदार शख्स को सरकार माफ करेगी, किसी भी पार्टी में इस तरह का चरित्र नहीं होगा। उन्होंने उन्नाव और कठुआ की घटना का जिक्र कर कहा, उन्नाव में भाजपा अपने बलात्कारी नेता के साथ खड़ी थी।



# कटघोरा में लिथियम खदान को मिली केंद्र से खनन की मंजूरी

**रायपुर,** आशीष शर्मा (पंजाब केसरी): छत्तीसगढ़ में देश का पहला लिथियम प्लांट खुलेगा। केंद्र सरकार ने कोरबा जिले के कटघोरा इलाके में लिथियम खदान के खनन की मंजूरी दे दी है। यह देश का पहला लिथियम खदान होगा। कोरबा जिले को यह उपलब्धि हासिल होगी। केंद्र सरकार की मंजूरी के बाद उसकी नीलामी के लिए प्रक्रिया भी लगभग पूरी हो चुकी है। कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कोरबा जिले के कटघोरा इलाके में लगभग ढाई सौ हेक्टेयर क्षेत्र में लिथियम का भंडार मिला है। इसके अलावा बस्तर में भी लिथियम का बड़ा भंडार मिला है। जल्दी यहां उत्खनन शुरू होने की संभावना है। कटघोरा इलाके में लिथियम माइंस शुरू होने से यह देश के अग्रणी राज्य में शामिल हो जाएगा। खदान में काम शुरू होने से ही छत्तीसगढ़ में लिथियम उत्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इससे राजस्व के साथ रोजगार के अवसर भी पढ़ेंगे। लिथियम एक महत्वपूर्ण धातु है। जिसका उपयोग मोबाइल की बैटरी और अन्य महत्वपूर्ण इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के लिए बैटरी बनाने में होता है। दुनिया में केवल पांच, छह स्थानों पर ही लिथियम का भंडार पाया गया है। छत्तीसगढ़ की चुनिंदा स्थानों में शामिल हो गया है। यहां के खदान से लिथियम निकल जाएगा। खनिज विभाग में इसके औपचारिक प्रक्रिया भी पूरी कर ली है। जल्दी यहां खनन शुरू होने की संभावना बढ़ गई है। खनन के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ को यहां बड़ी उपलब्धि मिली है।

● देश के अग्रणी राज्य में शामिल हुआ छत्तीसगढ़, लिथियम माइंस का मिलना सबसे महत्वपूर्ण

# रामदेव, बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद के खिलाफ अवमानना कार्यवाही बंद

**नई दिल्ली,**(पंजाब केसरी): उच्चतम न्यायालय ने भ्रामक विज्ञापन मामले में योगगुरु रामदेव, उनके सहयोगी बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड की माफी स्वीकार करने के बाद उनके खिलाफ अवमानना की कार्यवाही मंगलवार को बंद कर दी। योगगुरु रामदेव, बालकृष्ण और उनकी कंपनी की ओर से अधिवक्ता गौतम तालुकदार ने कहा, अदालत ने रामदेव, बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के शपथपत्रों के आधार पर अवमानना कार्यवाही बंद कर दी है। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसनुद्दीन अमानुल्ला की पीठ ने मामले में रामदेव, बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड को जारी अवमानना नोटिस पर 14 मई को अपना आदेश सुरक्षित रखा था। आईएमए द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें कोविड टीकाकरण अभियान और आधुनिक चिकित्सा पद्धति के खिलाफ बदनाम करने वाला अभियान चलाने का आरोप लगाया गया था।


भ्रामक विज्ञापन मामला





भारत का सर्वाधिक प्रसारित हिन्दी दैनिक
"कलम, बलिदान और स्वाभिमान की परिभाषा"





संस्थापकः शहीद शिरोमणि लाला जगतनारायण जी, अमर शहीद रमेश चन्द्र जी एवं कलम के योद्धा अश्विनी कुमार जी

# पंजाब केसरी

युवा भारत युवा अखबार!

PunjabKesari.com PunjabKesari.com @punjabkesaricom

बुधवार 14 अगस्त, 2024 ◆ दिल्ली ◆ तदनुसार 30 श्रावण 2081

Punjab Kesari, Delhi
वर्ष : 41 / अंक : 226
Ph. : 011-30712200, 45212200




## जम्मू-कश्मीर में चुनावों की तैयारी

### सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए गृह सचिव संग बैठक करेगा निर्वाचन आयोग

- बैठक में विधानसभा चुनावों के लिए एजेंडे पर होगी अहम चर्चा
- निर्वाचन आयोग जम्मू-कश्मीर के दौरे के बाद अपना मन बना चुका है और इसी पर चल रहा है व्यापक काम





**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : निर्वाचन आयोग जम्मू कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए बुधवार को केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला के साथ एक बैठक करेगा जहां उसकी योजना विधानसभा चुनाव कराने की है। यह जानकारी सूत्रों ने दी। निर्वाचन आयोग ने जम्मू कश्मीर में चुनाव तैयारियों की पिछले सप्ताह समीक्षा की थी। जम्मू में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने इस बात पर जोर दिया था कि आयोग केंद्र शासित प्रदेश में जल्द से जल्द विधानसभा चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है। कुमार ने कहा कि कोई भी बाहरी या आंतरिक ताकत चुनाव प्रक्रिया को पटरी से नहीं उतार सकती। लोकसभा चुनाव में जम्मू कश्मीर में रिकॉर्ड मतदान के बाद कुमार ने कहा था कि यह सक्रिय भागीदारी जल्द ही होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए एक बहुत बड़ी सकारात्मक बात है, ताकि केंद्र शासित प्रदेश में लोकतांत्रिक प्रक्रिया जारी रहे। जम्मू कश्मीर में जब भी विधानसभा चुनाव होंगे, वह 2019 में संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को निरस्त किए जाने और तत्कालीन राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित किए जाने के बाद पहला चुनाव होगा। जम्मू कश्मीर में चुनावी प्रक्रिया आमतौर पर एक महीने तक चलती है। परिसीमन कवायद के बाद, पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के लिए आवंटित सीटों को छोड़कर विधानसभा सीटों की संख्या 83 से बढ़कर 90 हो गई है। गत दिसंबर में, उच्चतम न्यायालय ने निर्वाचन आयोग को जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव 30 सितंबर तक कराने का निर्देश दिया था। जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव आसन्न होने के एक नए संकेत में, निर्वाचन आयोग ने पिछले महीने केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन से अपने गृह जिलों में तैनात अधिकारियों को स्थानांतरित करने के लिए कहा था, यह एक ऐसी कवायद है जो चुनाव कराने से पहले किया जाता है। आयोग लगातार इस नीति का पालन करता रहा है कि चुनाव वाले राज्य या केंद्र शासित प्रदेश में चुनाव के संचालन से सीधे जुड़े अधिकारियों को उनके गृह जिलों या उन स्थानों पर तैनात नहीं किया जाए, जहां वे काफी लंबे समय से कार्यरत हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा और विधानसभा चुनावों से पहले अधिकारियों के तबादलों से संबंधित निर्देश जारी करना आम बात है। हाल ही में इसने जम्मू कश्मीर और तीन अन्य राज्यों में मतदाता सूचियों को अद्यतन करने का आदेश दिया था।

## अनचाही कॉल करने वालों के कटेंगे कनेक्शन

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दूरसंचार नियामक ट्राई ने मंगलवार को दूरसंचार कंपनियों को निर्देश दिया कि अनचाही (स्पैम) कॉल करने वाले गैर-पंजीकृत टेलीमार्केटिंग कंपनियों के सभी दूरसंचार संसाधनों का कनेक्शन काटने के साथ उन्हें दो साल तक के लिए काली सूची में डाल दिया जाए। इसके साथ ही ट्राई ने दूरसंचार कंपनियों को इस निर्देश का तत्काल पालन करने और इस संबंध में की गई कार्रवाई के बारे में पाक्षिक आधार पर नियमित ब्योरा देने के लिए भी कहा है। ट्राई ने दूरसंचार कंपनियों को निर्देश जारी करते हुए कहा कि इस 'निर्णायक कार्रवाई' से बिना पंजीकरण वाले टेलीमार्केटिंग कंपनियों की तरफ से उपभोक्ताओं को की जाने वाली स्पैम कॉल में कमी आने और ग्राहकों को राहत मिलने की उम्मीद है।

## विनेश फोगाट की अपील पर फैसला अब 16 अगस्त को

### खेल पंचाट ने सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद तीसरी बार टाला फैसला



**पेरिस,** (पंजाब केसरी) : खेल पंचाट (कैस) के तदर्थ प्रभाग ने मंगलवार को भारतीय पहलवान विनेश फोगाट की पेरिस ओलंपिक में फाइनल से पहले अयोग्य ठहराए जाने के खिलाफ अपील पर फैसला फिर 16 अगस्त तक स्थगित कर दिया।

खेल पंचाट को सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद मंगलवार को फैसला सुनाना था लेकिन इसे फिर तीसरी बार टाल दिया गया। इससे 29 वर्षीय भारतीय पहलवान का इंतजार बढ़ गया है।

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की विज्ञप्ति के अनुसार, "खेल पंचाट के तदर्थ प्रभाग के अध्यक्ष ने विनेश फोगाट बनाम यूनाईटेड विश्व कुश्ती (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति मामले में एकमात्र मध्यस्थ डॉ. एनाबेले बेनेट को अपना फैसला सुनाने के लिए शुक्रवार 16 अगस्त 2024 पेरिस समय के अनुसार शाम छह बजे तक अनुमति दी है।" पिछले मंगलवार को जापान की युई सुसाकी के खिलाफ जीत सहित तीन जीत के साथ महिलाओं की 50 किग्रा फ्रीस्टाइल स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने वाली विनेश को अंतत: स्वर्ण पदक जीतने वाली अमेरिका की सारा हिल्डेब्रांट के खिलाफ खिताबी मुकाबले से बाहर कर दिया गया क्योंकि सुबह वजन करते समय उनका वजन निर्धारित सीमा से 100 ग्राम अधिक पाया गया।

इस पहलवान ने पिछले बुधवार को खेल पंचाट में इस फैसले के खिलाफ अपील की और मांग की कि उसे क्यूबा की पहलवान युस्नेलिस गुजमेन लोपेज के साथ संयुक्त रजत पदक दिया जाए। लोपेज सेमीफाइनल में विनेश से हार गई थी लेकिन बाद में भारतीय पहलवान को अयोग्य घोषित किए जाने के बाद उन्हें फाइनल में जगह मिली। अयोग्य ठहराए जाने के एक दिन बाद विनेश ने खेल से संन्यास की घोषणा करते हुए कहा कि उसके पास खेल जारी रखने की ताकत नहीं है। हालांकि दुनिया भर के दिग्गज खिलाड़ियों ने इस 29 वर्षीय पहलवान का समर्थन किया है जो अपने तीसरे ओलंपिक खेलों में भाग ले रही थी।

## भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए आगे आएं युवा : शाह



**अहमदाबाद,** (पंजाब केसरी): केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को यहां भाजपा की 'तिरंगा यात्रा' को हरी झंडी दिखाई और युवाओं से आगे आकर 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का प्रयास करने का आह्वान किया। यात्रा को हरी झंडी दिखाने से पहले एक सभा को संबोधित करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि 'तिरंगा यात्रा' युवाओं में ऊर्जा भरने और राष्ट्र निर्माण के लिए उन्हें प्रतिबद्ध करने का एक तरीका है। शाह ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दो साल पहले शुरू किया गया 'हर घर तिरंगा' अभियान न केवल देशभक्ति की अभिव्यक्ति बन गया है, बल्कि 2047 तक भारत को एक महान और विकसित राष्ट्र बनाने की हमारी प्रतिज्ञा का प्रतीक भी बन गया है। जब प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश एक विकसित राष्ट्र बनने के लिए प्रतिबद्ध है, तो नागरिकों, विशेषकर युवाओं को आगे आकर उस क्षेत्र में देश को अव्वल बनाने के उद्देश्य से काम करने की जरूरत है, जिसमें वे कार्यरत हैं। अहमदाबाद में आयोजित इस कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाने के बाद राष्ट्रीय ध्वज थामकर शाह ने कुछ दूरी तक पैदल चलकर यात्रा में हिस्सा लिया। इस दौरान गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी उनके साथ थे। देश के 78वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में 9 से 15 अगस्त तक 'हर घर तिरंगा' अभियान का तीसरा संस्करण मनाया जा रहा है

। इस पहल के पीछे का उद्देश्य नागरिकों में देशभक्ति की भावना

## गले में शॉल फंसने से बच्ची की मौत

**त्रिशूर,** (पंजाब केसरी) : एक चौंकाने वाले घटनाक्रम में केरल के त्रिशूर जिले के चेलक्कारा इलाके में 10 साल की एक बच्ची की घर में खेलते समय गले में कथित तौर पर शॉल फंसने से मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। बच्ची के परिजनों ने बताया कि वह घर में खिड़की के पास शॉल लेकर खेल रही थी, तभी यह दुर्घटनावश उसके गले में फंस गया।

पुलिस के अनुसार, परिजन बच्ची को फौरन पास के अस्पताल ले गए, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। उसने बताया कि मामले की जांच जारी है।

## चुनौतियां पार पाने के लिए धन की जरूरत



- देश की कराधान व्यवस्था उचित है

**भोपाल,**(पंजाब केसरी): केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को मौजूदा कराधान व्यवस्था को उचित ठहराते हुए कहा कि देश को चुनौतियों का सामना करने और अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों के लिए धन की जरूरत है। सीतारमण भोपाल में भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान के 11वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रही थीं। वैज्ञानिक समुदाय से अक्षय ऊर्जा के भंडारण पर अधिक शोध करने की अपील करते हुए सीतारमण ने कहा कि दुनिया ने जीवाश्म ईंधन से अक्षय ऊर्जा में बदलाव के लिए बहुत सारा धन देने का वादा किया है, लेकिन यह आना अभी बाकी है। वित्त मंत्री ने कहा, लेकिन भारत ने इंतजार नहीं किया। पेरिस (पेरिस समझौते) में किए गए वादे हमारे अपने पैसे से पूरे किए गए। कई बार वित्त मंत्री होने के नाते मुझे लोगों को यह जवाब देना पड़ता है कि हमारे कर ऐसे क्यों हैं? हम इससे भी कम क्यों नहीं कर सकते? मेरी इच्छा है कि मैं इसे लगभग शून्य पर ला सकूं। लेकिन भारत की चुनौतियां गंभीर हैं और इनसे पार पाना होगा।


उन्होंने कहा कि सरकार ने वैज्ञानिक अनुसंधान में भारी निवेश किया है। कहा, मैं चाहती हूं कि मेरे सामने स्नातक, पीएचडी धारक बहुत विद्वान लोग हों जो भारत की चुनौतियों को समझें। मैं भारत जैसे विकासशील देश के लिए ऊर्जा के उन स्थायी स्रोतों में से एक के रूप में नवीकरणीय ऊर्जा का उदाहरण लेती हूं।

## केआईएडीबी मामले में 1.5 करोड़ और दस्तावेज जब्त

**एक्शन में ईडी**

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): ईडी ने मंगलवार को कहा कि हुबली हवाई अड्डे और आईआईटी-धारवाड़ जैसी परियोजनाओं के लिए कर्नाटक औद्योगिक क्षेत्र विकास बोर्ड (केआईएडीबी) द्वारा अधिग्रहीत भूमि में कथित धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन मामले में तलाशी के बाद डिजिटल उपकरण, 1.5 करोड़ रुपये नकद और दस्तावेज जब्त किए गए। प्रवर्तन निदेशालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यह छापेमारी 9-10 अगस्त को बेंगलुरू और धारवाड़ में एक दर्जन परिसरों पर की गई, जिसमें बेंगलुरू स्थित केआईएडीबी का मुख्यालय और धारवाड़ स्थित क्षेत्रीय कार्यालय भी शामिल थे। धन शोधन का यह मामला धारवाड़ के विद्यागिरी पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की विभिन्न धाराओं के तहत "मुख्य आरोपी" वी.डी. सज्जन (केआईएडीबी-धारवाड़ के पूर्व विशेष भूमि अधिग्रहण अधिकारी) और अन्य के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी से उपजा है। बाद में पुलिस से मामला सीआईडी, धारवाड़ को स्थानांतरित कर दिया गया।

## कोंकणी समाज को मुनव्वर ने कहे अपशब्द, बाद में मांगी माफी



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): बिग बॉस 17 के विनर और स्टैंड-अप कॉमेडियन मुनव्वर फारुकी फिर एक बार विवादों में फंस चुके हैं। हाल ही में मुनव्वर फारुकी ने एक स्टैंड-अप कॉमेडी शो के दौरान ऑडियंस से मजाक करते हुए कोंकणी समुदाय के लोगों के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल किया था। शो का वीडियो सामने आने के बाद से ही कोंकणी समुदाय के लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। बाद में उन्होंने माफी मांग ली। वहीं दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी के नेता नितेश राणे ने उन्हें पाकिस्तान भगाने की धमकी दी है। दूसरी तरफ एक नेता ने मुनव्वर को पीटने पर 1 लाख रुपए के इनाम की घोषणा भी की है। पार्षद समाधान सरवणकर ने मुनव्वर फारुकी के स्टैंड-अप कॉमेडी शो का वीडियो शेयर किया है।

## ममता ने रेप केस दबाने की कोशिश की : नड्डा



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने मंगलवार को ममता बनर्जी सरकार पर कोलकाता डॉक्टर रेप और हत्या के मामले को दबाने का आरोप लगाया। उन्होंने हाईकोर्ट द्वारा सीबीआई जांच करवाने को लेकर दिए गए आदेश का स्वागत भी किया। जेपी नड्डा ने कहा, बंगाल में महिला डॉक्टर के साथ दिल दहला देने वाली घटना हुई है। इसने देश और दुनिया को झकझोर दिया है। मैं इसकी कड़ी निंदा और भर्त्सना करता हूं। मैं ऐसी अमानवीय घटना की निंदा करता हूं, दुख व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि यह घटना बहुत दुखद है और जिस तरह से ममता बनर्जी की सरकार ने इसे छिपाने, दबाने और लोगों की आंखों में धूल झोंकने की कोशिश की, उसकी जितनी भर्त्सना की जाए कम है। पश्चिम बंगाल में एक महिला मुख्यमंत्री होने के बावजूद महिलाओं पर अत्याचार दिनों-दिन बढ़ता जा रहा है। बंगाल एक ऐसा प्रदेश बन गया है, जहां कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं रह गई है। जेपी नड्डा ने ममता सरकार के रवैए की निंदा करते हुए आगे कहा कि वे हाईकोर्ट द्वारा सीबीआई जांच करवाने को लेकर दिए गए आदेश का स्वागत करते हैं। उन्हें पूरा विश्वास है कि सीबीआई जांच में दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा, सच्चाई सामने आ जाएगी।

केंद्र सरकार की तरफ से डॉक्टरों को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए नड्डा ने आगे यह भी कहा कि बहुत से संगठनों और डॉक्टरों के डेलिगेशन से पिछले दो दिनों में मुलाकात हुई है।

## बोइंग की एआईईएसएल के साथ साझेदारी

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिग्गज अमेरिकी कंपनी बोइंग ने भारतीय नौसेना के 12 पी-8आई समुद्री निगरानी विमानों के बेड़े की रखरखाव संबंधी सेवाएं प्रदान करने के लिए भारत की एआई इंजीनियरिंग सर्विसेज लिमिटेड (एआईईएसएल) के साथ साझेदारी की है। बोइंग इंडिया ने मंगलवार को बताया कि साझेदारी के तहत हाल ही में तमिलनाडु में नौसेना अड्डे आईएनएस राजाली पर पी-8आई विमान के लैंडिंग उपकरण का पहला निरीक्षण पूरा किया गया।

## कुख्यात ड्रग तस्कर बिल्ला हिरासत में

**चंडीगढ़,** (पंजाब केसरी): कुख्यात ड्रग तस्कर बलविंदर सिंह को स्वापक औषधि और मन:प्रभावी पदार्थ अधिनियम (पीआईटीएनडीपीएस) के तहत हिरासत में लिया गया है। मादक पदार्थ नियंत्रण ब्यूरो के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।पंजाब में ब्यूरो द्वारा शुरू की गई यह पहली ऐसी कार्रवाई है जिसका उद्देश्य क्षेत्र में जेल में बंद मादक पदार्थ तस्करों की कड़ी को तोड़ना था। पीआईटीएनडीपीएस कानून के तहत किसी आदतन अपराधी को बिना जमानत के, एक वर्ष की अवधि के लिए निवारक हिरासत में रखा जा सकता है।अधिकारी ने बताया कि बलविंदर सिंह उर्फ बिल्ला हवेलियां को असम की डिब्रूगढ़ जेल में रखा जाएगा।

**सीएम नायब सिंह का बड़ा ऐलान** | **अभ्यार्थियों को सौंपे गए नियुक्ति पत्र**

## हरियाणा को 3400 करोड़ की 600 परियोजनाओं का तोहफा



**चंडीगढ़,** राजेश जैन (पंजाब केसरी) : हरियाणा में सबका साथ-सबका विकास-सबका प्रयास और सबका विश्वास के मूलमंत्र पर चलते हुए सभी क्षेत्रों का समान विकास सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत राज्य सरकार ने प्रदेशवासियों को आज एक बार फिर विकास परियोजनाओं की नायाब सौगात दी है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने जिला पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पूरे प्रदेश में लगभग 3400 करोड़ रुपये की लागत की कुल 600 परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। इनमें 1190 करोड़ रुपये की 220 परियोजनाओं का उद्घाटन तथा 2210 करोड़ रुपये की लागत की 380 परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने टीजीटी-पंजाबी के 104 तथा ग्रुप-डी के 3878 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र भी सौंपे। मुख्यमंत्री ने सभी चयनित अभ्यर्थियों और उनके माता-पिता को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज इस युवा शक्ति ने मेरिट के आधार पर सरकारी नौकरी पाने में सफलता प्राप्त की है। मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि हमारी सरकार ने बिचौलियों की सभी दुकानें बंद करवा दी हैं, चाहे वो सरकारी नौकरियां दिलवाने में हों, लोगों के सरकारी कामकाज करवाने में हों। इस प्रकार का भ्रष्टाचार करने का काम 2014 से पहले होता था। पिछले 10 वर्षों के अंदर वर्तमान राज्य सरकार ने ऐसे बिचौलियों की दुकानदारी पर ताला लगाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकार में किस प्रकार से भाई भतीजावाद, जात पात और क्षेत्रवाद जैसी अनियमितताओं की भरमार थी। लिखित परीक्षा एक दिखावा होती थी। इंटरव्यू के नाम के पर केवल अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने का काम उनके द्वारा किया जाता था। उन्होंने कहा कि आज उन लोगों को इस बात की तकलीफ हो रही है कि बिना पर्ची- बिना खर्ची के गरीब परिवार में नौकरी क्यों मिल रही है।

## हरियाणा में अक्तूबर के पहले सप्ताह में बज सकता है चुनावों का बिगुल




**चंडीगढ़,** राजेश जैन (पंजाब केसरी) : हरियाणा विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान जल्द किया सकता है। हरियाणा विधासभा का कार्यकाल 3 नवंबर को समाप्त हो रहा है। चुनाव आयोग को तीन नवंबर से पहले नई सरकार का गठन करना है। ऐसे में चुनाव की घोषणा किसी भी समय हो सकती है। वहीं कयास लगाए जा रहे हैं कि अक्तूबर के पहले या दूसरे सप्ताह चुनाव हो सकते हैं। इस बार विधानसभा चुनाव में कुल 2.01 करोड़ मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। इनमें 1.06 करोड़ पुरुष और 95 लाख महिला वोटर हैं। प्रदेश में आगामी विधानसभा आम चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और डॉ. एसएस संधू के नेतृत्व में भारत निर्वाचन आयोग का प्रतिनिधिमंडल दो दिवसीय हरियाणा दौरे पर आया था। मंगलवार को चंडीगढ़ में हरियाणा के मुख्य चुनाव अधिकारी पंकज अग्रवाल सहित अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की। चुनाव आयोग ने बैठक में हरियाणा में जिला चुनाव अधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को पूरी निष्पक्षता, स्वतंत्र और निष्पक्ष विधानसभा चुनाव सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। अधिकारियों को कहा गया है कि प्रलोभन मुक्त मतदान प्रक्रिया पर ध्यान केंद्रित करते हुए आयोग ने प्रवर्तन एजेंसियों को अवैध शराब, रुपयों का लेन-देन और ड्रग्स को रोकने के दिशा निर्देश भी दिए हैं। चुनाव आयोग की टीम में चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू भी शामिल हैं। वे सोमवार को चंडीगढ़ पहुंचे थे।

# डॉक्टरों की दिनभर रही हड़ताल, देर रात नड्डा से मुलाकात के बाद काम पर लौटे

**हड़ताली डॉक्टरों को एम्स प्रशासन ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश की दिलाई याद**

**सर्जरी में 90% और भर्ती होने वालों की संख्या में 65% की कमी आई**



आरएमएल अस्पताल के बाहर हड़ताल पर डॉक्टर। फोटो: नीरज

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): कोलकाता के अस्पताल में एक डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या के बाद राजधानी दिल्ली समेत देश भर के अस्पतालों में रेजिडेंट डॉक्टरों की हड़ताल जारी है। रेजिडेंट डॉक्टरों ने काम बंद कर दिया है और लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। इस बीच दिल्ली एम्स के विरोध प्रदर्शन को लेकर एम्स प्रशासन ने चेतावनी जारी कर दी है। एम्स की ओर से जारी कार्यालय ज्ञापन में परिसर में किसी भी तरह की हड़ताल, धरना-प्रदर्शन को लेकर हाईकोर्ट के आदेश की अवेहलना की यादि दिलाते हुए आगाह किया गया है। इस कार्यालय ज्ञापन में कहा गया है कि एम्स परिसर या इसके 500 मीटर दायरे में किसी प्रकार का धरना प्रदर्शन नहीं होगा। इसके साथ ही रेजिडेंट डॉक्टर किसी भी तरह के कार्यालय के कामकाज को प्रभावित नहीं करेंगे। इसमें कहा गया है कि ऐसा न करने पर डॉक्टरों के खिलाफ अनुशासनहीनता की कार्रवाई की जाएगी। बता दें, रेजिडेंट डॉक्टरों के हड़ताल पर चले जाने से दिल्ली स्थित एम्स में कामकाज बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। सोमवार को सर्जरी में 90 प्रतिशत और भर्ती होने वालों की संख्या में 65 प्रतिशत की कमी आई। दिल्ली स्थित एम्स के अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को कुल 330 मरीज भर्ती किए गए जबकि सोमवार को 625 मरीज भर्ती किये गये थे। भर्ती किए गए मरीजों में से 250 मुख्य अस्पताल में थे।

उन्होंने बताया कि हड़ताल से प्रभावित अन्य सेवाओं में बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) में पंजीकरण में 66 प्रतिशत की कमी, प्रयोगशाला सेवाओं में 25 प्रतिशत तथा रेडियोलॉजिकल जांच में 40 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। मंगलवार को की गई कुल सर्जरी में से चार बड़ी और छह छोटी थीं। इस दौरान केवल इमरजेंसी सेवाएं ही चालू रही। एम्स द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि सभी वैकल्पिक भर्ती तत्काल प्रभाव से रोक दिए जाएंगे।

## नड्डा से मुलाकात के बाद एफओआरडीए ने हड़ताल वापस ली

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से मुलाकात के बाद फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन ने अपनी देशव्यापी हड़ताल वापस ले ली है। नड्डा से मुलाकात के बाद फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अविरल माथुर ने कहा कि हमने केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा से उनके आवास पर मुलाकात की और अपनी संशोधित मांगें उनके सामने रखीं। उन्होंने हमें आश्वासन दिया है कि वे डॉक्टरों के लिए सुरक्षित कामकाजी माहौल उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने हमें आश्वासन दिया है कि हमारी मांगों को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। एक समिति बनाई जाएगी और हम उसका हिस्सा होंगे। हमारी सभी मांगें मान ली गई हैं, इसलिए एफओआरडीए हड़ताल वापस ले रहा है...

## सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने के लिए सभी मेडिकल कॉलेज और संस्थानों के लिए एडवाइजरी

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): कोलकाता के एक मेडिकल कॉलेज में एक फीमेल सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर की कथित तौर पर दुष्कर्म के बाद निर्मम हत्या की घटना को लेकर पूरे देशभर में डॉक्टरों की सुरक्षा को लेकर विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) ने मंगलवार को एक एडवाइजरी जारी की है। इसमें सभी मेडिकल कॉलेजों से अनुरोध किया गया है कि वे फैकल्टी, मेडिकल छात्रों और रेजिडेंट डॉक्टरों सहित सभी स्टाफ सदस्यों के लिए कॉलेज और अस्पताल परिसर के भीतर सुरक्षित कार्य वातावरण के लिए एक नीति विकसित करें। नीति को ओपीडी, वार्ड, कैजुअल्टी, हॉस्टल और परिसर और आवासीय क्वार्टरों में अन्य खुले क्षेत्रों में पर्याप्त सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने चाहिए। कर्मचारियों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक सुरक्षित रूप से जाने के लिए शाम के समय गलियारों और परिसरों को अच्छी तरह से रोशन किया जाना चाहिए और निगरानी के लिए सभी संवेदनशील क्षेत्रों को सीसीटीवी द्वारा कवर किया जाना चाहिए। मेडिकल कॉलेज और अस्पताल परिसर में ओपीडी, वार्ड, कैजुअल्टी, लेबर रूम, हॉस्टल और आवासीय क्वार्टर और अन्य खुले क्षेत्रों में पर्याप्त सुरक्षा कर्मचारियों (पुरुष और महिला) की तैनाती सहित पर्याप्त सुरक्षा उपाय उपलब्ध कराए जाने चाहिए। मेडिकल छात्रों के खिलाफ हिंसा की किसी भी घटना की कॉलेज प्रबंधन द्वारा तुरंत जांच की जानी चाहिए और पुलिस में एफआईआर दर्ज की जानी चाहिए। हिंसा की किसी भी घटना पर विस्तृत कार्रवाई रिपोर्ट अनिवार्य रूप से घटना के 48 घंटे के भीतर राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) को भेजी जानी चाहिए। वहीं, इस बीच, एक हजार से अधिक रेजिडेंट डॉक्टरों ने बैनर और पोस्टर लेकर अस्पताल परिसर में मार्च किया।

## 10+2 पास स्टूडेंट्स के लिए जेआर मीडिया इंस्टीट्यूट में एडमिशन का शानदार अवसर

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : यदि आपने 10+2 अथवा ग्रेजुएशन कर रखी हैं और भविष्य में आप कुछ अच्छे कोर्स तलाश कर रहे हैं तो जेआर मीडिया इंस्टीट्यूट है। अगर आप टीवी के या किसी मीडिया में रिपोर्टर बनना चाहते हैं या फिर किसी चैनल के लिए **एंकरिंग** और **रिपोर्टिंग** करना चाहते हैं तो जेआर मीडिया इंस्टीट्यूट इसका जवाब है। इसके अलावा भी अगर आप **फोटो जर्नलिज्म, ग्राफिक डिजाइनिंग, वीडियो एडिटिंग या पेज मेकिंग** में डिप्लोमा अथवा सर्टिफिकेट कोर्स करना चाहते हैं तो जवाब है जेआर मीडिया इंस्टीट्यूट। अब अगर आप अपने करियर को संवारने के लिए **बीबीए, बीसीए, बीजेएमसी** या फिर **पोस्ट ग्रेजुएशन में मास कॉम** की डिग्री चाहते हैं तो जेआर मीडिया इंस्टीट्यूट आपकी नजरों में है। एडमिशन का काम फाइनल हो रहा है। अब स्टूडेंट्स जिस स्ट्रीम में एडमिशन चाहते हैं वो नीचे दिए गए नम्बरों पर फोन कर के पूरी जानकारी ले सकते हैं। जेआर मीडिया इंस्टीट्यूट की टीम उनका स्वागत करने को तैयार है।


जेआर मीडिया इंस्टीट्यूट क्या है, यह हर कोई जानता है कि पंजाब केसरी की फ्लैगशिप में जेआर मीडिया इंस्टीट्यूट एक ऐसा एजुकेशन संस्थान है जहां आप अपनी एडमिशन पत्रकारिता के क्षेत्र में कुछ बनने के लिए रिजर्व कर सकते हैं। हम जो कह रहे हैं उसका पता लगाने के लिए, पूरी जानकारी लेने के लिए संपर्क करें। देश जानता है कि जेआर मीडिया इंस्टीट्यूट राजधानी दिल्ली में **पंजाब केसरी रिंग रोड स्थित वजीरपुर में NSP मेट्रो स्टेशन** के नजदीक है और अगर पर्सनली विजिट करना हो तो स्टूडेंट्स खुद आकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। लेकिन समय रहेगा, सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक। आपको खुद आना है या फोन पर सम्पर्क करना है- दोनों ऑप्शन आपके पास हैं।

**9958887722/9818373138**

**J.R. MEDIA INSTITUTE**
(Under the Aegis of Jagar Romesh Chander Educational Society)
University Approved Courses

**Punjab Kesari, Delhi**
Romesh Bhawan 2, Printing Press Complex,
Romesh Near Wazirpur D.T.C Depot, Ring Road, Delhi 110035

## 12 राशियां और आपका दिन



Forecast for 14 Augest, 2024
By: Dr. Prem Kumar Sharma
(Astrologer, Palmist, Numerologist & Vastu Consultant)
Email: psharma@premastrologer.com,
Url: http://www.premastrologer.com
Contact: Panchkula: +91-172-2562832, 2572874
Delhi: +91-11-47033152/40532026




**मेष** ARIES (21 मार्च- 20 अप्रैल) बीमार लोगों को तेजी से राहत मिलेगी। उधार दिया गया पैसा वापस मिल जाएगा। उद्यमियों की ग्रोथ अच्छी रहने वाली है। परिवार के लोगों के प्रति लगाव बढ़ेगा।
**लकी नंबर : 4, लकी कलर : ग्रे**

**वृषभ** TAURUS (21 अप्रैल - 20 मई) एनर्जेटिक रहने के लिए फूड हैबिट सुधारें। कहीं से अप्रत्याशित लाभ की संभावना है। कार्यक्षेत्र में आप पर भरोसा दिखाया जाएगा। बड़े प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी मिल सकती है।
**लकी नंबर : 18, लकी कलर : सिल्वर**

**मिथुन** GEMINI (21 मई - 21 जून) दिनचर्या में व्यायाम शामिल कर सकते हैं। इनकम सोर्स बढ़ेगा, आर्थिक स्थिरता आएगी। नया जॉब ऑफर मिलने की संभावना है। खास जगह की यात्रा का सपना पूरा होगा।
**लकी नंबर : 2, लकी कलर :क्रीम**

**कर्क** CANCER (22 जून - 22 जुलाई) खान पान बदल सकते हैं, हेल्थ कान्शस रहेंगे। कोई महंगी खरीदारी करने में सक्षम होंगे। अकेडमिक क्षेत्र में कुछ बड़ा करने वाले हैं।
**लकी नंबर : 1, लकी कलर : पीच**

**सिंह** LEO (23 जुलाई -23 अगस्त) हेल्दी हैबिट्स का गंभीरता से पालन करेंगे। किसी को दिया उधार वापस मिल जाएगा। आपका कोई लक्ष्य पूरा होने की उम्मीद है। दोस्तों के साथ आउटिंग का प्लान बनेगा।
**लकी नंबर : 9, लकी कलर : ब्राउन**

**कन्या** VIRGO (24 अगस्त-23 सितंबर) किसी पुरानी बीमारी से छुटकारा मिलेगा। गाड़ी या मकान बुक किए जाने के संकेत हैं। अपने यंग बच्चे को सही गाइडेंस दे पायेंगे। फैमिली गेट टुगेदर की संभावना बन रही है। प्रॉपर्टी में निवेश करेंगे, अच्छा रिटर्न मिलेगा।
**लकी नंबर :5, लकी कलर : गोल्डन**

**तुला** LIBRA (24 सितंबर - 23 अक्टूबर) जीवनशैली में बदलाव लाने का प्रयास करेंगे। लोन के इच्छुक लोगों को सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में आपकी विश्वसनीयता बढ़ेगी।
**लकी नंबर : 22, लकी कलर : डार्क ब्लू**

**वृश्चिक** SCORPIO (24 अक्टूबर - 22 नवंबर) अस्वस्थता से उबरने का रास्ता मिल जाएगा। अप्रत्याशित कारणों से खर्च बढ़ सकता है। नौजवान बच्चों को धैर्य से संभालना होगा।
**लकी नंबर : 6, लकी कलर : रेड**

**धनु** SAGITTARIUS (23 नवंबर - 21 दिसंबर) रुटिन लाइफ से ब्रेक लें, रिफ्रेश फील करेंगे। अन अपेक्षित स्रोत से आमदनी होने वाली है। परिवार में आपका महत्व बढ़ने वाला है। रेंट पर रहने वाले अपना घर ले सकते हैं।
**लकी नंबर :7, लकी कलर : पर्पल**

**मकर** CAPRICORN (22 दिसंबर -21 जनवरी) डाइट प्लान का पालन करना जरुरी होगा। आर्थिक मामले में कोई गाइड कर सकता है। व्यवसायिक क्षेत्र में बड़ी डील कर सकते हैं। वेकेशन पर जाने का संयोग बन सकता है।
**लकी नंबर : 1, लकी कलर : मैजेंटा**

**कुंभ** AQUARIUS (22 जनवरी - 19 फरवरी) पहले से ज्यादा फिट और ऊर्जावान रहेंगे। आमदनी बढ़ाने के नए रास्ते खुलने वाले हैं। किसी फैमिली मेंबर का सक्सेस सेलिब्रेट करेंगे। प्रॉपर्टी से अच्छा रिटर्न मिलने की उम्मीद है। सामाजिक सरोकार बढ़ने की संभावना है।।
**लकी नंबर :5, लकी कलर : ऑरेंज**

**मीन** PISCES (20 फरवरी - 20 मार्च) दिनचर्या के अनुकूल व्यायाम अपना पायेंगे। फाइनेंशियल स्तर पर स्थिरता ला सकते हैं। करियर के क्षेत्र में बदलाव होने के संकेत हैं। फैमिली के साथ वक्त बिताना संतोष देगा। विरासत के तौर पर संपत्ति मिलने वाली है।
**लकी नंबर :3, लकी कलर : येलो**

## वसंत विहार में रखी गई देश के सबसे बड़े मल्टीलेवल इलेक्ट्रिक बस डिपो की नींव

**उपराज्यपाल और परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने संयुक्त रूप से किया शिलान्यास**



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) :दिल्ली सरकार वसंत विहार में देश का सबसे बड़ा मल्टीलेवल इलेक्ट्रिक बस डिपो बनाने जा रही है। मंगलवार को दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत और उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने संयुक्त रूप से ई-बस डिपो का शिलान्यास किया है। डिपो में 434 बसें, 230 कार और 200 बाइक्स एक साथ पार्क की जा सकेंगी। 5 एकड़ में फैले और 7.6 लाख वर्ग फुट के निर्मित क्षेत्र के साथ 35 मीटर ऊंचे इस ई बस डिपो में बेसमेंट के अलावा छह पार्किंग लेवल होगा। यहां सौर पैनल और ईवी चार्जिंग स्टेशन भी स्थापित किया जाएगा। इस अवसर पर परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि वसंत विहार मल्टीलेवल इलेक्ट्रिक बस डिपो सिर्फ एक ट्रांसपोर्टेशन हब नहीं होगा, बल्कि यह दिल्ली सरकार की अर्बन मोबिलिटी क्षेत्र में भविष्योन्मुखी दृष्टि का प्रतीक होगा। उन्नत ग्रीन टेक्नोलॉजी, ऊर्जा-कुशल प्रणालियों और सौर पैनलों से लैस, यह डिपो न केवल आज की जरूरतों को पूरा करेगा बल्कि भविष्य में भी इस प्रकार के अर्बन इंफ्रा प्रोजैक्ट्स के लिए एक मॉडल के रूप में कार्य करेगा। इस बहुस्तरीय इलेक्ट्रिक बस पार्किंग डिपो के निर्माण से इस डिपो की क्षमता 3.5 गुना बढ़ जाएगी। वर्तमान में यहां 125 बसें पार्क की जाती हैं। लेकिन इस अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक बस डिपो के बन जाने के बाद यहां 434 इलेक्ट्रिक बसें पार्क की जा सकेंगी। इसके अलावा यहां 230 कार और 200 बाइक भी पार्क किए जा सकेंगे। यह डिपो 5 एकड़ में फैला होगा। 35 मीटर ऊंचे इस मल्टीलेवल इलेक्ट्रिक बस डिपो का बिल्टअप एरिया 7.6 लाख वर्ग फीट है। वहीं, इसका ग्राउंड कवरेज 1.27 लाख वर्ग फीट है। इस डिपो में एक बेसमेंट और ग्राउंड सहित छह पार्किंग लेवल होंगे। 409.94 करोड़ की कुल लागत से बनने वाले इस डिपो के अगस्त 2026 तक शुरू हो जाने की उम्मीद है। वहीं एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक के.पी. महादेवास्वामी ने बताया कि एनबीसीसी द्वारा 409.94 करोड़ की लागत से निर्मित किया जा रहा नया डिपो लगभग 7.50 लाख वर्गफुट क्षेत्रफल में विस्तारित होगा और यह इलेक्ट्रिक बसों के लिए भारत का पहला बहुस्तरीय बस डिपो होगा। इस सुविधा में सौर पैनलों और पॉलीकार्बोनेट छत से ढके टैरेस स्तर पर अतिरिक्त बस पार्किंग के साथ कार पार्किंग और सेवाओं के लिए एक बेसमेंट स्तर व बस पार्किंग के लिए जी+4 स्तर शामिल होंगे।

### बसों के रखरखाव के लिए डिपो के ग्राउंड लेवल पर 16 बेड पिट होंगे



बसों के रखरखाव के लिए डिपो के ग्राउंड लेवल पर 16 बेड पिट होंगे, जो सुव्यवस्थित सर्विसिंग संचालन सुनिश्चित करेंगे। इसके अलावा बेसमेंट में बाईक और कार पार्किंग की व्यवस्था होगी। स्थान के अधिकतम उपयोग और यातायात प्रवाह को अनुकूलित करने के लिए बसों को 45 डिग्री के कोण पर पार्क किया जाएगा। 1:20 की हल्की ढलान वाला 6 मीटर चौड़ा रैंप दोतरफा यातायात को सुचारू बनाएगा। इस डिपो में सिवेज़ ट्रीटमेंट प्लांट भी होगा और हवा को स्वच्छ बनाए रखने के लिए सभी तलों पर पौधे भी होंगे।

## स्वतंत्रता दिवस पर आतंकी थ्रेट, हाई अलर्ट पर राजधानी



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): देश की खुफिया एजेंसियों द्वारा स्वतंत्रता दिवस के दौरान आतंकी थ्रेट के इनपुट के बाद राजधानी दिल्ली को हाई अलर्ट पर रखा गया है। दिल्ली के बॉर्डरों से लेकर लाल किला के प्राचीर तक सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। लाल किला के चारों ओर भी दिन रात चौकसी बढ़ा दी गई है। अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरों का जाल बिछाकर कंट्रोल रूम से चौबीसों घंटे निगरानी की जा रही है। यमुना खादर इलाके में भी खास तौर से पुलिस पेट्रोलिंग की जा रही है। यमुना नदी के अंदर भी पुलिस कर्मी मोटर बोट लेकर गश्त कर रहे हैं। शांति वन में स्थित झील की भी मेटल डिटेक्टर से सघन जांच की गई है। लाल किला पर पीएम नरेंद्र मोदी के भाषण के दौरान मैदान में काइट कैचर भी तैनात रहेंगे। पुलिस सूत्रों की मानें तो लाल किला के सामने पतंगबाजी करने पर मनाही है। अगर फिर भी कोई पतंग कटकर लाल किला की ओर आती है तो काइट कैचर्स उसे पकड़ लेंगे। पुलिस सूत्रों के मुताबिक लाल किला पर सुरक्षा की कमान दिल्ली पुलिस, एनएसजी समेत कई सुरक्षा एजेंसियों के हाथो में रहेगी। सुरक्षा को और पुख्ता करने के लिए सभी सुरक्षा एजेंसियां लाल किला पर संयुक्त अभ्यास कर रही हैं। डीसीपी नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट मनोज कुमार मीना ने लाल किला चौकी में ही अपना अस्थाई ऑफिस बनाया हुआ है। वह लाल किला पर सुरक्षा बंदोबस्त की पूरी कमान संभाले हुए हैं।

### आतंकी संगठनों पर सेल की नजर...

पुलिस सूत्रों की मानें तो आईएसआई, लश्कर ए तैयबा, और जैश ए मोहम्मद जैसे आतंकी संगठन देश में आतंकी हमले की फिराक में हैं। देश में कठुआ, डोडा, उधमपुर, पुंछ और राजौरी में हुए हमलो को देखते हुए देश की खुफिया एजेंसियों ने सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट रहने के लिए कहा है। सूत्रों के मुताबिक खुफिया इनपुट मिले हैं कि आतंकी स्वतंत्रता दिवस के मौके पर वारदात को अंजाम दे सकते हैं। वे वीआईपी लोगों को निशाना बना सकते हैं। उधर, दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल संदिग्ध लोगों की हर गतिविधी पर पैनी नजर रखे हुए है। अधिकारियों का कहना है कि दिल्ली पुलिस किसी भी तरह की स्थिति से निपटने में पूरी तरह से सक्षम है।




## यमुना का जलस्तर बढ़ा, सौरभ भारद्वाज ने लिया स्थिति का जायजा



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : यमुना में बढ़ते जल स्तर के चलते दिल्ली के सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के मंत्री सौरभ भारद्वाज मंगलवार को सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग तथा राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ यमुना की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय डीएम और एसडीएम भी मौके पर मौजूद रहे। मौके पर मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बताया कि अभी यमुना मे जल स्तर 204.35 पर है, जो की वार्निंग लेवल के लगभग आसपास है। उन्होंने बताया कि अभी किसी प्रकार के खतरे की कोई आशंका नहीं है। मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बताया कि हथिनी कुंड बैराज की ओर से लगभग 13000 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। इस वजह से दिल्ली में यमुना में जल स्तर बढ़ने की आशंका है। इसी संदर्भ में मंत्री सौरभ भारद्वाज यमुना में जल स्तर का और वर्तमान स्थिति का जायजा लेने पहुंचे। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान उनके साथ सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के आला अधिकारी भी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग द्वारा सभी पर्याप्त इंतजाम कर लिए गए हैं। पानी की बोट, मुनादी का सामान तथा अन्य बाकी सभी जरूरी इंतजाम दुरुस्त कर लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि फिलहाल अभी किसी प्रकार के खतरे की कोई बात नहीं है, अभी सभी परिस्थितियां नियंत्रण में है। मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बताया कि यमुना के किनारे रहने वाले लोगों को यमुना से दूर रहने एवं एहतियात बरतने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि अक्सर ऐसा देखा जाता है, कि जलस्तर बढ़ने पर यमुना के आसपास रहने वाले लोगों के बच्चे पानी में नहाने और मौज-मस्ती करने आ जाते हैं, जिसके कारण अक्सर हादसे हो जाते हैं।


हरियाणा सरकार
म्हारा हरियाणा
नॉन-स्टॉप हरियाणा
उद्योगों को मिल रही नई पहचान
फूड प्रोसेसिंग इकाइयों को 25% की पूंजी निवेश सब्सिडी
बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज योजना के तहत 50% निवेश सब्सिडी
एकीकृत कोल्ड चेन एवं वैल्यू एडिशन इंफ्रास्ट्रक्चर पर 45% तक सब्सिडी
निर्माण स्थल से बंदरगाह तक माल ढुलाई पर 25 लाख रुपये तक वित्तीय सहायता
अब तक प्रदेश में 1,60,017 करोड़ रुपये का निवेश हुआ
अब तक 6,71,524 नए सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग लगे
आई.एम.टी., खरखौदा (सोनीपत) में
मारुति सुजुकी द्वारा 800 एकड़ तथा सुजुकी द्वारा 100 एकड़ भूमि पर उद्योग
नारनौल में 700 मिलियन अमेरिकी डॉलर की लागत से 886 एकड़ में
एकीकृत मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स हब
नये उद्योगों की स्थापना के प्रयास निरंतर
सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana
SAMVAD RO.NO 1089/13/1750/2025/28754/142/7 Dt.13/08/2024

# न टूटे, न झुके और मजबूत होकर उभरे: सिसोदिया

## भाजपा ने जब-जब भी हमें खत्म करने की कोशिश की, तब-तब पार्टी एकजुट नजर आई... | लोगों के काम के लिए संकल्पबद्ध होकर आगे बढ़ रहे नेता व कार्यकर्ता...



फोटो: मिहिर सिंह

इंटरव्यू (पंजाब केसरी)

दिल्ली में शिक्षा क्रांति के जनक व केजरीवाल सरकार में उपमुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया लंबे समय बाद जेल से बाहर आए हैं। बाहर आते ही उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश भरने व पार्टी को मजबूत करने का काम शुरु कर दिया। अपनी रिहाई के पहले दिन से ही मनीष सिसोदिया में एक अलग ही स्तर का आत्मविश्वास नजर आ रहा है। इसी आत्मविश्वास के जरिए उन्होंने दिल्ली में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों का बिगुल बजा दिया है। सीएम अरविंद केजरीवाल की गैर मौजूदगी में न केवल वे दिल्ली बल्कि हरियाणा के विधानसभा चुनावों को लेकर भी पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर रणनीति बना रहे हैं। चुनावी तैयारियों के साथ-साथ सिसोदिया दिल्लीवालों के दुख-दर्द को समझने व उनके रुके हुए कामों को भी पूरा करवाने के लिए विधायकों व मंत्रियों के साथ पूरे दमखम के साथ लगे हुए हैं। जेल में रहने के दौरान मनीष सिसोदिया के अनुभवों व इस दौरान पार्टी के सामने आयी चुनौतियों को लेकर 'पंजाब केसरी' ने उनसे बात की। इस दौरान सिसोदिया से सीएम केजरीवाल की अनुपस्थिति में उनकी भूमिका व जिम्मेदारियों सहित सरकार व संगठन की नीति व कार्यक्रमों पर भी विस्तार से बात हुई। मनीष सिसोदिया ने पंजाब केसरी के सीनियर रिपोर्टर कौशल शर्मा व अमित कुमार के साथ एक साक्षात्कार के दौरान उक्त सभी मुद्दों पर खुलकर अपनी बात रखी। इस बातचीत के प्रमुख अंश इस प्रकार हैं।



*भाजपा का कहना है कि 2025 के विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी का नामो निशान खत्म कर देंगे।*

भाजपा 2014 से ही हमें खत्म करने की कोशिश कर रही है। भाजपा वाले 2014 वाली कोशिशें हर साल करते हैं लेकिन दिल्ली की जनता भाजपा की इन कोशिशों को नकार देती है। असलियत यह है कि भाजपा ने जब भी हमें खत्म करने की कोशिश की है, हम उतना ही मजबूत होकर उभरे हैं। भाजपा ने दिल्लीवालों के काम रोकने अलावा क्या किया है। उसके सात सांसद रहे लेकिन उन्होंने कोई काम नहीं कहा। इस बार भाजपा की जमानत जब्त हो जाएगी।

*महिलाओं को एक हजार रूपये देने व पानी बिल माफी योजना आपकी दो बड़ी घोषणाएं हैं। दिल्ली के लोगों में इन दोनों योजनाओं को लेकर बड़ी चर्चा है। अब आप आ गये हैं तो इन योजनाओं पर कैसे काम आगे बढ़ेगा।*

**सरकार** में कोई चीज ऐसी नहीं है जो न हो सके। हम अपने हर वायदे व घोषणा को हर हाल में पूरा करेंगे। पानी के बिल को माफ करने की योजना हो या महिलाओं को एक हजार रूपये देने वाली योजना हो। विशेषकर पानी बिल माफी योजना को लेकर लोगों में बड़ा उत्साह है। 10-12 सालों से इन्होंने पानी के बिल दिये ही नहीं और अब लोगों को लाखों के बिल भेज दिये। यह एक प्रकार की तानाशाही है। अब मैं आ गया हूं, कुछ दिनों में अरविंद केजरीवाल भी बाहर आ जाएंगे और हम मिलकर इन योजनाओं पर काम करेंगे।

*विधानसभा चुनावों को लेकर आप किस प्रकार तैयारियां कर रहे हैं, कार्यकर्ताओं का किस प्रकार हौसला बढ़ा रहे हैं, चुनाव जीतने के लिए उन्हें क्या मंत्र दे रहे हैं।*

पिछले दो साल में आप सरकार ने जिस प्रकार का काम किया है। सरकार व पार्टी पूरी मजबूती से आगे बढ़े हैं। टॉप लीडरशिप जेल में चली गई तो सेकेंड लीडरशिप ने लड़-लड़कर लोगों के काम करवाए। पिछले दिनों में 20 नये स्कूल खुले, नई बिल्डिंग बन गई, 18 नये स्कूल ऑफ एक्सीलेंस खड़े हो गये। स्पोर्ट्स स्कूल में भी पढ़ाई चली रही है। मैं आर्म्ड प्रिपरेटरी स्कूल की नींव रखकर गया था, मुझे लगता था कि अब इसका क्या होगा। उसमें 64 बच्चों में से 32 ने एनडीए क्वालीफाई किया। इनमें से आठ एनडीए क्रॉस करके अब अधिकारी बनेंगे। ऐसे बहुत सारे काम है जो आप सरकार ने किये हैं। ये सारे काम जनता के बीच हुए हैं, लोग इन कामों का लाभ उठा रहे हैं। हम काम की राजनीति कर रहे हैं। कार्यकर्ता इन्हीं कामों को लेकर लोगों के बीच जाएंगे और लोग इन कामों को समझेंगे। विधायकों के साथ हुई मीटिंग के दौरान भी मैंने यही बात दोहरायी।



*17 महीने के लंबे समय बाद आप जेल से बाहर आए हैं। इस बात से न केवल पार्टी के कार्यकर्ताओं बल्कि दिल्ली की आम जनता में उत्साह की लहर है। लोग एक नई ऊर्जा महसूस कर रहे हैं।*

बाहर आकर मैंने देखा कि 17 महीने पहले जैसा मैं पार्टी को छोड़कर गया था, पार्टी उससे ज्यादा मजबूत व एकजुट नजर आ रही है। कार्यकर्ता पहले से ज्यादा उत्साह में दिखाई दे रहे हैं। लोगों के काम के लिए कार्यकर्ता व नेता संकल्पबद्ध होकर आगे बढ़ रहे हैं। यह देखकर मुझे भी उर्जा मिली है। ये संदेश जनता के बीच भी गया है। यह अपने आप में बहुत बड़ी उपलब्धि है। जनता कह रही है कि 'आप' की पूरी लीडरशिप को जेल में डाल दिया लेकिन लोगों के काम नहीं रुके। स्कूल-अस्पतालों के काम होते रहे, बिजली-पानी के काम होते रहे। इन्होंने नेताओं को जेल में डालकर, कहीं फंड रोककर तो कहीं अफसरों को धमकाकर व उनके ट्रांसफर-पोस्टिंग करके तानाशाही चलायी है। फिर भी लोगों के काम हुए और और जनता यह सब देख रही है।

*सीएम केजरीवाल, सतेन्द्र जैन व आपके जेल में बंद रहने के दौरान लोगों के सीवर, पानी व सड़क जैसे कई जरुरी काम रुके हुए थे, आप आम आदमी पार्टी का बड़ा चेहरा हैं, आपके बाहर आ जाने आने से लोग आपकी और देख रहे हैं।*

सीवर व पानी को लेकर निश्चित रूप से जमीनी स्तर पर समस्याएं हैं। इस बारे में मैंने मंत्रियों से बात की है लेकिन कुछ फंड रोके गये हैं, उसके बावाजूद काम हो रहे हैं। हम फंड उपलब्ध करवाने के प्रयास कर रहे हैं। इस काम में मैं व्यक्तिगतरूप से सभी विधायकों के संपर्क में हूं। उनसे जमीनी समस्याओं की जानकारी ले रहा हूं और मिलकर समाधान करवाने का प्रयास करवा रहा हूं। इससे काम तेज से होंगे। मैं दिल्लीवालों को विश्वास दिलाता हूं कि उनका कोई भी काम नहीं रुकेगा, सभी काम पूरे होंगे।

*सीएम व आपकी गैर मौजूदगी में पार्टी के कई विधायक व पार्षद भाजपा में शामिल हो गये। आम आदमी पार्टी काफी पहले से भाजपा पर अपने विधायकों व पार्षदों को तोड़ने का आरोप लगा रही है।*

भाजपा की यह पुरानी फितरत है। भाजपा का इतिहास देखें तो पता चलता है कि जब से भाजपा सत्ता में आयी तब से उसने सीबीआई व ईडी का दुरुपयोग करते हुए लोकतंत्र की हत्या की है। वे किसी पार्टी के चार-पांच विधायकों को धमकाते हैं तो पूरी पार्टी टूट जाती है और सरकारें गिर जाती हैं। मुझे इस बात पर गर्व है कि हमारे लोग न टूटे न झुके, किसी एक-आधे की कोई मजबूरी रही होगी लेकिन अब यह संकट खत्म होता जा रहा है। अभी मैं बाहर आया हूं, अरविंद भी जल्द बाहर आ जाएंगे।

*राजेन्द्र नगर कोचिंग हादसे को लेकर भाजपा ने आप सरकार को घेरा है। भाजपा का कहना है कि दिल्ली नगर निगम की लापरवाही के कारण यह दुखद हादसा हुआ जबकि दिल्ली नगर निगम आम आदमी पार्टी की जिम्मेदारी है। भलस्वा में भी मंगलवार को निगम का दस्ता मकान तोड़ने पहुंच गया था हालांकि लॉ एंड ऑर्डर के चलते वे लोग वापस आ गये।*

भाजपा आज दिल्ली सरकार को नगर निगम का कमिश्नर नियुक्त करने की पावर दे दे तो नगर निगम में दिल्ली की जनता के खिलाफ एक भी पत्ता नहीं हिल सकता। अभी भाजपा नगर निगम में कमिश्नर नियुक्त करती है, फिर कमिश्नर से कहकर झुग्गियों को तुड़वाती है। भाजपा चुन-चुनकर ऐसे अधिकारियों को नियुक्त करती है जो लोगों के काम रोकते हैं लेकिन आम आदमी पार्टी इन कामों को करवा रही है। यदि हमें दिल्ली सरकार में अधिकारी व निगम में कमिश्नर नियुक्त करने की पावर मिल जाए तो हमें काम करवाने के लिए लड़ना नहीं पड़ेगा।

*स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण को लेकर सीएम ने मंत्री आतिशी को नोमिनेट किया था ,अब गृहमंत्री कैलाश गहलोत ध्वजारोहण करेंगे।*

हम दिल्ली के गृह मंत्री कैलाश गहलोत द्वारा 15 अगस्त को राष्ट्रीय ध्वज फहराने के फैसले का स्वागत करते हैं। एक नियुक्त प्रतिनिधि के बजाय जनता द्वारा निर्वाचित एक प्रतिनिधि को ध्वजारोहण के लिए चुने जाने का यह निर्णय लोकतंत्र के सिद्धांत का सम्मान करता है, जो हमारे शासन में लोगों के जनादेश के महत्व को मजबूत करता है।

# 17 महीने बाद स्कूलों में बच्चों के बीच फिर पहुंचे सिसोदिया

**चंदन-टीका कर हुआ मनीष सिसोदिया का स्वागत** | **बच्चे भगवान का रूप होते हैं, इसलिए अपने भगवान से मिलने मैं शिक्षा के मंदिर स्कूल में आया**

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया 17 महीने बाद एक बार फिर स्कूल में बच्चों के बीच पहुंचे। मंगलवार को पटपड़गंज से विधायक मनीष सिसोदिया व शिक्षा मंत्री आतिशी ने सर्वोदय कन्या विद्यालय, वेस्ट विनोद नगर का दौरा कर बच्चों से उनकी पढ़ाई को लेकर बातचीत की। लंबे अंतराल के बाद बच्चों से मिलकर सिसोदिया काफी खुश दिखे। स्कूल में बच्चों ने पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और शिक्षा मंत्री आतिशी का चंदन-टीका कर स्वागत किया। पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और शिक्षा मंत्री आतिशी ने विभिन्न क्लासरूम में जाकर बच्चों से मुलाकात की और उनकी पढ़ाई को लेकर अपडेट लिया। इस दौरान कक्षा 10वीं के फ्रेंच और जर्मन सीख रहे बच्चों ने दोनों के साथ लैंग्वेज इमर्शन प्रोग्राम के तहत पेरिस के अपने अनुभवों को साझा किया। इस मौके पर मीडिया से साझा करते हुए मनीष सिसोदिया ने कहा कि, 'पिछले 17 महीनों से मैं अपनी जिंदगी में स्कूलों में जाना, बच्चों से बातचीत करना, उनके साथ हंसना-बोलना, टीचर्स के साथ बातचीत करना समझना और शिक्षा को लेकर सपने देखना बहुत मिस कर रहा था। आज 17 महीने बाद भगवान ने मुझे मौका दिया कि, मैं वापस स्कूलों में बच्चों के बीच जाऊं। उन्हों कहा कि, 'मैं जेल में सोचता था कि, बच्चे भगवान का रूप होते है और वाकई में बच्चे भगवान ही है। इसलिए आज सुबह-सुबह में अपने भगवान से मिलने शिक्षा के मंदिर में आया।'



पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और शिक्षा मंत्री आतिशी ने सर्वोदय कन्या विद्यालय, वेस्ट विनोद नगर का दौरा कर बच्चों से की मुलाक़ात।

### 20 नये स्कूल हुए शुरू, 14 बिल्डिंग निर्माणाधीन

सिसोदिया ने कहा कि, 'मुझे बहुत खुशी है कि, पिछले 17 महीनों में दिल्ली सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में चल रहे काम को और गति दी है। मैं जिन खाली जमीनों पर स्कूलों का शिलान्यास करके गया था, वहां आज शानदार वर्ल्ड क्लास स्कूल बिल्डिंग खड़े हैं। ये मेरे लिये बहुत सुकून की बात है। इस दौरान लगभग 20 नये स्कूल शुरू हुए, 14 स्कूल बिल्डिंग निर्माणाधीन है, 18 स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस शुरू हुए, 1 नया अनूठा स्पोर्ट्स स्कूल शुरू हुई जहां बच्चे स्पोर्ट्स की पढ़ाई कर रहे है। वहीं, उन्होंने कहा कि मैं जेल में यही प्रार्थना करता था कि, बेशक मुझे झूठे आरोप में जेल में डाला गया है, इनकी शिक्षा क्रांति को रोकने की मंशा कभी सफल न हो।

### बच्चों व उनकी शिक्षा से कोई दूर नहीं कर सकता: आतिशी

शिक्षा मंत्री आतिशी ने इस मौके पर कहा कि, एक समय था जब कोई सोच भी नहीं सकता था कि, सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे कोई विदेशी भाषा भी सीख सकते हैं। लेकिन शिक्षा को लेकर अपनी प्रतिबद्धता की बदौलत केजरीवाल सरकार ने अपने स्कूलों में इसे सच साबित करके दिखाया है। मनीष सिसोदिया के स्कूल जाकर बच्चों से मिलने पर साझा करते हुए शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि, मनीष जी को 17 महीनों बाद दोबारा बच्चों के बीच देखकर विश्वास हो गया कि उन्हें बच्चों और उनकी शिक्षा से कोई दूर नहीं कर सकता है। उन्होंने कहा कि, बच्चों के लिए मनीष जी का प्यार और बच्चों की शिक्षा के लिए उनके जुनून की ताकत के कारण ही आज वो हम सब के बीच है। वहीं,

## संक्षिप्त समाचार...



विश्व शांति सद्भाव और भारत सैफी मित्र के चेयरमैन हाजी शकील सैफी ने मंगलवार को केन्द्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की और उन्हें फ्लैग मोमेंटो भेंट किया। इस मौके पर बालाजी एक्शन अस्पताल और बालाजी एक्शन शूज के चेयरमैन राजकुमार गुप्ता भी मौजूद थे।

### चाइनीज मांझे के प्रति छात्रों को किया जागरूक




**पश्चिमी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): हर साल की तरह इस साल भी तिहाड़ जेल के हेड वार्डर योगेन्द्र कुमार व मानद पशु कल्याण प्रतिनिधि एडब्ल्यूबीआई और पेटा इंडिया ने मिलकर चाइनीज मांझे के विरुद्ध अभियान के तहत अशोक नगर और रमेश नगर राजकीय सर्वोदय बाल विद्यालयों में "चाइनीज मांझे के दुष्प्रभाव" विषय पर निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में छात्रों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर योगेंद्र कुमार ने बच्चों बताया कि हर साल लगभग 1000 पक्षियों की जान इस चाइनीज के कारण चली जाती और सैकड़ों लोग भी घायल हो जाते है, पिछले पांच साल में 14 लोगों ने अपनी जान गवाई। योगेंद्र ने 2400 बच्चों को चाइनीज मांझा इस्तेमाल न करने के लिए शपथ भी दिलवाई। दिल्ली पुलिस सब इंस्पेक्टर संदीप, प्रधानाचार्य ओम प्रकाश एवं सफी मोहम्मद ने बच्चों से अपील करते हुए कहा कि चाइनीज मांझे का इस्तेमाल ना करे। इस अवसर में बी.के पांडे, इंदरसोनी मानद पशु कल्याण प्रतिनिधि तथा अनिल चौधरी, देवेंद्र मखीजा, सोनू ,राम निवास यादव, जोगेन्दर कुमार जय नाथ एनिमल केयर टेकर ने भी बच्चों को चाइनीज मांझा इस्तेमाल न करने की अपील की।

# 'आप' का 'सत्यमेव जयते' डीपी कैंपेन शुरू



- कैंपेन के तहत आम आदमी पार्टी के सभी नेता-कार्यकर्ता अपने सोशल मीडिया अकाउंट की डीपी बदलेंगे
- हमारे मंत्रियों और नेताओं पर झूठे केस लगाकर जेल भेजा, छापे मारे लेकिन एक पैसे की रिकवरी नहीं कर पाए: मंत्री आतिशी

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) :आम आदमी पार्टी ने अपने नए डीपी कैंपेन 'सत्यमेव जयते' की शुरुआत की है। मंगलवार को वरिष्ठ आप नेता आतिशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए इसकी घोषणा की। कैंपेन के तहत आम आदमी पार्टी के सभी नेता-कार्यकर्ता अपने सोशल मीडिया अकाउंट की डीपी बदलेंगे। इस मौक़े पर वरिष्ठ 'आप' नेता आतिशी ने कहा कि, पिछले 2 साल भाजपा की केंद्र सरकार ने आम आदमी पार्टी को परेशान करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। आम आदमी पार्टी के नेताओं पर झूठे केस लगाए, रेड की लेकिन उन्हें भ्रष्टाचार का एक रुपया भी नहीं मिला। लेकिन फिर भी आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को जेल में डाल दिया। मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार किया, सतेंद्र जैन को गिरफ्तार किया, संजय सिंह को गिरफ्तार किया, दिल्ली के लोकप्रिय मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरतार किया। ऐसी गिरफ्तारियां स्वतंत्रता संग्राम की याद दिलाती है।

आतिशी ने कहा कि, उस समय भी जो लोग अंग्रेजों के खिलाफ आवाज उठाते थे, उनको भी झूठे मुकदमों के तहत जेल में डाला जाता था। जवाहर लाल नेहरू जेल रहे, लाला लाजपत राय जेल में रहे, महात्मा गांधी जेल में रहे। आतिशी ने कहा कि हर तानाशाह अपने विरोधियों को अपने विपक्षियों को चुप करने के लिए जेल में डालने की कोशिश करता है। भाजपा ने भी सोचा था कि, अपनी तानाशाही से आम आदमी पार्टी को दबा देंगे, तोड़ देंगे। लेकिन उनकी हर संभव कोशिश के बाद भी आम आदमी पार्टी नहीं टूटी। और आख़िरकार मनीष सिसोदिया के जेल में 17 महीने रहने के बाद सच्चाई की जीत हुई और मनीष सिसोदिया जी बाहर आए।

आतिशी ने कहा कि, आज इस सच्चाई की जीत के उपलक्ष्य में आम आदमी पार्टी 'सत्यमेव जयते' का डीपी कैंपेन शुरू कर रही है। आम आदमी पार्टी के सभी सोशल मीडिया पर सत्यमेव जयते के डीपी कैंपेन की शुरुआत हो रही है। आप नेता आतिशी ने कहा कि हम भाजपा को ये बताना चाहते है कि वो हमें कितना भी परेशान कर ले लेकिन तोड़ नहीं सकते है। वो चाहे कितने समय भी हमारे नेताओं में जेल में डाल दे लेकिन जीत आख़िरकार सच्चाई की ही होगी।

# स्वच्छता अभियान का संदेश लेकर फेस्टा ने निकाली तिरंगा यात्रा




**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर 'हर घर तिरंगा, हर दुकान तिरंगा' के तहत फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेड्स एसोसिएशन (फेस्टा) के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा व अध्यक्ष राकेश यादव की अध्यक्षता में सदर बाजार के व्यापारियों ने कुताब रोड से लेकर मेन सदर बाजार से होते हुए 12 टूटी चौक तक तिरंगा यात्रा निकाला। इस दौरान मार्केट को स्वच्छ रखने का संदेश दिया गया। साथ ही व्यापारियों से अपील की गई कि अपने-अपने घरों के पास पौधे लगाए, पानी को वेस्ट ना करें, सड़क पर गंदगी न फैलाएं, प्लास्टिक थैली का प्रयोग ना करें जैसे जनहित मुद्दों पर आम जनता का जागरूक करने का प्रयास किया। इस अवसर पर सभी भारत माता की जय, इंकलाब जिंदाबाद के जयकारे भी लगाए। यात्रा के दौरान सभी अपने हाथों में तिरंगे लेकर देशभक्ति के गीतों में झूम रहे थे। इस अवसर पर राजेंद्र शर्मा, सुरेन्द्र महेन्द्रू, कमल कुमार और सतपाल सिंह मांगा ने बताया कि सदर बाजार की सभी मार्केट को तिरंगे से सजाया जा रहा है।

# 15 अगस्त को सुबह चार बजे से चलेगी मेट्रो

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : स्वतंत्रता दिवस समारोह में भाग लेने वाले लोगों की सुविधा के लिए दिल्ली मेट्रो सभी टर्मिनल स्टेशनों से अपनी सभी लाइनों पर सुबह चार बजे अपनी सेवाएं शुरू करेगी। यह घोषणा दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने की है। ट्रेन सेवाएं सुबह छह बजे तक सभी लाइनों पर 15-15 मिनट के अंतराल पर उपलब्ध रहेंगी और उसके बाद, शेष दिन के लिए नियमित समय सारिणी का पालन किया जाएगा। इसके अलावा, जिन लोगों के पास स्वतंत्रता दिवस समारोह में भाग लेने के लिए रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी वास्तविक निमंत्रण कार्ड होगा, उन्हें वैध सरकारी दस्तावेज प्रस्तुत करने पर प्रवेश और यात्रा की अनुमति दी जाएगी। स्टेशनों पर फोटोयुक्त पहचान पत्र जारी किये गये। यह व्यवस्था केवल लाल किला , जामा मस्जिद और चांदनी चौक मेट्रो स्टेशनों पर निकास के लिए मान्य होगी, जो कार्यक्रम स्थल के सबसे नजदीक हैं। वहीं निमंत्रण कार्ड केवल इन तीन स्टेशनों से वापसी यात्रा करने के लिए भी मान्य होंगे।

# सचिन गंभीर ने एक पेड़ मां के नाम लगाया



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): भाजपा नेता और समाजसेवी सचिन गंभीर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर 'एक पेड़ मां के नाम' से प्रेरित होकर मंगलवार को पेड़ लगाया। इसके बाद उन्होंने इलाके में घूमकर घर-घर जाकर पेड़ भी बांटे। उनका कहना है कि पेड़ लगेंगे तो प्रदूषण कम होगा। देश को, समाज को , विश्व को पेड़ों की बहुत जरूरत है। गंभीर ने क्षेत्र के लोगों को संदेश देते हुए आह्वान किया कि हम सभी को अपने घरों के आसपास पड़े लगाने चाहिए।

## हिंदुस्तान स्काउट्स एवं गाइड्स एसोसिएशन का चुनाव संपन्न



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली के रोहिणी स्थित महाराजा अग्रसेन भवन में हिंदुस्तान स्काउट्स एवं गाइड्स एसोशिएशन के पदाधिकारियों का चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव के रिटर्निंग ऑफिसर और एसोसिएशन के राष्ट्रीय सचिव चंपत सिंह के मुताबिक भरत अरोरा एसोसिएशन के नेशनल चेयरमैन चुने गए हैं, जबकि डॉ. मनोज मलिक राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए हैं। इसके अलावा उषा कुमारी, सीमा सक्सेना, तिलक राज शर्मा, अमरजीत बनर्जी और टीना आहुजा एसोसिएशन के राष्टीय उपाध्यक्ष बने हैं। जबकि कविता बाजाज, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष बनी हैं। साथ ही डॉ. विकास कोहली, राष्ट्रीय महासचिव, वीके चोपड़ा जी , राष्ट्रीय मुख्य कमिश्नर, ज्योति अरोरा, राष्ट्रीय कमिश्नर गाइड, राहुल कुमार, राष्ट्रीय प्रशिक्षण आयुक्त, केएस चौहान, संयुक्त राष्ट्रीय आयुक्त, मांगेराम चौहान, संयुक्त राष्ट्रीय आयुक्त और असीम शर्मा, राष्ट्रीय कमिश्नर स्काउट्स चुने गए हैं।


ज्ञापांक :– 02/पी०पी०ओ०/2019/56

**पुलिस वायरलेस मुख्यालय झारखण्ड, राँची**

दिनांक 12/08/2024

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण संख्या– 01/पी०पी०ओ० 2024–2025

झारखण्ड पुलिस वायरलेस मुख्यालय में वायरलेस कार्य के लिए "सहायक तकनीकी उपकरण एवं General Items" के क्रय एवं आपूर्ति हेतु निविदादाताओं से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है:–

वैसे उत्पादनकर्त्ता/विक्रेता/अधिकृत एजेंट निविदा दस्तावेज प्राप्त कर सकते है, जिनका GST रजिस्ट्रेशन निविदा आमंत्रण के तिथि के पूर्व प्राप्त हो। निविदा दस्तावेज झारखण्ड पुलिस वायरलेस मुख्यालय,लाईन टैक रोड, राँची 834001 के पी०पी०ओ० शाखा से प्राप्त कर सकते हैं। निविदा दस्तावेज Information & Public Relations Department Jharkhand (सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग झारखंड) के Website से भी download कर प्राप्त किया जा सकता है।

निविदा प्राप्त करने की अन्तिम तिथि दि० 27/08/2024 समय 11:30 बजे।

निविदा समर्पित करने की अन्तिम तिथि दि० 28/08/2024 समय 11:30 बजे।

निविदा खोलने की तिथि दि० 29/08/2024 समय 11:00 बजे।

पुलिस महानिदेशक (संचार एवं तक० सेवाएं), झारखण्ड, राँची को यह अधिकार सुरक्षित है,कि बिना कारण बताये निविदा को अस्वीकृत कर दें या निर्धारित मद में आवश्यकतानुसार संख्या को घटा या बढ़ा दें।

ह० हरविन्दर सिंह (भा०पु०से०)
पुलिस अधीक्षक (संचार एवं तकनीकी सेवाएँ),
झारखण्ड, राँची

PR 332600 Police Wireless Headquarter (24-25)_D



**कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)**

दुर्ग, दिनांक 05.08.2024

**(ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना)**

द्वितीय आमंत्रण

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदाएं प्रपत्र "अ" में प्रतिशत दर पर दिनांक 20.08.2024 तक आमंत्रित की जाती हैं:-

| निविदा आमंत्रण सू.क. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि लाख में) |
|---|---|---|
| 106/दुर्ग (कवर्धा)/2024 | लोक निर्माण विभाग, उपसंभाग बोड़ला के अंतर्गत 09 विभिन्न मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेंच रिपेयर कार्य। | 99.95 |
| 107/दुर्ग (राज.)/2024 | उपसंभाग अ. चौकी के अंतर्गत विभिन्न मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेंच रिपेयर कार्य। | 100.00 |
| 108/दुर्ग (बालोद)/2024 | लोक निर्माण विभाग अनुविभाग गुण्डरदेही के अंतर्गत शासकीय शहीद कौशल यादव महाविद्यालय गुण्डरदेही के खेल मैदान का समतलीकरण का कार्य। | 45.27 |

टीप

1. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब portal एवं विभागीय वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।
2. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. क्रमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जाएं।

-हस्ताक्षर/-,अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग,
दुर्ग मण्डल, दुर्ग दूरभाष -0788-2210876

G-242501758/6



**छत्तीसगढ़ संवाद**

**(जनसंपर्क संचालनालय की सहयोगी संस्था)**

**नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला-रायपुर**

**फोन नं. 0771-2512510**

Web: http://samvad.cg.nic.in Email: cgsamvadelemedia@gmail.com

क्रमांक- 1057/छगसं/सो.मी./2024 नवा रायपुर, दिनांक 13/08/2024

**राज्य शासन के अन्य विभाग (मुख्यमंत्री कार्यालय एवं जनसंपर्क विभाग को छोड़कर), निगम, मंडल एवं अर्द्धशासकीय संस्थाओं के सोशल मीडिया प्रबंधन एवं संचालन हेतु दर निर्धारण तथा एजेंसियों के इम्पैनलमेंट बाबत ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना**

छत्तीसगढ़ संवाद द्वारा राज्य शासन के अन्य विभाग (मुख्यमंत्री कार्यालय एवं जनसंपर्क विभाग को छोड़कर), निगम, मंडल एवं अर्द्धशासकीय संस्थाओं के सोशल मीडिया प्रबंधन एवं संचालन हेतु दर निर्धारण एवं एजेंसियों के इम्पैनलमेंट हेतु ऑन लाईन निविदा आमंत्रित है। निविदा प्रपत्र, नियम-शर्तें एवं वित्तीय दर प्रस्ताव संबंधित अधिक जानकारी के लिए छत्तीसगढ़ संवाद की वेबसाइट www.samvad.cg.nic.in से प्रपत्र डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा के नियम शर्तों या अन्य किसी प्रकार संशोधन होने पर समाचार पत्रों में विज्ञापन जारी नहीं की जायेगी। मात्र उक्त वेबसाइट में संशोधन की जानकारी दी जायेगी।

| | |
|---|---|
| निविदा प्रपत्र का शुल्क | रुपये 2360/- (2000 + जीएसटी रु. 360) (वापसी योग्य नहीं) |
| अमानत राशि | रुपये 50,000/- (बिना ब्याज के वापसी योग्य) |
| प्रि-बिड हेतु निर्धारित तिथि | दिनांक 23/08/2024 समय अपरान्ह 2:00 बजे |
| निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की अंतिम तिथि | दिनांक 20/09/2024 समय अपरान्ह 2:00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | दिनांक 20/09/2024 समय अपरान्ह 3:00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा टेक्निकल बिड खोलने की तिथि | दिनांक 20/09/2024 समय सायं 4:00 बजे |
| फाईनेन्शियल बिड खोलने की तिथि | योग्य पाये जाने वाले फर्मों को फाईनेन्शियल बिड खोलने की तिथि एवं समय पृथक से सूचित किया जाएगा। |

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
छत्तीसगढ़ संवाद नवा रायपुर, अटल नगर

S-41136/3



**HIMACHAL PRADESH PUBLIC WORKS DEPARTMENT**
**INVITATION FOR BIDS (IFB)**

The Executive Engineer, Palampur Division, HPPWD, Palampur on behalf of Governor of Himachal Pradesh, invites the Percentage rate bids, in electronic tendering system from the eligible class of contractors registered with HPPWD for the works as detailed in the table:-

| Sr. No. | Name of work | Estimated Cost (In Rs.) | Starting date for downloading Bid | Earnest Money (In Rs.) | Deadline for Submission of bid | Time limit |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of New School Building Library & Examination Hall at GSSS Palampur Distt. Kangra (HP) (SW :- Construction of Building portion Ground floor and 1st Floorincluding WS & SI, Septic Tank and Rain water Harvesting System) | 1,46,07,806.00 | 20.08.2024 | 2,92,200.00 | 30.08.2024 | Eighteen Months |

The bidders are advised to note other details of tenders from the department website WWW.hptenders.gov.in

Executive Engineer, HPPWD, Division, Palampur PIN-176061, Tel. 01894-230561,
e-mail:-ee-pal-hp@nic.in, On behalf of Governor of H.P.

R.O.No. 1431/2024-2025





## उपराष्ट्रपति ने दिखाई हरी झंडीः हर घर तिरंगा अभियान 15 अगस्त तक मनाया जाएगा...

# सांसदों ने निकाली तिरंगा बाइक रैली

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को कहा कि हर घर तिरंगा अभियान विकसित भारत के प्रति देश की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह दिखाता है कि यह सदी भारत की सदी है। उन्होंने भारत मंडपम से तिरंगा बाइक रैली को हरी झंडी दिखाने से पहले यहां एक कार्यक्रम में अपने संबोधन में यह बात कही।

धनखड़ ने अपने संबोधन में कहा, साथियों, हमारे देश का विकास बेहद तेज गति से हो रहा है। कुछ लोग इसे पचा नहीं पा रहे हैं, वे अवरोध उत्पन्न करना और अस्थिरता लाना चाहते हैं। उन्होंने कहा, वे सोचते हैं कि अगर भारत इसी तरह आगे बढ़ता रहा तो निश्चित रूप से विश्व गुरु बन जाएगा। जो लोग अवरोध पैदा करते हैं, कहीं से कुछ भी बात उठ जाए उसको प्रामाणिक मानते हैं।

उपराष्ट्रपति ने अमेरिकी शोध एवं निवेश कंपनी हिंडनबर्ग के आरोपों की विपक्ष द्वारा जेपीसी जांच की मांग पर निशाना साधते हुए ये बातें कही। मालूम हो कि विपक्ष ने भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (सेबी) की अध्यक्ष माधवी बुच के खिलाफ हिंडनबर्ग के आरोपों को लेकर सरकार पर हमला तेज कर दिया है। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि अगर जेपीसी जांच शुरू नहीं की गई तो देशव्यापी आंदोलन होगा। वहीं, भाजपा ने इस मांग को भारतीय अर्थव्यवस्था को कमजोर करने के उद्देश्य से किया गया एक ढकोसला करार दिया है। उपराष्ट्रपति ने कहा, मैं देश को सावधान करना चाहता हूं, मैं नागरिकों से आग्रह करता हूं कि वे ऐसी ताकतों, देश विरोधी ताकतों, खतरनाक मकसद वालों से बेहद सतर्क रहें। उनका एकमात्र उद्देश्य भारत को अस्थिर करना है, ताकि हमारी प्रगति बाधित हो। धनखड़ ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान विकसित भारत के प्रति देश की प्रतिबद्धता को दर्शाता है और दिखाता है कि यह सदी भारत की सदी है।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि उनके मन में कोई संदेह नहीं है कि आज प्रत्येक भारतीय देश विरोधी ताकतों को परास्त करने का संकल्प लेंगे। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान भारतीयों को देश विरोधी ताकतों को परास्त करने के लिए एकजुट होने के लिए प्रेरित करता है।





▶▶ तिरंगा रैली को झंडी दिखाते उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ दूसरी तरफ बाइक पर वीरेंद्र सचदेवा और रमेश बिधूड़ी।

### भारत मंडपम से शुरू हुई बाइक रैली

प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम से शुरू हुई बाइक रैली इंडिया गेट होते हुए मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में समाप्त हुई। 'हर घर तिरंगा अभियान का तीसरा संस्करण 78वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में नौ से 15 अगस्त तक मनाया जा रहा है। उपराष्ट्रपति ने कहा, भारत ऐसा देश बन चुका है जो लगातार आगे बढ़ रहा है। हमारा उत्थान अजेय है। हमारा उत्थान हमें 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाएगा जब हम अपनी स्वतंत्रता की शताब्दी मनाएंगे। धनखड़ ने अपने भाषण के अंत में लोगों से इस अभियान में भाग लेने का आह्वान किया और कहा कि इस झंडे को गर्व के साथ फहराएं और संकल्प लें कि इसका गौरव, प्रतिष्ठा और गौरव बढ़ता रहेगा और तिरंगा हर परिस्थिति में ऊंचा लहराता रहेगा।

### जन आंदोलन बन गया है अभियान : शेखावत

इस मौके पर केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, किरेन रिजिजू, नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडू और मनसुख मंडाविया भी मंच पर मौजूद थे। शेखावत ने कहा कि यह अभियान 2022 में आजादी का अमृत महोत्सव के बैनर तले शुरू किया गया था और अब यह जनांदोलन बन गया है।

**जी-20 से पहले लगाई गई थीं लाइटें | रिंग रोड और बारापुला पर खराब लाइट के कारण तिरंगा लाइट को पीडब्ल्यूडी ने कराया डिस्कनेक्ट**

# स्वतंत्रता दिवस पर सेंट्रल वर्ज पर लगी तिरंगा लाइटें नहीं जल पाएंगी

**राहुल शर्मा**

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): आगामी गुरुवार को देश 78वां स्वतंत्रता दिवस मनाने जा रहा है। इसके लिए 'हर तिरंगा अभियान, तिरंगा रैली, तिरंगा सेल्फी' की धूम मची हुई है। केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा अनेक स्तर पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मगर दिल्ली के रिंग रोड और बारापुला के पास सेंट्रल वर्ज पर जी-20 से पूर्व लगाई गईं तिरंगा एलईडी लाइट अब बंद पड़ी हैं।

अफसोस की बात है कि जब गुरुवार को हम स्वतंत्रता दिवस मनाने जा रहे हैं और लुटियंस ही नहीं, राजधानी के अनेक भवन और इमारतें तिरंगा लाइट से जगमाएंगे, उस समय ये तिरंगा लाइट नहीं जलेंगी। पहले रात के समय तिरंगा लाइट से जगमग सड़कें न केवल सभी को आकर्षित करती थीं, बल्कि हर शख्स को भारतीय होने के गर्व का भी बोध कराती थीं, इन्हें बंद करने का कोई नियम नहीं है, लेकिन मजबूरी के चलते इन्हें डिस्केन्क्ट करना पड़ा है। दरअसल रिंग रोड पर लाजपत नगर से एम्स और बारापुला सेंट्रल वर्ज पर लगे बिजली के खंभों पर तिरंगा एलईडी लगाई गई थीं। यह प्रक्रिया 2023 में हुए जी-20 के आयोजन से पूर्व पूरी कर ली गई थी और उस समय विदेशी मेहमानों के आगमन पर ये लाइटें सभी को भव्य आयोजन और देश भक्ति के प्रति गर्व का एहसास कराती थीं। मगर देखते ही देखते एलईडी लाइटें खराब होनी शुरू हो गईं और तिरंगा लाइट से कहीं केसरी, कहीं सफेद तो कहीं हरी लाइट खराब हो गई और तिरंगा लाइट धीरे-धीरे अपनी चमक खोने लगी। इसकी देखरेख लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के हाथ है।

इस संबंध में जब पीडब्ल्यूडी के एक वरिष्ठ अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सेंट्रल वर्ज पर लगी तिरंगा एलईडी खराब होने की शिकायतें मिलीं। फिलहाल बिजली के पोल पर लगी इन सभी लाइटों को डिस्कनेक्ट कर दिया गया है क्योंकि तीनों रंग की लाइट यदि समुचित नहीं जलती हैं तो वह भी तिरंगे का अपमान है। अधिकारी ने बताया कि भविष्य में इन्हें ठीक करने की योजना पर विचार चल रहा है, लेकिन 15 अगस्त पर ये नहीं जगमगा सकेंगी। इस संबंध में सोशल एक्टिविस्ट मंजीत सिंह चुग ने बताया कि रिंग रोड और बारापुला पर जब उन्हें तिरंगा लाइट खराब दिखी तो पीडब्ल्यूडी अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन ठीक होने के बजाय विभाग ने इन्हें डिस्कनेक्ट कर अपनी जान बचाना बेहतर समझा। उन्होंने कहा कि यह दुखद है कि हम एक तरफ आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं, हर घर तिरंगा, तिरंगा यात्रा निकाल रहे हैं और देश की राजधानी की सड़कों पर लगी तिरंगा लाइट नहीं जल पाएंगी।





## राष्ट्रीय एकता के लिए आर्य समाज की विशाल तिरंगा यात्रा



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं के उत्पीड़न विरुद्ध रोष व्यक्त करने तथा राष्ट्रीय एकता- अखंडता के लिए दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा एवं पश्चिमी दिल्ली वेद प्रचार मंडल के संयुक्त तत्वावधान में सुदर्शन पार्क, नई दिल्ली से "विशाल तिरंगा- यात्रा" का आयोजन हुआ । जिसमें सभा महामंत्री विनय आर्य ने कहा-आजादी के लिए महर्षि दयानंद से प्रेरणा लेकर लाखों क्रांतिकारियों ने बलिदान दिया। बांग्लादेश में भी आजादी के लिए हजारों वीर शहीद हुए, कुछ देशद्रोही शक्तियां हिंदुओं पर घोर अत्याचार, घर-बार लूटकर अत्याचार कर रही है। उन्होंने भारत सरकार से तुरंत हस्तक्षेप करके उनकी सुरक्षा की मांग की। तिरंगा यात्रा में सभा प्रधान धर्मपाल आर्य, आर्य केंद्रीय सभा दिल्ली के महासचिव सतीश चड्ढा, वेद विचार मंडल के प्रधान कर्नल रमेश चंद्र मदान, मंत्री राकेश आर्य, मुकेश आर्य सहित गणमान्य आर्यजन उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार...

### अमन ने गांव का नाम किया रोशन : सोलंकी



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : पेरिस ओलंपिक में कुश्ती में कांस्य पदक जीतने पर देश के गौरव अमन सहरावत का दिल्ली पहुंचने पर पालम 360 कि तरफ से पगड़ी एवं नोटों कि माला से स्वागत किया गया। चौ. सुरेन्द्र सोलंकी प्रधान पालम 360 ने कहा कि आज दिल्ली पहुंचने पर ओलंपिक में मेडल लाने पर अमन सहरावत का जोरदार स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि हमे खुशी होती हैं कि गांव-देहात के बच्चे देश का नाम रोशन कर रहे हैं। इस मौके पर बवाना 52 एवं सहरावत खाप के प्रधान चौ. धारा सिंह, महाबली सतपाल पहलवान भी मौजूद रहे।

### भोगल मार्केट में किया गया झंडारोहण




**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : मंगलवार को भोगल मार्केट में भोगल ट्रेडर्स एंड रसीडेंटेल वेलफेयर एसोसिएशन की तरफ से 77वें स्वतंत्रता दिवस पर झंडा रोहण एवं हिंदी अकादमी के कलाकारों द्वारा संस्कृति प्रोग्राम किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक भाई प्रवीण कुमार, पूर्व मेयर फराहद सूरी, निगम पार्षद सारिका चौधरी, भोगल मार्केट के झंडा रोहण कार्यक्रम में चर्च के पादरी एवं ज्योतिष आचार्य द्वारा किया गया। संस्था के प्रधान विजय चौधरी, महामंत्री राकेश जैन, कोषाध्यक्ष राम अवतार इस मौके पर शामिल हुए।

### आप व भाजपा के कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने मंगलवार को प्रदेश कार्यालय में आम आदमी पार्टी और भाजपा के सैंकड़ो कार्यकर्ताओं को कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करावाकर उन्हें कांग्रेस पार्टी में शामिल किया। नांगलोई विधानसभा और नजफगढ़ विधानसभा के आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं, जिनमें आप पार्टी के वार्ड 47 से पूर्व निगम पार्षद राजेन्द्र सिंह, संगठन मंत्री नंद किशोर, मंडल प्रभारी वरुण कुमार, इन्द्रजीत सिंह, सोशल मीडिया प्रभारी फैजूद, बब्लू खान, भाजपा के नागलोई युवा विधानभा अध्यक्ष राजकुमार, पवन यादव, नजफगढ़ से भाजपा के ब्लाक मंत्री रमेश लांबा, आप के ब्लाक अध्यक्ष सचिव लुक्कड़ के साथ सैंकड़ो कार्यकर्ता शामिल थे। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के अलावा एआईसीसी सचिव रोहित चौधरी, निगम पार्षद मंदीप शौकीन, पूर्व पार्षद पृथ्वी सिंह राठोड़, ब्लाक अध्यक्ष रमेश कौशिक भी मौजूद थे।


हरियाणा सरकार
विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस
राज्य स्तरीय कार्यक्रम
14 अगस्त, 2024 | प्रातः 11 बजे | कुरुक्षेत्र
मुख्य अतिथि
श्री नायब सिंह सैनी
मुख्यमंत्री
कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें
"देश के बंटवारे के दर्द को कभी भुलाया नहीं जा सकता। विभाजन विभीषिका स्मृति का यह दिन हमें भेदभाव, वैमनस्य और दुर्भावना के जहर को खत्म करने के लिए न केवल प्रेरित करेगा, बल्कि इससे एकता, सामाजिक सद्भाव और मानवीय संवेदनाएं भी मजबूत होंगी।"
- नरेन्द्र मोदी
आप सभी सादर आमंत्रित हैं
सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana
SAMVAD RO.NO.1089/13/1755/2025/28820/142/7 DL.13/08/2024

**दल्लूपुरा इलाके का मामला: हादसे में बच्चे की मां और बड़ा भाई गंभीर रूप से घायल**

# मकान की छत गिरी, दो साल के बच्चे की दर्दनाक मौत



**पूर्वी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): ईस्ट डिस्ट्रिक्ट स्थित दल्लूपुरा इलाके में मंगलवार दोपहर एक मकान की छत का कुछ हिस्सा अचानक से ढह गया। इसकी चपेट में आने से एक महिला और उसके दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने दो साल के मासूम को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक की पहचान वंश (2) के तौर पर की है। शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। न्यू अशोक नगर थाना पुलिस ने इस बाबत मकान मालिक राहुल के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हादसे में मासूम की मां कविता (30) और बड़ा भाई प्रिंस (6) घायल हुए हैं।

पुलिस अधिकारी के मुताबिक विजय अपने परिवार के साथ दल्लूपुरा इलाके में राहुल नाम के व्यक्ति के मकान में पहली मंजिल पर किराये पर रहता था। इसके परिवार में पत्नी कविता, छोटा बेटा वंश और बड़ा बेटा प्रिंस है। राहुल ने अपने मकान की छत लोहे की टी और पत्थर के सहारे डाली हुई थी। पिछले कई दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण छत पर वजन बढ़ गया था और लोहे की टी पर जंग भी आ चुका था। छत का कमजोर हिस्सा मंगलवार दोपहर करीब 12.28 बजे अचानक से ढह गया। उस वक्त कमरे में मौजूद विजय की पत्नी और दो बेटे मलबे में दब गए। चीख पुकार के बीच लोग तुरंत मदद के लिए दौड़े और घायलों को मलबे से निकालकर नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने महिला के छोटे बेटे का मृत घोषित कर दिया। इसी बीच पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। फिलहाल न्यू अशोक नगर थाना पुलिस ने इस बाबत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक अजय मूल रूप से मैनपुरी यूपी का रहने वाला है। वह नोएडा सेक्टर-7 में एक प्राइवेट कंपनी में हाउसकीपिंग का काम करता है।


मृतक की फाइल फोटो

***न्यू अशोक नगर थाना पुलिस ने इस बाबत मकान मालिक राहुल के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हादसे में मासूम की मां कविता और बड़ा भाई प्रिंस घायल हुए हैं।***

# पैसा दो और दिल्ली स्टेट कैंसर अस्पताल में बिना लाइन लो इलाज

**पूर्वी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): शाहदरा डिस्ट्रिक्ट पुलिस ने यमुनापार स्थित दिल्ली स्टेट कैंसर अस्पताल में सक्रिय एक दलाल को गिरफ्तार किया है। आरोपी लोगों से पैसा लेकर उन्हें बिना लाइन सीधे इलाज में मदद करता था। जीटीबी एंक्लेव थाना पुलिस ने आरोपी दलाल के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। आरोपी की पहचान राजीव (36) के तौर पर हुई है। पुलिस उससे पूछताछ कर और जानकारी जुटा रही है। डीसीपी शाहदरा डिस्ट्रिक्ट सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि दिल्ली स्टेट कैंसर अस्पताल से एक पीसीआर कॉल मिली थी। कॉलर ने कहा, यहां एक आदमी पैसे देकर बिना लाइन के इलाज करवाने की बात कह रहा है। इससे पहले भी वह यहां इसी तरह की हरकत करते हुए देखा है। आज मैंने इसे पकड़ लिया है। सूचना मिलते ही जीटीबी एंक्लेव थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। अस्पताल के सिक्योरिटी सुपरवाइजर दिनेश ने आरोपी को पकड़ा हुआ था। पूछताछ करने पर आरोपी की पहचान राजीव (36) के रूप में हुई। आरोपी हर्ष विहार इलाके का रहने वाला है। आरोप है कि राजीव लोगों से पैसे लेकर उन्हें लाइन में लगाए बिना इलाज दिलवाता था। लोगों को बाहर से टेस्ट या दवाई दिलवाने भी ले जाता था। ऐसे में माना जा रहा है कि आरोपी की अंदर स्टाफ के साथ मिलीभगत थी। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।



**जीटीबी एन्क्लेव पुलिस ने अस्पताल में सक्रिय एक दलाल को किया गिरफ्तार**

# मारवाह का किया स्वागत



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): जंगपुरा से पूर्व विधायक और भाजपा दिल्ली सिख सेल के प्रभारी तरविंदर सिंह मारवाह का श्री बाला साहिब गुरुद्वारा की कमेटी ने उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर प्रीतपाल सिंह, हरजीत सिंह, परमजीत सिंह कंधारी, विर्का, विक्की और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कमेटी के सदस्यों ने मारवाह को नियुक्ति के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं और साथ ही प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा का धन्यवाद किया कि उन्होंने मारवाह जैसे कुशल राजनितिज्ञ को ये जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने कहा कि मारवाह हमेशा ही सारे समाज को साथ लेकर चले हैं और समाज के लोगो की भलाई के लिए वर्षों से कार्य करते आ रहे हैं। इस अवसर पर तरविंदर सिंह मारवाह ने सिख समुदाय को भारतीय जनता पार्टी में जोड़ने के लिए चर्चा की। साथ ही जो लोग 1947 विभाजन में शहीद हुए, दिल्ली आकर बसे, उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए सिख सेल द्वारा आयोजित कार्यक्रम को लेकर भी चर्चा की गई। स्वतंत्रता दिवस समारोह में भी ऐसे परिवार शामिल होंगे।


**उत्तर मध्य रेलवे**

Letter No:- DRM/C/AGRA/NFR/E-AUCTION Dated:-12.08.2024

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि० मण्डल वाणिज्य प्रबंधक -आगरा द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार **ई नीलामी** आमंत्रित की गयी है, विवरण निम्न प्रकार है:-

**श्रेणी :** Misc Static Services | **केटलॉग संख्या :** EVC-AGRA-24-02

**एसेट्स डिटेल्स :** आगरा छावनी रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया पर इलेक्ट्रिक व्हीकल (ई.वी.) चार्जिंग स्टेशन का ठेका

**ई नीलामी प्रारम्भ होने की दिनांक एवं समय : दिनांक :- 27.08.2024 समय :- 11:00**

**ई नीलामी समाप्त होने की दिनांक एवं समय : दिनांक :- 27.08.2024 समय :- 11:30**

**नोट:- उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाईन वेबसाइट- www.ireps.gov.in के E-Auction Module** के माध्यम से की जायेगी। लॉट अनुसार विवरण उर्पयुक्त केटलॉग संख्या के अन्तर्गत उपलब्ध है। **1440/24(AS)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR



**उत्तर मध्य रेलवे**

निविदा सूचना संख्या एवं दिनांक : DY-CE-C-II-JHS-2024-03 dated : 10.08.2024

**ई-निविदा सूचना**

उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण-II/झाँसी, भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा, निविदा बंद होने की दिनांक 06.09.2024 को 15:00 बजे तक आमंत्रित करते है।

निविदा संख्या : DY-CE-C-II-JHS-2024-03 | अनुमानित लागत : Rs. 38,15,09,233.65

**कार्य का नाम :** झाँसी-खैरार और मानिकपुर-भीमसेन प्रस्तावित दोहरी लाइन के संरेखण में ट्रैक के साथ बिछी पानी की पाइपलाइन को स्थानांतरित करना और झांसी-बरुआसागर खंड में गेट लॉज, आईबीएच, एसपी/एसएसपी आदि जैसे विभिन्न भवनों का निर्माण कार्य।

**धरोहर राशि : Rs. 2057600.00, कार्य पूर्ण होने की अवधि :** 12 माह हार्वेस्ट एवं मानसून सहित। **वैधता की अवधि :** 90 दिन, **निविदा बंद होने का दिनांक व समय : 06.09.2024 को 15:00 बजे।** • पूर्ण विवरण एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल की वेबसाइट http://www.ireps.gov.in का अवलोकन करें। 1437/24 (D)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR



**पूर्वोत्तर रेलवे**

खुली ई–निविदा सूचना सं. व.मं.वि.इ./गति शक्ति/इज्जत/इलै./15/2024 दि. 12.08.2024

निम्नलिखित कार्यों के लिए ई–निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक/विद्युत/पूर्वोत्तर रेलवे/ इज्जतनगर द्वारा आमन्त्रित की जाती है :– **क्र.सं. (01),** कार्य का नाम : इज्जतनगर मंडल के अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत (कासगंज, फर्रूखाबाद, कन्नौज, इज्जतनगर, बरेली सिटी, काठगोदाम तथा टनकपुर) रेलवे स्टेशनों के लिए एस्केलेटर की व्यवस्था के संबंध में विद्युत कार्य। अनुमानित लागत रू. में : 42,30,909.40, धरोहर राशि रू. में : 84,700.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. में: शून्य, ई–निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समय : 03.09.2024, 11.00 बजे तक, स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि : चार माह। ● इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। ● पूर्ण विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है। ● निविदादाता के पास क्लास–III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना आवश्यक है और IREPS पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिए। ● केवल पंजीकृत निविदादाता ही ई–टेण्डरिंग में भाग ले सकते है। ● सभी आवश्यक दस्तावेज ई–निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहिए।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा./गति शक्ति)/ मुजाधि/विद्युत- 108** इज्जतनगर

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।


# चाणक्यपुरी में एयर होस्टेस के साथ दुष्कर्म की कोशिश, आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): राजधानी दिल्ली के अति सुरक्षित चाणक्यपुरी इलाके में दुष्कर्म की कोशिश का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़िता ने जब विरोध किया तो आरोपी ने उसका गला घोंटने की भी कोशिश की। पीड़िता के चिल्लाने पर एक बुजुर्ग दंपति मदद के लिए आया तो आरोपी फरार हो गया। पुलिस ने पीड़िता से पूछताछ के बाद आरोपी बाइक चालक की जानकारी जुटाकर उसे गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान औरैया यूपी निवासी जय वीर (35) के तौर पर हुई है। आरोपी एक ऐप आधारित बाइक सर्विस कंपनी में बाइक चलाता है। पीड़िता ने घर जाने के लिए बाइक बुक की थी। आरोपी ने देर रात चाणक्यपुरी इलाके में जयंती पार्क के पास इस वारदात को अंजाम दिया।



पुलिस सूत्रों के मुताबिक एयर होस्टेस दक्षिण दिल्ली में रहती है। वह एक दोस्त से मिलने और शॉपिंग के लिए पूर्वी दिल्ली गई थी। द्वारका जाते समय उसने मोबाइल ऐप के माध्यम से बाइक की सवारी बुक की थी। जिसे चालक जय ने स्वीकार किया। पीड़िता रात 11:47 बजे बाइक पर बैठी थी। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने जब उससे आइसक्रीम खरीदने के लिए कहा तो वह चौंक गई। इतना ही नहीं वह रास्ते में उसके साथ बातचीत भी करता रहा। उसने यात्रा के समय पीड़िता को अपने दो फोन दिए और लोकेशन के अनुसार दिशा बताने के लिए कहा। करीब दस मिनट बाद आरोपी ने अपना फोन वापस मांगा और लोकेशन मैप बंद कर दिया। जिसके बाद गलत मोड़ भी ले लिया। पीड़िता ने उससे पूछता तो उसने दावा किया कि यह शॉर्टकट है। कुछ दूर चलने के बाद आरोपी ने अपनी बाइक रोक दी। पीड़िता सुनसान जगह अचानक बाइक रोकने के बाद बुरी तरह से डर गई। उसने तुरंत वहां से गुजर रहे दूसरे वाहन चालकों को मदद के लिए चिल्लाते हुए रुकने का इशारा किया। मगर कोई नहीं रुका और आरोपी उसे पकड़कर घसीटते हुए एक पेड़ के पास ले गया। विरोध करने पर आरोपी ने उसका गला घोंटने का प्रयास किया और दुष्कर्म की कोशिश की। आरोपी ने धमकी देते हुए कहा कि वह पहले भी और लड़कियों के साथ ऐसा कर चुका है। इसी दौरान शोर सुनकर एक बुजुर्ग दंपति पीड़िता को बचाने के लिए दौड़ा। आरोपी अपने दोनों हेलमेट मौके पर ही छोड़कर बाइक समेत फरार हो गया। दंपति पीड़िता को पास के मेट्रो स्टेशन पर ले गए। उसके दोस्त के दक्षिण दिल्ली से आने तक वे पीड़िता के साथ ही खड़े रहे। पीड़िता की दोस्त की माँ ने पुलिस कॉल कर घटना की सूचना दी। चाणक्यपुरी थाना पुलिस ने पीड़िता के बयान पर दुष्कर्म की कोशिश, मारपीट समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। आरोपी को पकड़ने के लिए एसएचओ चाणक्यपुरी के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम ने आरोपी की जानकारी जुटाई और उसे दबोच लिया।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना। **एडमिन यूनिट/जोन:-** लखनऊ -पू0उ0रे0-मण्डल-वाणिज्य/पू0उ0रे0, **नीलामी सूची सं0/लॉट सं.:** LJN-DDIS-01, **नीलामी सूची प्रकाशन तिथि:** 07.08.2024 समय 13:14 बजे, **नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट):** 27.08.2024 समय 13:00 बजे, **नीलामी बन्द करने की तिथि व समय:** 27.08.2024 समय 13:30 बजे, **नीलामी का प्रकार:** Close Ended, **वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है:** E-Auction Module of www.ireps.gov.in.

**सहायक वाणिज्य प्रबन्धक**
**मुजाधि/वा-102** **लखनऊ**

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"



**कार्यालय नगरपरिषद पटौदी जाटौली मण्डी (गुरुग्राम)।**

**सार्वजनिक सूचना**

**(अधिसूचना)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपरिषद पटौदी जाटौली मण्डी कार्यालय में लगभग 02-03 वर्षों से पड़े हुये कबाड़ा जैसे लाईट पोल, लोहे का फ्रेम तीन सैट व पाईप, लोहे का टीन, कुर्सी, फ्रेम बोर्ड व इनके अलावा अन्य छोटा-मोटा लोहे का आईटम इत्यादि की खुली बोली दिनांक 21.08.2024 (बुधवार) को सायं 03.00 बजे नगरपरिषद पटौदी जाटौली मण्डी कार्यालय (जॉन-1, स्थित पटौदी कार्यालय) में होनी निश्चित हुई है। इच्छुक एजेन्सियां/ठेकेदार निर्धारित समय व स्थान पर पहुंचकर बोली में भाग ले सकते हैं। धरोहर राशि के रूप में 10,000/-रुपये जमा करवाने उपरान्त ही बोली में भाग ले सकता है अन्य नियम व शर्तें मौके पर बता दी जायेंगी।

**हस्ता./-**
**कार्यकारी अधिकारी**

क्रमांक-2109-2111 दिनांक 06-08-2024 **नगरपरिषद पटौदी जाटौली मण्डी।**



**CHHATTISGARH SWAMI VIVEKANAND TECHNICAL UNIVERSITY, BHILAI**
**छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय, भिलाई**
**Newai, P.O. Newai, Dist. Durg (CG) PIN-491 107**
**Phone No.: +91-788-2200062 Website: www.csvtu.ac.in**

**ADMISSION IN AICTE DOCTORAL FELLOWSHIP SCHEME 2024-25**

**Adv. No. __/CSVTU/ADF/2024/5399** **Date: 13/8/24**

Applications are invited in the prescribed form for admission in AICTE Doctoral Fellowship (ADF) Scheme with Scholarship, HRA in Five disciplines through Notification No. CSVTU/ ADF/Ph.D/ 2024/ for admission in ADF Scheme. For details, visit our website www.csvtu.ac.in. The last date for submission of application at CSVTU, Bhilai is **30-08-2024**.

**REGISTRAR**
**S-41137/1** **CSVTU, Bhilai CG**



**पर्यावरण विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार**
**तल-6, विंग-सी, दिल्ली सचिवालय, नई दिल्ली 110002**

**सार्वजनिक सूचना**

**पतंग उड़ाने वाले तेज धारदार सिंथेटिक / नायलॉन धागे जिनमें लोकप्रियता से जाना जाने वाला चीनी मांझा भी शामिल है-पर प्रतिबंध**

जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि मानवता, पशुधन, पक्षी और पारिस्थितिकी पर होने वाले दुष्प्रभाव को रोकने के लिए तथा गृह मंत्रालय भारत सरकार की दिनांक 10 सितम्बर 1992 की अधिसूचना सं. एसओ 667 (ई) के साथ पठित पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 5 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली के उपराज्यपाल के नाम पर तथा आदेश से 10/01/2017 को अधिसूचना जारी की गई है, जिसके तहत निम्न निर्देश दिए गए हैं :

1) नायलोन, प्लास्टिक अथवा अन्य किसी सिंथेटिक सामग्री से विनिर्मित पतंग उड़ाने वाला धागा जिसमें कि चीनी मांझा के नाम से प्रसिद्ध तथा ऐसे अन्य पतंग उड़ाने वाले धागे जो धारदार हैं या शीशे, धातु या अन्य धारदार सामग्री से लेपित कर पतंग उड़ाने के लिए बनाए जाते हैं, ऐसे पतंग उड़ाने वाले धागों की राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में बिक्री, उत्पादन, भण्डारण, आपूर्ति, आयात एवं प्रयोग पर पूर्णत: प्रतिबंध होगा।

2) केवल सूती धागे, जो कि किसी धारदार धातु/शीशे के घटकों/चिपकाने वाले पदार्थों/धागे को मजबूत बनाने वाली सामाग्रियों से रहित हैं, उन्हीं से पतंग उड़ाने की अनुमति होगी।

उपरोक्त निर्देशों के उल्लंघन के बारे में निम्नलिखित अधिकारियों के कार्यालयों में रिपोर्ट दर्ज की जा सकती है।

| क्र. | पद | ई-मेल पता | हेल्पलाईन नं. |
|---|---|---|---|
| 1. | पुलिस आयुक्त, दिल्ली पुलिस | cp.sanjayarora@delhipolice.gov.in | 112 |
| 2. | मंडलीय आयुक्त, दिल्ली सरकार | divcom@nic.in | 1077 |
| 3. | मुख्य वन्यजीव संरक्षक, दिल्ली सरकार | ccfgnctd@gmail.com | 011-23378513 |
| 4. | आयुक्त, दिल्ली नगर निगम | commissioner@mcd.nic.in | 155305 |

**नोट:-** पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम 1986 की धारा 5 या इसके अन्तर्गत बनाये गये नियमों के अन्तर्गत जारी निर्देशों का उल्लंघन उक्त अधिनियम की धारा 15 के अधीन दंडनीय है जिसमें पांच साल तक कारावास तथा/अथवा एक लाख रुपये तक का जुर्माना या दोनों हो सकते हैं।

उपरोक्त अधिसूचना पर्यावरण विभाग की वेबसाइट https://environment.delhi.gov.in पर उपलब्ध है।

**-हस्ता./-, (डा. के.एस. जयचन्द्रन)**
DIP/Shabdarth/classified/161/2024-25 **विशेष सचिव (पर्यावरण)**


# सलाम कर युवक के सिर में मारी गोली

***जाफराबाद के चौहान बांगर इलाके में हुई वारदात, मृतक हत्या की वारदात में था शामिल***

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): जाफराबाद इलाके में बदमाशों ने युवक को पहले सलाम किया फिर सिर में गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने मृतक की पहचान रिजवान (25) के तौर पर की है। शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में भेज दिया है। पुलिस मर्डर केस दर्ज कर घटनास्थल व आसपास सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। पुलिस को शुरुआती जांच में पता चला है कि रिजवान भी हत्या के एक केस में आरोपी था। पुलिस रंजिश को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। डीसीपी डॉ. जॉय टिर्की ने बताया कि रिजवान पर साल 2018 में थाना सीलमपुर में हत्या का साल 2018 में आर्म्स एक्ट और साल 2022 आर्म्स एक्ट का मुकदमा पाया गया है। ऐसे में आशंका है कि वारदात को पुरानी दुश्मनी के या रंजिश के चलते अंजाम दिया गया। फिलहाल पुलिस मृतक के परिजनों से भी पूछताछ कर जानकारी जुटा रही है। पुलिस के मुताबिक रिजवान अपने परिवार के साथ गली नंबर-पांच, चौहान बांगर जाफराबाद में रहता था। मंगलवार को वह घर के बाहर बैठा हुआ था। बताया जा रहा है कि दो युवक रिजवान के पास आए। उन्होंने उसे सलाम किया और फिर उसके सिर में क्लोज रेंस से गोली मार दी। वारदात को अंजाम देकर आरोपी मौके से फरार हो गए। गोली चलते ही गली में हड़कंप मच गया। रिजवान के परिजन भी तुरंत बाहर निकले और पड़ोसियों की मदद से रिजवान को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसी बीच पुलिस को भी वारदात की सूचना दे दी गई। दिल्ली पुलिस की क्राइम टीम ने एफएसएल की मदद से घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए हैं। पुलिस हमलावरों की पहचान कर उनकी तलाश में जुटी है।


मृतक रिजवान

# बीएनएस को लेकर दाखिल याचिका पर हाईकोर्ट ने केंद्र से मांगा जवाब

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) तहत किसी भी व्यक्ति (पुरुष या महिला) के साथ गैर-सहमति से किए गए 'अप्राकृतिक' यौन संबंधों को दंडित करने के प्रावधान को बाहर करने के खिलाफ दायर याचिका पर केंद्र से जवाब मांगा। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की खंडपीठ ने केंद्र सरकार के स्थायी वकील (सीजीएससी) अनुराग अहलूवालिया को मामले में निर्देश प्राप्त करने के लिए 27 अगस्त तक का समय दिया। मामले की सुनवाई के दौरान खंडपीठ ने टिप्पणी करते हुए कहा कि नए आपराधिक संहिता में अपराध का कोई प्रावधान ही नहीं है। पीठ ने कहा कि इसमें कोई प्रावधान नहीं है।


**किसान सहकारी चीनी मिल्स लिमिटेड, स्नेह रोड, नजीबाबाद (बिजनौर)**

**निविदा/ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

दिनांक 23.08.2024 को ई-निविदा आसवनी हेतु रैट्रो फिटिंग आफ ट्रान्सफार्मर रेक्टीफायर एडोर मेक की आपूर्ति (₹. 8,000), तथा निविदा फाईब्राईजर के रेसिस्टैन्स बाक्स की मरम्मत का कार्य धरोहर धनराशि (₹.4,000), अल्टरनेटर की क्लीनिंग का कार्य धरोहर धनराशि (₹. 5,000), टिश्युकल्चर लैब लेवर कार्य धरोहर धनराशि (₹.12,000), बायलर की चिमनी की अन्दर बाहर से पेन्टिंग का कार्य धरोहर धनराशि (₹. 2000), कास्ट स्टील स्त्रोकेट गियर की आपूर्ति धरोहर धनराशि (₹. 2000), इलैक्ट्रानिक कॉटों हेतु लोड सैल की आपूर्ति धरोहर धनराशि (₹. 2000), जूस हीटर स्टेशन से सम्बन्धित फैब्रीकेशन-इरेक्शन सम्बन्धित कार्य धरोहर धनराशि (₹. 2,000), खटाऊ मेक कैपेसिटर्स की आपूर्ति धरोहर धनराशि (₹. 5000), दिनांक 24.08.2024 को निविदा ACFC Panel की AMC का कार्य धरोहर धनराशि (₹. 2000), ABB Make Panels की AMC का कार्य धरोहर धनराशि (₹. 2000), DC Drive Panels की AMC का कार्य धरोहर धनराशि (₹. 2000), रसायन विभाग से अन्तर्गत कराये जाने वाले सफाई सम्बन्धी कार्य धरोहर धनराशि निविदा अनुसार थर्मेक्स मेक कैमिकल की आपूति धरोहर धनराशि (₹. 2000), KSB Make पम्पों हेतु स्पेयर्स की आपूर्ति धरोहर धनराशि (₹. 4000) दिनांक 27.08.2024 को ई-निविदा शुगर हैण्डलिंग कार्य (अनुभव दो वर्ष) धरोहर धनराशि (₹. 1,00,000), इलैक्ट्रो मैगनेटिक फ्लोमीटर्स की आपूर्ति धरोहर धनराशि (₹. 3,000), पीजो मीटर की आपूर्ति धरोहर धनराशि (₹. 1,000), दिनांक 28.08.2024 को निविदा सिविल कार्य पैन स्टेशन के निकट टायलेट का निर्माण कार्य धरोहर धनराशि (₹. 5000), एयर कम्प्रेसर फाउण्डेशन निर्माण कार्य धरोहर धनराशि (₹. 7,000), बायलिंग हाउस में फर्श निर्माण कार्य धरोहर धनराशि (₹. 4,000), तथा ई-निविदा ब्रास लाईनर धरोहर धनराशि (₹. 2,000), ई.टी.पी. हेतु एयर ब्लोअर वाटर कूल्ड टाईप मोटर स्टॉटर केबिल सहित धरोहर धनराशि (₹.3,000) लुब्रीकेटर स्पेयर्स धरोहर धनराशि (₹.1,000), दिनांक 29.08.2024 को ई-निविदा डी.सी. पैनल हेतु कार्ड, थायरेस्टर आदि की आपूर्ति धरोहर धनराशि (₹. 25,000), रोटेरी स्क्रीन की मेजर ओवरहालिंग धरोहर धनराशि (₹.8000), एलीकोन मेक गियर बाक्स के लिए इन्टरमीडियट पिनियन की आपूर्ति धरोहर धनराशि (₹. 30,000), दिनांक 30.08.2024 को ई-निविदा गन्ना क्रय केन्द्रों से गन्ना परिवहन धरोहर धनराशि (₹. 30,000) आसवनी हेतु। APH बायलर ट्यूब्स की आपूर्ति धरोहर धनराशि (₹. 20,000), आसवनी हेतु एक्साईड मेक पावर बैंक की आपूर्ति धरोहर धनराशि (₹. 5000) तथा निविदा सत्र के दौरान बायलरों से निकलने वाली राख हटाने सम्बन्धी कार्य (₹. 6000), स्टोर हैण्डलिंग कार्य धरोहर धनराशि (₹. 2,000), सत्र के दौरान केन कैरियर के ड्राईव, टेल एण्ड के ऊपर-नीचे एवं रोलरों में फंसे बैगास आदि की सफाई कार्य (₹. 5,000), दिनांक 06.09.2024 को निविदा सिविल कार्य मिल परिसर की रंगाई-पुताई का कार्य धरोहर धनराशि (₹. 4,000), तकनीकी भवन की मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य धरोहर धनराशि (₹. 8,000), तकनीकी भवन के सामने सी.सी. रोड निर्माण कार्य धरोहर धनराशि (₹.10,000), विद्युत पोल ग्राउटिंग का कार्य धरोहर धनराशि (₹.1,500), दिनांक 13.09.2024 को निविदा गन्ना यार्ड मरम्मत कार्य धरोहर धनराशि (₹. 4,000), कालोनी में विद्युत आपूर्ति हेतु पैनल रूम निर्माण कार्य धरोहर धनराशि (₹. 6,000), दिनांक 18.10.2024 को निविदा सी.डी.ई. टाईप आवासों की मरम्मत एवं पेन्टिंग का कार्य धरोहर धनराशि (₹. 15,000), सामान्य कार्यालय की रंगाई-पुताई एवं टाईलिंग कार्य धरोहर धनराशि (9,000), हेतु GST में पंजीकृत क्रेताओं/मूल निर्माताओं / आपूर्तिकर्ताओं/ठेकेदारों से http://etender.up.nic.in के माध्यम से सामग्रियों/कार्यों के सम्मुख अंकित तिथि को निम्नानुसार ई-निविदा/निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा शर्तें एवं अन्य विवरण http://etender.up.nic.in अथवा www.upsugarfed.org से डाउनलोड किये जा सकते हैं। आवश्यकतानुसार क्रय एवं कार्य हेतु एल-1 से नेगोशियेसन किया जायेगा। निर्धारित धरोहर धनराशि मिल कोष में जमा करना अनिवार्य है अन्यथा ई-निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। ई-निविदा तथा सिविल निविदा शुल्क ₹. 590/- (कर सहित) तथा अन्य निविदा शुल्क ₹. 236/- (कर सहित) होगा। प्रतिभागी के पास PAN & GST नम्बर होना अनिवार्य है। अधोहस्ताक्षरी को एक या समस्त ई-निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

**सुखवीर सिंह, पी.सी.एस., प्रधान प्रबन्धक**

पत्रांक :-1046 दिनांक :-13/08/2024



**राजस्थान सरकार**

**कार्यालय अधीक्षक एवं सदस्य सचिव राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी महिला चिकित्सालय सांगानेरी गेट जयपुर**

क्रमांक: म.चि.सां.गे/रामेरीसो/2024-25/173 दिनांक 06/08/2024

**//ई-निविदा सूचना//**

इस चिकित्सालय में सफाई कराने हेतु पंजीकृत एवं अनुभवी सेवाप्रदाता एजेंसी से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया के तहत www.eproc.rajasthan.gov.in पर ऑन लाईन निविदा के माध्यम से निम्न विवरणानुसार निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र.सं. | विवरण | विस्तृत विवरण |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का विवरण | चिकित्सालय में सफाई कार्य कराने हेतु। |
| 2 | निविदा की वार्षिक अनुमानित लागत | 120.00 लाख |
| 3 | अमानत राशि | 240000/- |
| 4 | MSME रजिस्ट्रर्ड संस्थानों हेतु अमानत राशि 0. 50% | 60000/- |
| 5 | निविदा प्रपत्र शुल्क | 1000/- |
| 6 | RISL प्रोसेसिंग शुल्क | 2000/- प्रबंध निदेशक, RISL जयपुर के नाम से डिमांड ड्राफ्ट बना हुआ हो |
| 7 | निविदा आमंत्रितकर्ता | सदस्य सचिव, राज. मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी, महिला चिकित्सालय, सांगानेरी गेट, जयपुर |
| 8 | निविदा प्रपत्र अपलोड करने की तिथि एवं समय | 09.08.2024, 12.00PM |
| 9 | निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की तिथि एवं समय | 09.08.2024, 12.00PM |
| 10 | निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय | 20.08.2024, 05.00PM |
| 11 | निविदा प्रपत्र शुल्क, प्रोसेसिंग शुल्क एवं निविदा अमानत राशि के डिमांड ड्राफ्ट प्रस्तुत करने की तिथि व समय | 20.08.2024, 04.00PM |
| 12 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि व समय | 21.08.2024, 1.00PM |
| 13 | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि व समय | तकनीकी रूप से योग्य निविदादाताओं को अलग से सूचित कर दिया जावेगा। |
| 14 | अनुबंध की अवधि | मूल अनुबंध एक वर्ष (आदेश दिनांक से एक वर्ष की होगी) तदापि आपसी सहमति से राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम-2013 के नियम 73 के अनुसार बढ़ाई जा सकेगी। |
| 15 | कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि (Performance Security) | अनुमोदित निविदा की 5 प्रतिशत। |

NIB NO-SMS2425A0113
BID NO.- SMS2425SLOB00135

DIPR/C/7210/2024 dt. 13.08.2024

# भलस्वा डेयरी पर हुए अवैध निर्माण पर नहीं चला एमसीडी का बुलडोजर

## स्थानीय लोगों के विरोध व फोर्स के अभाव में खाली लौटी एमसीडी

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : राजधानी दिल्ली के भलस्वा डेयरी इलाके में अवैध निर्माण करने के लिए मंगलवार सुबह दिल्ली नगर निगम की सिविल लाइन जोन की टीम जैसे ही बुलडोजर के साथ पहुंची, स्थानीय लोगों ने जमकर विरोध करना शुरू कर दिया। एमसीडी की इस कार्रवाई के विरोध में सैकड़ों लोगों ने सड़क पर जमा होकर विरोध प्रदर्शन किया, साथ ही किसी भी हालत में यहां पर बुलडोजर कार्रवाई नहीं होने देने की बात कही। वहीं स्थानीय लोगों द्वारा डिमोलिशन रोकने के लिए हाईकोर्ट में भी याचिका दायर की गई, जिसमें कोर्ट ने 16 अगस्त को तमाम भलस्वा डेरी संबंधित सभी दस्तावेज और एफिडेविट बनवाकर कोर्ट में सबमिट कराने के आदेश दिए हैं। गौरतलब है कि, एक निजी संस्था संचालिका सुनैना सिंबल की तरफ से भलस्वा डेयरी में हो रहे पशुपालन पर आपत्ति जताते हुए एक रिपोर्ट तैयार की गई। इस रिपोर्ट में बताया गया था कि भलस्वा डेयरी के पशुओं का दूध पीने योग्य नहीं है, क्योंकि एक तरफ भलस्वा डेयरी में प्रदूषित झील है तो दूसरी तरफ भलस्वा लैंडफिल साइड है। इसकी वजह से यहां का वातावरण हमेशा प्रदूषित रहता है। अक्सर आवारा पशु कूड़े के ढेर पर देखे जाते हैं। इसी वजह से एनजीओ चलाने वाली सुनैना सिब्बल ने कोर्ट में याचिका दायर करते हुए भलस्वा डेयरी को यहां से हटाकर दूसरी जगह शिफ्ट करने की मांग की। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि वह 1976 में यहां पर आकर बसे थे, जब यह जगह जंगल हुआ करती थी। अब यह रिहायशी इलाके में तब्दील हो गया है तो उन्हें यहां से हटाने की बात कही जा रही है। फिलहाल, ये मामला हाईकोर्ट में विचाराधीन है, ऐसे में देखना होगा कि 16 अगस्त को हाईकोर्ट इस मामले में क्या फैसला करता है।







फोटो : दयाशंकर

**पुलिस फोर्स के साथ पहुंचा एमसीडी अमला...** कोर्ट में मामला जाने के बाद भी नगर निगम की तरफ से आउटर नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट डीसीपी ऑफिस और भलस्वा थाना पुलिस से फोर्सज की मांग की गई। सुबह-सुबह ही एमसीडी का अमला जेसीबी और फोर्स के साथ घरों पर बुलडोजर चलाने के लिए पहुंचा, जिसे देखते ही लोगों ने विरोध शुरू कर दिया। भलस्वा डेयरी में रहने वाले हजारों लोगों ने झील की मुख्य सड़क को जाम कर फोर्स को झील पर ही रोक दिया। जानकारी के मुताबकि फिलहाल माहौल को देखते हुए यहां प्रशासन ने डिमोलिशन की कार्यवाई पर रोक लगा दी है। दिल्ली पुलिस के मुताबिक प्रयाप्त फोर्स नही होने के चलते फिलहाल ड्राइव को रोक लगाई गई है। फोर्स की तैनाती 15 अगस्त की सुरक्षा में लगाई गई है।

## भलस्वा डेयरी मामले में हाईकोर्ट ने गलत सूचना देने पर जताई नाराजगी

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली हाईकोर्ट ने भलस्वा डेयरी में अतिक्रमण की कार्यवाही के दौरान चार लोगों की मौत होने की गलत सूचना पर सख्त नाराजगी जताई है। कार्यकारी चीफ जस्टिस मनमोहन की अध्यक्षता वाली बेंच ने याचिकाकर्ता के वकील को फटकार लगाते हुए कहा कि आपने कहा कि वहां चार मौत हुई, लेकिन कोई मौत नहीं है, यह पूरी तरह से गलत है। कोर्ट ने कहा कि आप इस मामले में कोई भावनात्मक और राजनीतिक रूप न दें। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने कहा हम राजनीति से दूर रहते हैं हमें राजनीति में शामिल न करें, जिस समय आपने यह किया हमको पता था कि आप यह क्यों कर रहे हैं। आपका यह कहना कि चार लोगों की मौत हो गई यह पूरी तरह से गलत है। क्या कोर्ट के आदेश की वजह से 4 मौत हुई। इस मामले को स्कैन्डलाइज मत करिए।

### तोड़फोड़ के लिए पहुंची थी निगम की टीम...

दिल्ली नगर निगम ने हाईकोर्ट को भरोसा दिया कि वह 16 अगस्त को होने वाली सुनवाई तक वहां कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। दरअसल, मंगलवार को भलस्वा डेयरी के निवासियों की ओर से एक वकील ने इस मामले को कार्यकारी चीफ जस्टिस मनमोहन की अध्यक्षता वाली बेंच के समक्ष मेंशन करते हुए कहा कि दिल्ली नगर निगम के बुलडोजर भारी पुलिस बल के साथ इलाके में डेमोलिशन करने पहुंच गए हैं। उसके बाद दिल्ली नगर निगम ने हाईकोर्ट को 16 अगस्त तक कोई कार्रवाई नहीं करने का भरोसा दिया। बता दें कि इसके पहले 24 जुलाई को हाईकोर्ट ने भलस्वा से सभी डेयरियों को घोघा डेयरी कालोनी में चार हफ्ते के अंदर शिफ्ट करने का आदेश दिया था। इसी आदेश का अनुपालन करते हुए दिल्ली नगर निगम की टीम पुलिस बलों के साथ भलस्वा डेयरी डेमोलिशन करने पहुंची थी।

## दिल्ली कांग्रेस भलस्वा डेयरी को उजड़ने नहीं देगी : देवेन्द्र यादव



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि भलस्वा डेयरी में वर्षों से रह रहे लोगों ने यहां पीढ़िया गुजार दी है और सरकार इन्हें उजाड़ने में लगी है। दिल्ली कांग्रेस भलस्वा डेयरी परिवारों को बेघर नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि सरकार भलस्वा डेयरी सहित अन्य 6 डेयरियों को दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश पर को उजाड़ने में की तैयारी कर रही है। दिल्ली कांग्रेस यहां बनाए रिहायश के लिए मकानों को किसी भी कीमत पर तोड़ने नहीं देगी। यादव ने कहा कि डेयरी मालिकों को उजड़ने से बचाने की लड़ाई हम न्यायालय तक लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि इन डेयरियों को अनाधिकृत कालोनियों को नियमित करने के नियम के तहत नियमित किया जाना चाहिए।देवेन्द्र यादव ने कहा कि भलस्वा डेयरी सहित अन्य 6 डेयरियों को उजड़ने से बचाने के लिए दिल्ली कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल उपराज्यपाल से मिलकर मांग की थी कि 48 वर्ष पहले आवंटित की गई भूमि इनको संरक्षित करके जीविका चलाने के लिए दी गई थी, जिनको सरकार ध्वस्त करने में लगी है। उन्होंने कहा कि सरकार उस वक्त कहां थी जब यहां के लोग अपनी जरुरत के हिसाब से मकान बना रहे थे और पुलिस, निगम के अधिकारी रिश्वत लेकर इनसे पैसे वसूल रहे थे। दिल्ली कांग्रेस डेयरी मालिकों की लड़ाई को हर स्तर पर लड़ेगी। देवेन्द्र यादव ने कहा कि भलस्वा डेयरी सहित अन्य डेयरियों को हाई कोर्ट के स्थानांरित करने आदेश का है, डेयरी वाले भी चाहते है कि पशुओं की देखभाल अच्छी तरह हो परंतु वहां लोगों ने अपनी जरुरत के हिसाब से अतिरिक्त मकानों का निर्माण किया है उसको तोड़ा न जाए। उन्होंने कहा कि डेयरी क्षेत्रों में तोड़फोड़ रोकने का आदेश दें और डेयरी संचालकों के लिए एक नई नीति लागू की जानी चाहिए।

## केजरीवाल और के. कविता की न्यायिक हिरासत बढ़ी

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): कथित दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तारी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। वहीं, इससे पहले मंगलवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सीएम केजरीवाल और बीआरएस नेता के कविता की न्यायिक हिरासत दो सितंबर तक बढ़ा दी है। ईडी ने दोनों नेताओं को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट के समक्ष पेश किया था, जहां विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने दोनों की न्यायिक हिरासत की अवधि दो सितंबर तक बढ़ा दी।

## कालकाजी थाने का एसआई रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली पुलिस के जवानों पर सीबीआई की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी कड़ी में सीबीआई की टीम ने मंगलवार शाम कालकाजी थाने में तैनात एक एसआई को 15 हजार रुपए की रिश्वत स्वीकार करते हुए गिरफ्तार किया है। आरोपी एसआई ने पीड़ित का एक महिला शिकायतकर्ता से समझौता करवाने की एवज में रुपयों की मांग की थी। दूसरे पक्ष ने इसकी शिकायत सीबीआई से कर दी थी। मंगलवार को सीबीआई की टीम ने पीड़ित के द्वारा एसआई को पैसे लेने के लिए नेहरू प्लेस मेट्रो स्टेशन के पास बुलाया था। एसआई पैसे लेने के लिए पहुंचा और पीड़ित ने उसे 15 हजार रुपए दे दिए। जिसके बाद सीबीआई की टीम से एसआई को रुपयों के साथ दबोच लिया और उसके पास से रिश्वत के 15 हजार रुपए भी बरामद कर लिए। जिसके बाद उसे रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। उधर, कालकाजी थाने में इसकी सूचना मिलने के बाद से ही हड़कंप मचा हुआ है।

## सिसोदिया के जेल से आते ही बदली सीएम की डीपी

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली भाजपा के मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने लोकसभा चुनाव से पूर्व राजनीतिक संवेदना पाने के लिए जेल के जंगले वाली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की फोटो को अपनी सोशल मीडिया डीपी बनाया था, मगर दिल्ली एवं देश की जनता द्वारा लोकसभा चुनाव में जिस तरह आप को नकारा उसके बाद से पार्टी नेता भी सीएम की इस फोटो को सोशल मीडिया से हटाना चाहते थे। उन्होंने न सिर्फ सीएम की जेल वाली डीपी फोटो को हटाया, बल्कि सत्यमेव जयते वाली नई डीपी में केजरीवाल से पहले मनीष सिसोदिया का फोटो लगाकर नई राजनीतिक दिशा की ओर इशारा कर दिया है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला
mail-rdsdgumla123@gmail.com

**अति अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/GUMLA/10/2024-25

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| ग्रुप० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गुमला जिलान्तर्गत चैनपुर प्रखण्ड के जनावल पंचायत के ग्राम राजाडेरा एवं नवगई डिपाडीह पथ के बीच शंख नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण। | 4,67,52,700.00 | 9,35,100.00 | 10,000.00 | 18 माह |
| 2 | गुमला जिलान्तर्गत रायडीह प्रखण्ड के ग्राम चीरगाँव से डीपाटोली के बीच कुदारी नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण। | 4,08,47,100.00 | 8,17,000.00 | 10,000.00 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 21.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 21.08.2024 से दिनांक 28.08.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, गुमला।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 30.08.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8709875092 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला

PR 332642 Rural Development (24-25)_D



**महत्वपूर्ण सूचना**

रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

15 अगस्त, 2024 को लाल किला में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह–2024 के कारण प्रातः 6.45 बजे से प्रातः 09.00 बजे तक 2 घंटे 15 मिनट के लिए दिल्ली जं. एवं दिल्ली शाहदरा के मध्य रेल यातायात अस्थायी तौर पर बन्द रहेगा। इसके परिणामस्वरूप निम्नलिखित रेलगाड़ियां निम्नानुसार प्रभावित रहेंगी :–

**पुनर्निर्धारित /विनियमित (रोककर चलाई जाने वाली) रेलगाड़ियां**

| रेलगाड़ी संख्या एवं नाम | स्टेशन जहाँ पर रेलगाड़ी पुनर्निर्धारण/ विनियमित रहेंगी |
|---|---|
| 18102 जम्मू तवी–टाटानगर एक्सप्रेस | दिल्ली जं. पर विनियमित की जाएगी और समारोह समापन के बाद चलेगी |
| 12038 दिल्ली जं. - कोटद्वार सिद्धबली जनशताब्दी एक्स. | समारोह समापन के बाद 09:00 बजे चलेगी |
| 15910 लालगढ़ - डिब्रुगढ़ अवध असम एक्सप्रेस | दिल्ली जं. पर विनियमित की जाएगी और समारोह समापन के बाद चलेगी |
| 15484 दिल्ली जं.-अलीपुर द्वार सिक्किम महानन्दा एक्स. | समारोह समापन के बाद 08:50 बजे चलेगी |
| 04401 दिल्ली जं. - सहारनपुर डीएमयू एक्सप्रेस स्पेशल | समारोह समापन के बाद 09:10 बजे चलेगी |
| 12324 बाडमेर - हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस | रेवाड़ी–दिल्ली जं. के बीच 60 मिनट विनियमित की जायेगी |
| 04946 दिल्ली जं. - गाजियाबाद स्पेशल एक्सप्रेस | दिल्ली जं. पर विनियमित की जाएगी और समारोह समापन के बाद चलेगी |
| 12225 आजमगढ़ - दिल्ली जं. कैफियात एक्सप्रेस | दिनांक 14.08.2024 को आजमगढ़ से 90 मिनट की देरी से प्रस्थान करेगी |
| 14042 देहरादून - दिल्ली जं. मसूरी एक्सप्रेस | दिनांक 14.08.2024 को देहरादून से 70 मिनट की देरी से प्रस्थान करेगी |
| 04404 सहारनपुर - दिल्ली जं. एमईएमयू एमईएक्स स्पेशल | समारोह समापन तक गाजियाबाद – दिल्ली शाहदरा के बीच विनियमित की जायेगी |

**15 अगस्त, 2024 को निरस्त रहने वाली रेलगाड़ियां**

रेलगाड़ी संख्या 04413 गाजियाबाद – दिल्ली जंक्शन ईएमयू स्पेशल निरस्त रहेगी।
रेलगाड़ी संख्या 04486 दिल्ली जंक्शन – साहिबाबाद स्पेशल एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।
रेलगाड़ी संख्या 04447 गाजियाबाद – दिल्ली जंक्शन ईएमयू स्पेशल एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।
रेलगाड़ी संख्या 05000 शामली – दिल्ली जंक्शन स्पेशल एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।
रेलगाड़ी संख्या 04940 दिल्ली जंक्शन – गाजियाबाद ईएमयू निरस्त रहेंगी।

**15 अगस्त, 2024 को परिवर्तित मार्ग से चलाई जाने वाली रेलगाड़ियां**

| रेलगाड़ी संख्या एवं नाम | परिवर्तित मार्ग |
|---|---|
| 04091 खुर्जा – शकुरबस्ती एमईएक्स स्पेशल | साहिबाबाद-तिलक ब्रिज-नई दिल्ली-दिल्ली किशनगंज |
| 04339 बुलंदशहर – तिलक ब्रिज एक्सप्रेस स्पेशल | साहिबाबाद – तिलक ब्रिज |

**15 अगस्त, 2024 को रेलगाड़ियों का आंशिक निरस्तीकरण**

| रेलगाड़ी संख्या एवं नाम | स्टेशन, जहां रेलगाड़ी समाप्त होगी/प्रस्थान करेगी | स्टेशनों के बीच निरस्त |
|---|---|---|
| 04401 दिल्ली जं.-शामली-सहारनपुर डीएमयू स्पेशल एक्स. | शामली पर | शामली - सहारनपुर |
| 04402 सहारनपुर-शामली-दिल्ली जं. डीएमयू स्पेशल एक्स. | शामली से | सहारनपुर - शामली |
| 04288 दिल्ली जं.-अलीगढ़ एमईएमयू स्पेशल एक्सप्रेस | गाजियाबाद से | दिल्ली जं. - गाजियाबाद |
| 01622 सहारनपुर-शामली-दिल्ली जं. स्पेशल एक्सप्रेस | दिल्ली शाहदरा पर | दिल्ली शाहदरा -दिल्ली जं. |
| 01617 दिल्ली जं. - शामली स्पेशल एक्सप्रेस | दिल्ली शाहदरा से | दिल्ली जं.-दिल्ली शाहदरा |
| 04931 अलीगढ़-दिल्ली स्पेशल एक्सप्रेस | गाजियाबाद पर | गाजियाबाद- दिल्ली जं. |

विस्तृत विवरण के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

2514/24 | रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 | रेलमदद वेबसाइट देखें:– www.railmadad.indianrailways.gov.in | रेलमदद ऐप डाउनलोड करें | आज़ादी का अमृत महोत्सव | पर हमें फॉलो करें | उत्तर रेलवे सदैव आपकी सेवा में | हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें | जन सम्पर्क - उत्तर रेलवे

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**
**निविदा सूचना**
आज़ादी का अमृत महोत्सव

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतू निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110055 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्रम सं. | निविदा सं. | विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 93245979 | सर्ज अरेस्टर के लिए, लीकेज करंट एनालाइजर। मॉडल – SA30I, आरडीएसओ स्पेक नंबर TI/SPC/PSI/LC MLA/0030 के अनुसार, मेक स्कोप या समान। | 07 नग | 09.09.2024 |

निविदा शर्तें– 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाईट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैन्युअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगा।
टेंडर नोटिस सं.– 93245979, दिनांक 12.08.2024 2532/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल,जमशेदपुर**

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, जमशेदपुर के ई– निविदा संख्या – **07/2024-25/STPKG/RWD/EE/JSR** दिनांक **02.08.2024** का PR 331723 REO(24-25)D द्वारा प्रकाशित निविदा में पैकेज संख्या – **RWD/EE/JSR/STPKG/04/2024-25** के स्थान पर **RWD/EE/JSR/STPKG/05/2024-25** पढ़ा जाय।
निविदा की अन्य विवरणी यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, जमशेदपुर

PR 332624 (REO)24-25*D



**उत्तर रेलवे**
**निविदा सूचना**
आज़ादी का अमृत महोत्सव

**कार्य का नामः** डीआरएम एलएस प्लान हेड–42 (2023–24) के अंतर्गत इलेक्ट्रिकल कोचिंग दिल्ली मंडल के ए०सी०सी०/नई दिल्ली में प्री–कूलिंग कम बैटरी चार्जिंग (पीसीबीसी) पॉइंट की अनिवार्य सुविधा का उन्नयन।

| | |
|---|---|
| निविदा संख्या | 30–विद्युत–3T–कोचिंग–2024–25 |
| कार्य का अनुमानित लागत (रू0 में) | रू० 80,46,325/– |
| निविदा फार्म का मूल्य | शून्य |
| कार्यालय का पता | वरि० मण्डल विद्युत अभियंता/कोचिंग, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली |
| बयाना राशि | रू० 1,60,900/– |
| कार्य समाप्ति की अवधि | 04 महीने |
| निविदा जमा करने की तिथि व समय | 05.09.2024, 15:00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि व समय | 05.09.2024, 15:00 बजे तक |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड | www.ireps.gov.in व वरि० मण्डल विद्युत अभियंता/कोचिंग/दिल्ली |

2521/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**पहचान की अपील**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह व्यक्ति (फोटो में प्रदर्शित) जिसका **नामः** अज्ञात, **पुत्रः** अज्ञात, **पताः** अज्ञात, **उम्रः** लगभग 55 साल, **लिंगः** पुरूष, **कदः** 5 फुट 6 इंच, **रंगः** सांवला, **चेहराः** कुचला, **शरीरः** मजबूत, **चोट के निशानः** शरीर व चहेरा कुचला हुआ, दाहिना हाथ कोहनी से कटा हुआ, दोनों परै 2–3 जगह से टूटे हुए एवं शरीर में रगड़न के निशान, **पहनावाः** नीले रंग की चेकदार शर्ट जिसपर फूल पत्तीन बनी हुई एवं नीली व सफेद रंग की लुंगी पहने हुए है दिनांक 10.08.2024 को केएम पोल नंबर 4/20–4/18, डाउन मेन लाइन, गंदा नाला के पास, भारत नगर, दिल्ली थाना अन्तर्गत सब्जीमण्डी रेलवे स्टेशन, दिल्ली पर मृत अवस्था में पाया गया।
इस संदर्भ में **DD No. 21A, dated 10.08.2024** थाना सब्जीमण्डी रेलवे स्टेशन, दिल्ली में दर्ज है।
हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है।
मृतक के पहचान के लिए सब्जीमण्डी शवगृह, दिल्ली में 72 घंटे के लिए संरक्षित रखा गया है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

थाना प्रभारी
थाना– सब्जीमण्डी रेलवे स्टेशन, दिल्ली
फोनः 011-23696525, 8750871303

DP/10724/Rly/2024 (UIDB)



**पहचान की अपील**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक पुरुष **नामः मोहम्मद जफर, पुत्रः अज्ञात, निवासीः चांदनी चौक, दिल्ली** को **एएए अस्पताल** से लाया गया था और **06.08.2024** को **एलएनजेपी अस्पताल** में भर्ती कराया गया था और **09.08.2024** दोपहर **3:30 बजे** उसका मृत्यु हो गया। इस संबंध में **DD No: 27A दिनांक 09.08.2024** के तहत **थाना कोतवाली, दिल्ली** में मामला दर्ज कराया गया है।



मोहम्मद जफर

**शव का विवरण इस प्रकार हैः**

**नामः** मोहम्मद जफर, **लिंगः** पुरुष, **उम्रः** 51 वर्ष, **रंगः** गेहुंआ, **पहनावाः** अस्पताल के कपड़े।

स्थानीय पुलिस द्वारा मृतक का पता लगाने के लिए गंभीर प्रयास किए गए लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिला। यदि किसी को मृतक के बारे में कोई जानकारी हो तो कृपया नीचे हस्ताक्षरकर्ता को सूचित करें।

थानाध्यक्ष
थाना कोतवाली, दिल्ली
फोन नं. 8750870121, 8439609177

DP/10670/N/2024



**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा (इ–प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में ई–निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | **कार्य का नामः** सहायक मंडल अभियंता/नई दिल्ली के तहत वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/कार्य/आनंद विहार के अनुभाग में आनंद विहार रेलवे टर्मिनल पर ओवर हेड टैंक परिसर से स्टेशन भवन तक जलापूर्ति नेटवर्क का विस्तार और प्रतिस्थापन और वाशिंग लाइन 1, 2, 3 और प्लेटफार्म 2, 3 के लिए पुरानी खराब हो चुकी पानी की पाइप लाइन को बदलना और विभिन्न जल आउटलेट पर फ्लो मीटर का प्रावधान और प्लेटफार्म सतह, वाटर बूथ, अंडरपास और रास्तों को जोड़ने, दिव्यांगजन सुविधाओं, विभिन्न रैंपों पर स्टोन ग्रेनाइट की फ्लेमिंग और अन्य विभिन्न यात्री सुविधाओं की विशेष मरम्मत और नए रेलवे मानदंडों के अनुसार विभिन्न स्थानों पर आवश्यकतानुसार विभिन्न आवश्यक साइनेज का प्रावधान। | |
| 2 | **कार्य की अनुमानित लागत (रूपये):** Rs 2,59,30,576.22/- (रुपये दो करोड़ उनसठ लाख तीस हजार पांच सौ छिहत्तर और बाईस पैसे मात्र।) | |
| 3 | **बयाना राशि (रूपये):** Rs. 2,79,700.00/- (दो लाख उनासी हजार सात सौ रूपये मात्र।) | |
| 4 | **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये)** | Rs. 0.00 |
| 5 | **निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय** | 06.09.2024 को 15:00 तक। |
| 6 | **वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है** | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |
| 7 | **आवंटन** | 04–500–32 |

- ठेकेदारों को ई–टेण्डर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना चाहिए।
- सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें।
- मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी।
- निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

सं:128–W/280/इ–निविदा सूचना/27/2024–25/W–3 दिनांक: 12.08.2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2516/2024



**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता,**
**जल संसाधन संभाग, मरवाही**
**जिला-गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)**
**ई–प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
eProcurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in

**(प्रथम आमंत्रण)**

*सिस्टम निविदा क्र. 157398/निविदा सूचना क्र.04/वलेलि/2024-25, दिनांक 12.8.2024*

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक **03.9.2024,** समय 17.30 तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं :-

**कार्य का नाम :** बगड़ी जलाशय नहर लाईनिंग एवं जीर्णोद्धार कार्य।

**अनुमानित लागत : रु. 278.81 लाख**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **20.8.2024** समय 17.31 बजे से देखें तथा डाउनलोड किए जा सकते हैं।

**नोट** : 1. निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।
2. निविदा की अनुमानित लागत एस.ओ.आर. 01.8.2010 (संशोधित 22.8.2022) के अनुसार है।

**हस्ता./- कार्यपालन अभियंता**
**जल संसाधन संभाग मरवाही (छ.ग.)**
कृते-मुख्य अभियन्ता हसदेव कछार,
जल संसाधन विभाग, बिलासपुर (छ.ग.)

G-242501800/4



**छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, खारंग जल संसाधन संभाग बिलासपुर, जिला : बिलासपुर (छ.ग.)**
eProcurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in

**(प्रथम-आमंत्रण)**

*सिस्टम निविदा क्र. 157389/निविदा सूचना क्र.03/व.ले.लि./2024-25, दिनांक 12.8.2024*

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक **03.09.2024,** 17.30 बजे तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं :-

**कार्य का नाम :** बिलासपुर जिले के खारंग जलाशय अंतर्गत नरगोड़ा शाखा नहर/वितरक नहर, पोड़ी शाखा नहर/वितरक नहर एवं कौडिया शाखा नहर/वितरक नहर एवं पक्के कार्य का सुदृढ़ीकरण निर्माण कार्य।

**अनुमानित लागत : रु. 294.83 लाख**
(निविदा की अनुमानित लागत एस.ओ.आर. दिनांक 22.8.2022 के आधार पर)

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **20.08.2024** समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किए जा सकते हैं।

**नोट : 1** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

**2.** निविदाकार को इस निविदा में वर्ष 2023 में जारी किए गए pre Bid Qulification certificate (Valid up to 30.09.2024) का उपयोग अनिवार्य है।

**हस्ता./- कार्यपालन अभियंता**
**खारंग जल संसाधन संभाग बिलासपुर (छ.ग.)**

G-242501796/7

ईशावास्यमिदं सर्वं यत्किञ्च जगत्यां जगत्
भगवान इस जग के कण-कण में विद्यमान हैं।




संस्थापक: शहीद शिरोमणि लाला जगतनारायण जी, अमर शहीद रमेश चन्द्र जी एवं कलम के योद्धा अश्विनी कुमार जी

# शम्भू बार्डर का संग्राम

**वापिस** लिए जा चुके तीनों कृषि कानूनों के विरोध में हुए किसान आंदोलन को आसानी से भुलाया नहीं जा सकता। इतने लम्बे आंदोलन के दौरान पूरे घटनाक्रम से राहगीरों से लेकर राजनेता तक वाकिफ हैं। तब हरियाणा की तरफ से दिल्ली की तरफ बढ़ रहे किसानों को रोकने के लिए सड़कें खुदवा दी गई थीं, सड़कों पर कीलें बिछवा दी गई थीं और कंक्रीट की दीवारें खड़ी कर दी गई थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कृषि कानूनों को वापिस लेने की घोषणा के बाद दिल्ली की सीमाओं पर डटे किसान अपने घरों को लौट गए थे और एक साल तक कुंडली बार्डर पर बसा किसानों का गांव खाली कर दिया गया था। तब किसानों ने अपना संघर्ष जारी रखने का ऐलान किया था। तीनों कृषि कानूनों को वापिस लेते समय केन्द्र सरकार की तरफ से किए गए वादे पूरे न किए जाने पर पंजाब और हरियाणा के किसानों ने दिल्ली की तरफ कूच का ऐलान किया तो हरियाणा सरकार ने शम्भू बार्डर पर उन्हें रोक दिया। राजमार्ग पर फिर दीवारें खड़ी कर दी गई। कंटीली तारें लगा दी गईं। किसान कोई किसी दूसरे देश की सेना के जवान तो नहीं हैं जिनसे दिल्ली पर हमला कर देने का कोई खतरा है। उन्होंने तो लोकतांत्रिक तरीके से दिल्ली के रामलीला मैदान में इकट्ठा होकर अपनी मांगें रखने की अनुमति मांगी थी लेकिन हरियाणा सरकार ने उन्हें दिल्ली आने से रोकने के लिए बार्डर ही सील कर दिया। इसी वर्ष 12 फरवरी से किसानों ने वहीं अपना डेरा डाल दिया। कई दिन तक उन पर ड्रोन से आंसू गैस के गोले बरसाये गए ताकि वे वापिस लौट जाएं। उस दौरान हरियाणा पुलिस की तरफ से गोलीबारी भी की गई जिसमें एक किसान की मौत हो गई थी। उसके बाद से ही हरियाणा सरकार और किसानों में गतिरोध पैदा हो गया था। 6 महीने हो गए किसान भी डटे हुए हैं और बार्डर भी एक तरह से सील है।

> सर्वोच्च अदालत ने कहा था कि राजमार्गों को किसी भी रूप में रोका नहीं जाना चाहिए लेकिन किसानों से संवाद कायम करने की कोई कोशिश नहीं हुई। आंदोलन के चलते बार-बार सख्त पहरेदारी से लोग परेशान हैं। वैकल्पिक मार्गों से आने के लिए उनका काफी समय बर्बाद होता है। व्यापारियों को नुक्सान हो रहा है लेकिन लोगों की परेशानी को कोई समझ नहीं रहा। दिल्ली के शाहीन बाग में हुए धरने के वक्त भी सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि कोई भी व्यक्ति या समूह सार्वजनिक स्थानों को ब्लॉक नहीं कर सकता। किसी भी पब्लिक प्लेस पर अनिश्चितकाल के लिए कब्जा नहीं किया जा सकता।

स्थानीय प्रशासन किसानों को मनाने में पूरी तरह से नाकाम साबित हुआ। बार्डर सील किए जाने की वजह से हजारों लोगों को रोजाना मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। व्यापारियों और दुकानदारों की मुश्किलों का कोई अंत होता दिखाई नहीं दिया तो उन्होंने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में गुहार लगाई थी। तब अदालत ने राज्य सरकार से एक हफ्ते के भीतर अवरोधक हटाने का आदेश दिया था। इस आदेश के खिलाफ हरियाणा सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय का द्वार खटखटाया था। तब सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा था कि शम्भू बार्डर से तुरन्त अवरोधक हटाए जाएं।

किसान भी देश के नागरिक हैं और उन्हें भी अपनी मांग रखने का अधिकार है। सर्वोच्च अदालत ने कहा था कि राजमार्गों को किसी भी रूप में रोका नहीं जाना चाहिए लेकिन किसानों से संवाद कायम करने की कोई कोशिश नहीं हुई। आंदोलन के चलते बार-बार सख्त पहरेदारी से लोग परेशान हैं। वैकल्पिक मार्गों से आने के लिए उनका काफी समय बर्बाद होता है। व्यापारियों को नुक्सान हो रहा है लेकिन लोगों की परेशानी को कोई समझ नहीं रहा। दिल्ली के शाहीन बाग में हुए धरने के वक्त भी सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि कोई भी व्यक्ति या समूह सार्वजनिक स्थानों को ब्लॉक नहीं कर सकता। किसी भी पब्लिक प्लैस पर अनिश्चितकाल के लिए कब्जा नहीं किया जा सकता। विरोध-प्रदर्शन तय जगहों पर ही होना चाहिए। आंदोलनकारियों का सार्वजनिक जगहों पर प्रदर्शन लोगों के अधिकारों का हनन है और कानून इसकी इजाजत नहीं देता। शम्भू बार्डर पर डटे किसानों द्वारा रेल पटरियों पर धरने दिए जाने से पंजाब जाने वाली ट्रेनें कई दिन तक ठप्प रहीं या उनके रूट बदले गए जिससे रेलवे को करोड़ों का नुक्सान हुआ। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने दो टूक शब्दों में कहा कि हाइवे पार्किंग के लिए नहीं है। पीठ ने वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं, बीमार लोगों को ले जाने के लिए एम्बुलैंस गाड़ियों के जाने के लिए शम्भु बार्डर के दोनों तरफ की सड़क की एक-एक लेन खोलने का निर्देश देते हुए पंजाब और हरियाणा के पुलिस प्रमुखों को पटियाला, अम्बाला जिलों के पुलिस अधीक्षकों के साथ एक हफ्ते के अन्दर बैठक करने को कहा।

सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार से प्रदर्शनकारी किसानों को सड़क से ट्रैक्टर हटाने के लिए राजी करने को भी कहा है। पंजाब और हरियाणा की सरकारों ने किसानों से बातचीत के लिए गैर राजनीतिक लोगों के नाम भी सुझाए हैं। गैर राजनीतिक लोग किसानों से बातचीत करेंगे और उन्हें जनता को हो रही परेशानियों के संबंध में अवगत कराएंगे। गैर राजनीतिक लोगों की बातें सुनकर सम्भव है कि किसान भी जनता की परेशानियों को समझेंगे और कोई न कोई समाधान निकालेंगे। शम्भू बार्डर खुलवाने के लिए अब संवाद की जरूरत है क्योंकि प्रशासन ने बल प्रयोग करके देख लिया। बल प्रयोग के परिणाम अक्सर नाकारात्मक होते हैं। बेहतर यही होगा कि बातचीत से मसले का हल निकाला जाए और इस मुद्दे पर अब राजनीति नहीं की जाए। उम्मीद है कि शम्भू बार्डर पर चल रहा संग्राम शांतिपूर्ण तरीके से खत्म हो जाएगा।

**आदित्य नारायण चोपड़ा**
Adityachopra@punjabkesari.com

## सशक्त हो जाओ मेरे देश की मातृशक्ति...



लुटती देख नारी की इज्जत यह भारत देश है रोया,
कभी सड़कों पर तो कभी घर में ही नारी ने सम्मान खोया,
अपनों से ही धोखा पाया, परायों से क्या मांगू मदद गुहार,
नारी सम्मान, नारी सशक्तिकरण बस रह गया है किताबी विचार,
अरे जाग जाओ सत्ता पर बैठने वालो फिर से बंगाल में क्या होया,
बेबस होकर उस दरिंदे के आगे फिर से एक बेटी ने अपना जीवन खोया,
आखिर कब तक! हम नारियों को यूं ही अपना जीवन खोना पड़ेगा,
सशक्त हो जाओ मेरे देश की मातृशक्ति, इन कायरों की भीड़ में अब तुम्हें ही जागृत होना होगा !!

**गीता पाढा**

## नहर में कार गिरने से पांच लोगों की मौत

**औरंगाबाद** (बिहार), (पंजाब केसरी): बिहार के औरंगाबाद जिले के दाऊदनगर थाना अंतर्गत चमन बिगाहा गांव के समीप मंगलवार को एक कार अनियंत्रित होकर एक नहर में गिर गई जिससे गाड़ी में सवार पांच लोगों की मृत्यु हो गई। दाऊदनगर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार ऋषिराज ने बताया कि हादसा बारुण रोड पर हुआ है तथा कार के मालिक का फोन नंबर मिलने पर उससे संपर्क किया गया। ऋषिराज के मुताबिक, कार मालिक ने बताया कि गाड़ी में सवार लोग पटना शहर के राजीव नगर थाना क्षेत्र के रहने वाले थे। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान की जा रही है। एफएसएल टीम को घटनास्थल पर भेजा गया है।

# बंगलादेश में हिन्दुओं के संहार पर जुबां नहीं खुली...



**फिरोज बख्त अहमद**

**शेख हसीना** की सत्ता परिवर्तन के बाद पिछले काफी दिनों से बंगलादेशी हिंदुओं के साथ जो बर्बरता और अमानवीय व्यवहार दुनिया देख रही है, उस पर न तो 'अवार्ड वापसी गैंग, न ही 'लुटियंस गैंग', न ही 'मोमबत्ती गैंग' की ओर से सड़क पर आने और जलसे-जुलूस की तो बात ही छोड़िए, इनकी तो जुबान ही नहीं खुली है। बड़े खेद का विषय है, इसके साथ ही साथ, इंडी गठबंधन, विपक्ष और वामपंथ को भी सांप सूंघ गया है। बंगलादेशी हिंदू भी इन्सान हैं और अपने देश की उन्नति में उनका बराबर का हाथ है। जिस प्रकार का हृदय विदारक दृश्य बलात्कारियों द्वारा हिंदू युवतियों, घरों और मंदिरों को आग लगाने और बर्बाद करने के समाचार और वीडियो आ रहे हैं, उन से भारत में बड़ी चिंता है और यहां की संसद में भी इस मुद्दे को उठाया गया था।

जिस प्रकार से कांग्रेस नेता, सलमान खुर्शीद ने भारत में एक समाज को भड़काने की धमकी दी थी कि जो बंगलादेश में हो रहा है, वह भारत में भी हो सकता है, एक अराजकतावादी और देशद्रोह की भावना से दूषित है और जिसके लिए उन्हें माफ़ी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा-कश्मीर में सब कुछ सामान्य दिख सकता है। यहां सब कुछ सामान्य लग सकता है। हम जीत का जश्न मना रहे होंगे, हालांकि निश्चित रूप से सब कुछ सही नहीं है। इस पर अपना रोष प्रकट करते हुए उपराष्ट्रपति, श्री जगदीप धनखड़ ने कहा कि कुछ लोग भारत की तुलना बंगलादेश से कर रहे हैं, जो कि अत्यंत चिंताजनक पहलू है।

भारत जैसे शांतिप्रिय देश में, इस प्रकार की भड़कीली बयानबाजी का कोई स्थान नहीं है। इससे पूर्व भी वे पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री, ममता बनर्जी के विवादास्पद बयानों पर बतौर बंगाल राज्यपाल अपना रोष प्रकट करते रहे हैं।

भाजपा जो कि सत्तारूढ़ है, उसने सलमान के इस बयान पर कड़ी आपत्ति जताई और पार्टी प्रवक्ता, संबित पात्रा ने इस बयान को देश विरोधी बताते हुए कहा कि जब हम पड़ोसी देशों में ऐसे हालत देख रहे हैं, मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस चाहती है कि भारत में भी ऐसी ही स्थिति हो। खुर्शीद ने एक कार्यक्रम में कहा था कि ऊपरी तौर पर भले ही सब कुछ सामान्य लगे लेकिन बंगलादेश में जो हो रहा है, वह भारत में भी हो सकता है। वास्तव में इस प्रकार के बयानों से मुसलमानों की साख पर भी बट्टा लगता है और सरकार और संगठन सोचते हैं कि सभी मुस्लिम इस प्रकार की विचारधारा रखते हैं, जो कि झूठ है क्योंकि अधिकतर भारतीय मुस्लिम राष्ट्रभक्त और इस सरकार में आस्था रखने वाला है।

सलमान खुर्शीद के बयान का अर्थ यह हुआ कि वह या तो छात्रों या सभी भारत वासियों को इस बात के लिए प्रेरित कर रहे हैं कि वे भी सड़कों पर आ कर अव्यवस्था फैलाएं, तोड़-फोड़ करें आदि। एक ऐसे व्यक्ति को जो सांसद व मंत्री रह चुका है, असदुद्दीन ओवैसी की तरह कानून की पढ़ाई विदेश से कर चुका है, बार-एट-लॉ हा, इस प्रकार की भड़काने वाली भाषा शोभा नहीं देती। ऐसी भाषा शायद उन्होंने इस लिए भी बोली कि वह इंडिया इस्लामिक कल्चरल सेंटर के अध्यक्ष होने का चुनाव भी लड़ रहे हैं और उन्हें इस प्रकार के ग़ैर जिम्मेदाराना बयान से शायद गद्दी हासिल हो जाए। परिपक्व विचारधारा वाले तो उन्हें वोट नहीं देंगे मगर उन्हीं की सोच पर चलने वाले अवश्य उन्हें वोट दे सकते हैं।

इंडी के कई नेता भी वही विचारधारा रखते हैं, मगर भारत के कानून के साथ समस्या यह है कि यहां, अभिव्यक्ति की आज़ादी के अंतर्गत जिस प्रकार के देश विरोधी जहर को निगला जाता है और देश को जलाने वाली आग को झेला जाता हो, काफी लोग इसका अनुचित लाभ उठा रहे हैं और आए दिन कभी सरकार पर तो कभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमले करते रहते हैं। कुछ हद तक मणि शंकर अय्यर ने भी इसी बात को दोहराया। वैसे वे इस प्रकार की भाषा से आए दिन शांत वातावरण को गरमाते रहते हैं।








इन तमाम बातों को लेकर कुछ संगठन कह रहे हैं कि 'अवार्ड वापसी गैंग', 'लुटियंस गैंग', 'मोमबत्ती गैंग', विपक्षी आदि गाज़ा को न्याय दिलाने की बात तो कर रहे हैं, मगर बंगलादेश पर चुप्पी बनाए हुए हैं। वही लोग और संगठन जो बंगलादेश के हिंदुओं को बचाने की बात कर रहे हैं, और सही कर रहे हैं, गाज़ा पर चुप्पी सादे हुए हैं यह भी पूरी तरह से अनुचित है, इस प्रकार की मानसिकता रखने वालों को भी किसी भी दृष्टिकोण से ठीक नहीं ठहराया जा सकता है। सच्चाई तो यह है कि मानवता पर जहां-जहां जुल्म ढाया जाता है उस पर राजनीति न करते हुए मानवता के आधार पर पर उसका खुलकर विरोध हर प्रकार से होना चाहिए। गाज़ा और बंगलादेश में हो रहे अत्याचार पर पूरे विश्व को आवाज उठानी चाहिए और इसे तुरंत रोकने का प्रयत्न करना चाहिए।

जिस प्रकार से बंगलादेश में हिंदुओं पर ज़ुल्म ढाया जा रहा है, भारत समेत सभी देश चुप हैं। हमने तो भारत में उन लाखों मुस्लिम रोहिंग्या शरणार्थियों को शरण दे रखी है, जिनको कई वर्ष पूर्व म्यांमार की सेना ने खदेड़ दिया था। सही मायनों में भारत एक वेलफ़ेयर स्टेट है, क्योंकि भारत तो तिब्बत, अफ़ग़ानिस्तान, पाकिस्तान आदि से आए सभी शरणार्थियों को रहने की जगह देता है, जबकि रोहिंग्या मुस्लिम शरणार्थियों को सिवाए बंगलादेश के किसी भी 56 में से एक मुस्लिम देश ने भी शरण नहीं दी, क्योंकि इनमें से एक भी वेलफ़ेयर स्टेट नहीं है। मानवता पर जहां भी अत्याचार होता है, वहां हमें धर्म और राजनीति से ऊपर उठ कर लूटे-पिटे बर्बाद हाल लोगों का ध्यान करना चाहिए।

इन शरणार्थियों को भी इस बात को गांठ में बांध कर रख लेना चाहिए कि जिस देश ने उन्हें शरण दी है, वह उनके लिए भगवान समान है और वहां पर उस देश के विरोध में गतिविधियों से हर हालत में बचना चाहिए, जैसा कि कभी-कभी फ्रांस, बेल्जियम, ब्रिटेन, जर्मनी आदि में देखने में आता है। राष्ट्रभक्त भारतीय मुसलमानों को समय-समय पर इस प्रकार राजनीतिक लोग भड़काने की कोशिश करते हैं मगर वे इस्लामिक हदीस, "हुब्बुल वतनी, निस्फुल ईमान" में विश्वास रखते हैं कि आधा ईमान ही वतन से वफ़ादारी है। सलमान साहब और ओवैसी जैसे नेता आते-जाते रहेंगे, मगर मुस्लिम अपने अल्लाह, हज़रत मुहम्मद (सल्लल.),संविधान और हदीस को ही मानेंगे और दिल से भारत के वफादार हैं और रहेंगे। जयहिन्द

# यूपी में धर्मांतरण कानून में बड़ा बदलाव

**रोहित माहेश्वरी**

**चार** साल पहले उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने गैरकानूनी धर्म परिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम लागू किया था। अब सरकार ने धर्मांतरण कानून में बड़ा बदलाव किया है। जिसमें सजा और जुर्माना राशि दोनों बढ़ाई गई है। साथ ही इसे अधिक व्यापक रूप से लागू करने योग्य बनाया गया है। बीते दिनों विधानमंडल के मानसून सत्र में विधानसभा में सरकार द्वारा पेश किए गए इस संशोधन विधेयक के उद्देश्यों को लेकर कहा गया है कि यह विधेयक कुछ समूहों, जिनमें नाबालिग, दिव्यांग, महिलाएं, एससी-एसटी समुदायों के लोग शामिल हैं, की सुरक्षा के उद्देश्य से लाया गया है। सरकार का तर्क है कि धर्मांतरण के मामले में कड़ी सजा और जुर्माने की जरूरत थी जो इसमें किया गया है। नए धर्मांतरण कानून में कहा गया है कि यदि कोई शख्स किसी व्यक्ति को जबरन डरा-धमकाकर या जान-माल की धमकी देकर उसका धर्म परिवर्तन कराता है तो यह गंभीर अपराध की श्रेणी में आएगा। इसी तरह यदि कोई व्यक्ति धर्म परिवर्तन के बाद जानबूझकर किसी नाबालिग लड़की से शादी करता है या महिला की तस्करी करता है तो यह भी गंभीर अपराध माना जाएगा।

संशोधित कानून में दो प्रावधान सबसे अहम हैं। पहला, अगर दोषी व्यक्ति विदेशी या गैरकानूनी एजेंसियों से जुड़ा हुआ पाया जाता है तो उसे 10 लाख रुपये का जुर्माना और 14 साल तक की कैद हो सकती है। दूसरा, किसी व्यक्ति को बहला-फुसलाकर या उकसाकर गैरकानूनी धर्मांतरण कराने पर 20 साल से लेकर उम्रकैद तक की सजा का प्रावधान है। यह प्रावधान खास तौर पर एससी-एसटी समुदाय की नाबालिग लड़कियों या महिलाओं के गैरकानूनी धर्मांतरण के मामलों पर लागू होगा। दोषी व्यक्तियों को अवैध धर्मांतरण का शिकार हुए लोगों को मुआवजा भी देना होगा। 2021 में पारित अधिनियम में गैरकानूनी धर्मांतरण के लिए अधिकतम 10 साल की सजा का प्रावधान था।

सरकार के अनुसार अभी के दंडात्मक प्रावधान इन समूहों से जुड़े लोगों का 'एकल धर्मान्तरण और सामूहिक धर्मांतरण को रोकने और नियंत्रण' करने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। विधेयक में इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश रोहित रंजन अग्रवाल के 01 जुलाई को दिए आदेश की रोशनी भी झलकती है। अपने आदेश में एक आरोपी की जमानत याचिका खारिज करते हुए न्यायाधीश ने कहा था-'उत्तर प्रदेश में एससी-एसटी और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को ईसाई धर्म में धर्मांतरण की अवैध गतिविधियां बड़े पैमाने पर चल रही हैं।'

यह संशोधन पूर्व में उत्पन्न कठिनाइयों का भी समाधान करेगा जो धारा 4 के तहत दर्ज हुईं थी। धारा 4 'किसी भी पीड़ित व्यक्ति, उसके माता-पिता, भाई-बहन या किसी भी अन्य व्यक्ति को जो रक्त सम्बंधी, विवाह या गोद लेने से सम्बंधित हैं, को ही रिपोर्ट दर्ज कराने की अनुमति देने से जुड़ी थी।' इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वर्ष 2023 में कम से कम दो मौकों पर यह निर्धारित किया है कि 'किसी भी पीड़ित' का मतलब यह नहीं है कि कोई भी गैरकानूनी धर्मांतरण के लिए एफआईआर दर्ज करा सकता है।

सितम्बर 2023 में, जोस पापाचेन बनाम उप्र सरकार मामले में कोर्ट ने निर्धारित किया था 'केवल पीड़ित व्यक्ति ही' और 'उसका परिवार माता-पिता, भाई-बहन आदि' ही धर्मांतरण मामले में प्राथमिकी दर्ज करा सकते हैं। फरवरी 2023 में भी हाईकोर्ट ने फतेहपुर सामूहिक धर्मांतरण मामले में भी इसी तरह का आदेश दिया था।

संशोधन के जरिए 'एफआईआर कौन दर्ज करा सकता है' के शब्दों में भी बदलाव किया गया है। धारा 4 के शब्दों में बदलाव कर उन कठिनाइयों को सम्बोधित किया गया है जो उत्पन्न हुईं हैं। संशोधित प्रावधान में उल्लेखित है 'कोई भी व्यक्ति' 2021 के अधिनियम के उल्लंघन पर प्राथमिकी दर्ज करा सकता है जैसा कि नए आपराधिक प्रक्रिया कानून, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 में प्रावधान है। बीएनएसएस की धारा 173 में एफआईआर दर्ज कराने के प्रावधानों में है कि कोई भी व्यक्ति किसी भी थाने में अधिनियम के तहत कथित अपराधों के लिए रिपोर्ट दर्ज करा सकता है।



2021 के अधिनियम की धारा 3 'गलत तरीकों, बलपूर्वक, अनुचित दबाव, लालच' आदि से धर्म परिवर्तन को दंडनीय अपराध बनाने से सम्बद्ध है। धारा 3 के तहत आरोपित लोगों के लिए कठोर जमानत शर्तों को उसी तरह लागू करने का प्रावधान है जिस तरह मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम 2002 और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम 1967 में है। अब एक नई धारा 7 के तहत किसी भी आरोपी को जमानत पर तब तक रिहा नहीं किया जा सकता जब तक दो शर्तें पूरी न हो जाएं। इसमें पहली शर्त है -पब्लिक प्रॉसीक्यूटर को जमानत अर्जी का विरोध करने का अवसर दिया जाना चाहिए।

दूसरी शर्त है कि कोर्ट को इस बात से संतुष्ट होना चाहिए कि 'ऐसा विश्वास करने के लिए उचित आधार है कि व्यक्ति ऐसे अपराध का दोषी नहीं है और जमानत पर रहने के दौरान कोई अपराध नहीं करेगा।' दंड व जुर्माना राशि में कितनी वृद्धि धारा 5 के तहत अपराध में दो नई श्रेणियों को जोड़ा गया है। पहला-अवैध धर्म परिवर्तन के लिए आरोपी ने किसी विदेशी या अवैध संस्थाओं से धन लिया हो, उसे सात से चैदह वर्ष के कठोर कारावास से दंडित किया जाएगा और उसे न्यूनतम 10 लाख रुपए का जुर्माना भी देना होगा।

दूसरा- धर्मांतरण के लिए किसी को डराने, विवाह का वादा करने या फिर महिला या व्यक्ति की तस्करी करने या उन्हें बेचने की साजिश रचने पर कम से कम 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा का प्रावधान है, जिसे आजीवन कारावास तक बढ़ाया जा सकता है। 2021 में पारित कानून में अधिकतम सजा 10 साल थी ।

भाजपा शासित अन्य राज्यों जैसे उत्तराखंड, गुजरात और मध्य प्रदेश में भी धर्मान्तरण विरोधी कानून बनाए गए हैं। उत्तर प्रदेश के संशोधन विधेयक की तर्ज पर अन्य राज्यों में भी ऐसे ही विधेयक पेश किए जा सकते हैं। राजस्थान विधानसभा के इसी सत्र में धर्म परिवर्तन पर रोकथाम के लिए सख्त कानून बनाने की मांग उठी है।

नए धर्मांतरण विधेयक के खिलाफ समाजवादी पार्टी से लेकर कांग्रेस तक ने मोर्चा खोल दिया है। विपक्ष का सबसे बड़ा तर्क है कि इससे झूठी शिकायतों की बाढ़ आ जाएगी। कांग्रेस का कहना है कि राज्य सरकार को एक कमीशन भी बनाना चाहिए जो इस बात की जांच करे करे कि जो शिकायत दी गई है वह सही भी है या नहीं। उधर, समाजवादी पार्टी का कहना है कि अगर अलग-अलग धर्म के दो लोगों ने अपनी मर्जी से शादी कर ली और इस केस में उनके मां-बाप भी राजी हैं, तब भी नए विधेयक के अनुसार कोई तीसरा व्यक्ति इसकी शिकायत कर सकता है। यह सीधे-सीधे संवैधानिक अधिकारों के खिलाफ है। इन कानूनों का विरोध भी हो रहा है। यही वजह है कि व्यक्तिगत रूप से अनेक लोगों, सिटीजन्स फॉर जस्टिस एंड पीस (सीजेपी) तथा जमीयत-उलेमा-ए-हिन्द जैसे एनजीओ ने ऐसे कानूनों को विभिन्न अदालतों में चुनौती दी है। सीजेपी ने ऐसी सभी चुनौतियों को सुप्रीम कोर्ट में स्थानान्तरण के लिए याचिका लगाई है। शीर्षस्थ अदालत को अभी निर्णय करना बाकी है।

धर्मांतरण विरोधी कानून भारत में एक बहस का विषय है। कुछ लोगों का मानना है कि देश की सांस्कृतिक और सामाजिक एकता के लिए ये कानून जरूरी हैं। वहीं, दूसरों का कहना है कि ये कानून अल्पसंख्यकों के शोषण का जरिया हैं और धर्म की स्वतंत्रता के अधिकार का हनन करते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि धर्मांतरण विरोधी कानून संवैधानिक हैं, बशर्ते कि वे किसी व्यक्ति के धर्म की स्वतंत्रता के अधिकार में हस्तक्षेप न करते हों। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने तो हाल में ये टिप्पणी की थी कि अगर धर्मांतरण पर लगाम नहीं लगी तो बहुसंख्यक हिंदू अल्पसंख्यक हो जाएगा।

## कुछ लोग भारत के तेजी से होते विकास को पचा नहीं पा रहे

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): अमेरिकी शोध एवं निवेश कंपनी हिंडनबर्ग के आरोपों की जेपीसी (संयुक्त संसदीय समिति) जांच की मांग को लेकर विपक्ष पर निशाना साधते हुए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को कहा कि भारत बेहद तेज गति से विकास कर रहा है, लेकिन कुछ लोग अस्थिरता लाना चाहते हैं। उपराष्ट्रपति की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब विपक्ष ने भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (सेबी) की अध्यक्ष माधवी बुच के खिलाफ हिंडनबर्ग के आरोपों को लेकर सरकार पर हमला तेज कर दिया है। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि अगर जेपीसी जांच शुरू नहीं की गई तो देशव्यापी आंदोलन होगा। भाजपा ने इस मांग को भारतीय अर्थव्यवस्था को कमजोर करने के उद्देश्य से किया गया एक "ढकोसला" करार दिया है।

'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत भारत मंडपम से 'तिरंगा बाइक रैली' को हरी झंडी दिखाए जाने के मौके पर धनखड़ ने अपने संबोधन में कहा, "साथियों, हमारे देश का विकास बेहद तेज गति से हो रहा है। कुछ लोग इसे पचा नहीं पा रहे हैं, वे अवरोध उत्पन्न करना और अस्थिरता लाना चाहते हैं।" उन्होंने कहा-वे सोचते हैं कि अगर भारत इसी तरह आगे बढ़ता रहा तो निश्चित रूप से विश्व गुरु बन जाएगा। जो लोग अवरोध पैदा करते हैं, कहीं से कुछ भी बात उठ जाए उसको प्रामाणिक मानते हैं...। उपराष्ट्रपति ने कहा, "मैं देश को सावधान करना चाहता हूं, मैं नागरिकों से आग्रह करता हूं कि वे ऐसी ताकतों, देश विरोधी ताकतों, खतरनाक मकसद वालों से बेहद सतर्क रहें। उनका एकमात्र उद्देश्य भारत को अस्थिर करना है, ताकि हमारी प्रगति बाधित हो।"



धनखड़ ने कहा कि 'हर घर तिरंगा' अभियान 'विकसित भारत' के प्रति देश की प्रतिबद्धता को दर्शाता है और दिखाता है कि यह सदी "भारत की सदी" है।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि उनके मन में कोई संदेह नहीं है कि आज प्रत्येक भारतीय देश विरोधी ताकतों को परास्त करने का संकल्प लेंगे। उन्होंने कहा कि 'हर घर तिरंगा' अभियान भारतीयों को देश विरोधी ताकतों को परास्त करने के लिए एकजुट होने के लिए प्रेरित करता है। धनखड़ ने कहा-मैं सभी देशवासियों से अपील करता हूं कि हर परिस्थितियों में देश के हित को व्यक्ति, राजनीति और समाज के हितों से ऊपर रखना चाहिए। हमारे देश के उन शत्रुओं को हराने के लिए एकजुट होना चाहिए जो हमारे अभूतपूर्व विकास को बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को सही रास्ता दिखाना चाहिए और उन्हें दिखाना चाहिए कि हमारी संस्कृति कितनी समृद्ध है।

## मथुरा-वृन्दावन में दो दिन मनाई जाएगी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

> ● जन्माष्टमी का पर्व 26 अगस्त की मध्य रात्रि को मनाया जाएगा

**मथुरा,** (भाषा): उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी मथुरा-वृन्दावन में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव दो दिन मनाया जाएगा जिसके लिए व्यापक सुरक्षा के इंतजाम किये जा रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि ब्रज में इन दिनों श्रीकृष्ण का 5251 वां जन्मदिन धूमधाम से मनाने के लिए व्यापक तैयारियां चल रही हैं। मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मस्थान सहित सभी प्रमुख मंदिरों में जन्माष्टमी का पर्व 26 अगस्त की मध्य रात्रि को मनाया जाएगा, जबकि वृन्दावन के ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में जन्माष्टमी 27 अगस्त की रात्रि में मनाई जाएगी। ऐसे में यहां आने वाले श्रद्धालु दो-दो दिन जन्माष्टमी का आनन्द ले सकेंगे।

हर वर्ष भाद्रपद मास के कृष्णपक्ष की अष्टमी तिथि की मध्यरात्रि भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया जाता है। इसके दूसरे दिन नवमी के अवसर पर मंदिरों में नन्दोत्सव (कृष्ण जन्म की खुशी का उत्सव) मनाया जाता है।

दिल्ली आर.एन.आई. नं. 40474/83
पंजाब केसरी
दिल्ली कार्यालय :
फोन आफिस: 011-30712200, 45212200,
प्रसार विभाग: 011-30712224
विज्ञापन विभाग: 011-30712229
सम्पादकीय विभाग: 011-30712292-93
मैगजीन विभाग: 011-30712330
फैक्स : 91-11-30712290, 30712384, 011-45212383, 84
Email: Editorial@punjabkesari.com

स्वत्वाधिकारी दैनिक समाचार लिमिटेड, 2-प्रिंटिंग प्रेस कॉम्पलैक्स, नजदीक वजीरपुर डीटीसी डिपो, दिल्ली-110035 के लिए मुद्रक, प्रकाशक तथा सम्पादक अनिल शारदा द्वारा पंजाब केसरी प्रिंटिंग प्रैस, 2-प्रिंटिंग प्रैस कॉम्पलैक्स, वजीरपुर, दिल्ली से मुद्रित तथा 2, प्रिंटिंग प्रैस कॉम्पलैक्स, वजीरपुर, दिल्ली से प्रकाशित।

### जांटी कलां शाखा सोनीपत

# हरियाली तीज की बहार

## वरिष्ठ सदस्यों का सामूहिक जन्मोत्सव मनाया

वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब समय-समय पर भारतीय पर्व और महोत्सव पूरे उत्साह व जोश से मनाता चला आ रहा है, जिसमें वरिष्ठजनों का उत्साह, उनकी मस्ती व मर्यादा में आयोजित कार्यक्रमों की छटा ही निराली है। उसी कड़ी में गत् दिनों जांटी कलां सोनीपत शाखा







म` '
हरियाली तीज पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। जिसमें वरिष्ठ सदस्यों ने मधुर गीतों, मनमोहनी रागनियों से समां बांध दिया। शाखाध्यक्ष कमलेश देवी, वरिष्ठ सदस्य सदाराम गुप्ता, राम लाल, प्रेमवती, मानती देवी का सामूहिक जन्मोत्सव सदस्यों ने नाच-गाकर सावन के झूले झूलते हुए शानदार ढंग से मनाया। सदस्यों के साथ उनके पारिवारिक सदस्य भी खुशियों से झूम उठे। सदा राम गुप्ता, विमला देवी की 53वीं वैवाहिक वर्षगांठ भी सबने हर्षोल्लास से मनाई। मिष्ठान्न प्रसाद के साथ शाखा समाप्त हुई।

**स्थान:** उमेश चंद मैंमोरियल स्कूल, जांटी कलां शाखा सोनीपत (हरि.) नियर सरकारी स्कूल जांटी कलां
हैल्पलाइन नं. : 8708372858





# वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब में खुशियां ही खुशियां



गत् दिनों पंजाब केसरी कार्यालय वजीरपुर नई दिल्ली में चेयरपर्सन श्रीमती किरण चोपड़ा की अध्यक्षता में विशेष बैठक हुई। जिसमें क्लब की संस्थापक श्रीमती चोपड़ा ने कहा- जब मैंने वरिष्ठ नागरिकों की सेवा का कार्य प्रारम्भ किया तो लोग विश्वास नहीं करते थे। परंतु आज हजारों देश - विदेश के प्रतिभाशाली वरिष्ठ नागरिक जुड़ चुके हैं। जिनकी बदौलत मुझे नई ताकत मिली। अब केसरी क्लब विश्व में पहली बार सैंकड़ों जरूरतमंद बुजुर्गों को एडोप्ट करके उनको दवा भोजन व जीवन उपयोगी साधन उपलब्ध कराये जाते हैं। आज देश और दुनिया में लाखों वरिष्ठजनों को प्रिंट मीडिया, सोशल मीडिया द्वारा स्वास्थ्य, मनोरंजन, व हास्य योग गतिविधियों द्वारा 22 केसरी क्लब शाखाओं के माध्यम से रचनात्मक कार्य भी किये जाते हैं। रैम्प वॉक, रिश्तों की प्रतियोगिताएं, देश-विदेश में मनोरंजक टूर, स्पोर्ट-डे तथा योग कैम्प के माध्यम से विशेष गतविधियां संचालित की जा रही हैं। हम वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब के 21वें वर्ष में उत्साहपूर्वक नव प्रवेश कर रहे हैं। उन्होंने आहवा्न किया।



1 अक्टूबर 2024 अन्तर्राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस सभी शाखाएं नई-नई गतिविधियों का माध्यम से जोशीले वातावरण में मनाएं। इस अवसर पर सभी शाखाओं के शाखाध्यक्ष गुड़गांव से धर्म सागर, को-हैड दयानंद कवात्रा, सहयोगी पूनम भटनागर, पूर्वी दिल्ली से कमल खन्ना, अशोक खन्ना, मॉडल टाउन से बीनू चौहान, रेखा ग्रोवर, वीना गुप्ता, पंजाबी बाग से किरण मदान, को-हैड रूबी खुराना, करूणा गोयल, ग्रीन पार्क से रेणू गुलाटी, को-हैड बलदेव राज गाबा, पटेल नगर से उषा शास्त्री व सहयोगी। रोहिणी से डी सी खन्ना, को-हैड वेद प्रभा, सहयोगी कमल अरोड़ा, जांटी कलां से कमलेश देवी-बिमलेश, ग्रेटर कैलाश व नोएडा से अंजू कश्यप, पश्चिम विहार से रमा अग्रवाल, को-हैड उर्मिल बेदी, चौखंडी से को-हैड महेश बग्गा, नरेला को-हैड राम किशन वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे। सभी शाखाध्यक्षों ने विशेष कार्यक्रमों के साथ सेवा कार्यों से केसरी क्लब को आगे बढ़ाने का शुभ संकल्प लिया। इस अवसर पर क्लब को नव जीवन प्रदान करने वाले वरिष्ठ सदस्यों राजमाता कमला ठुकराल, माता शीला कपूर व पी.डी. अग्रवाल को भी याद किया गया।

























# अपस्किलिंग और रीस्किलिंग बुजुर्गों को जरूरी

हमें रिटायर हुए 5 वर्ष हो गए और पढ़ाई छोड़े तो 40 वर्ष हो गए। हम जब पढ़ते थे तब मैथमेटिक्स की पढ़ाई का तरीका आज के तरीके से बिल्कुल भिन्न था। आज कभी घर में छोटे बच्चे जब मैथमेटिक्स का कोई सवाल पूछने आ जाते हैं तो हम इधर-उधर झांकने लगते हैं। कारण कि हम जिस तरीके से उस सवाल का सॉल्यूशन ढूंढते हैं उस तरीके से बच्चे अनभिज्ञ रहते हैं। भाषा ज्ञान को छोड़ दें तो यही दिक्कत और विषयों में भी आती है।



विजय मारू

आगे कॉलेज की पढ़ाई जो हमने की उसी के संदर्भ में हमें नौकरी मिलने में सहायता मिली। लेकिन अब रिटायर होने के बाद ऐसा लगता है कि वह पढ़ाई अगर हम आज उपयोग करना चाहें तो उसमें अपस्किलिंग या रीस्किलिंग करना बहुत आवश्यक है। रिटायर्ड, अपने को रि-स्किल करके ही प्रासंगिक बना कर रख सकते है।

अपस्किलिंग और रीस्किलिंग दो ऐसे शब्द हैं जो एक साथ चलते हैं। जहां अपस्किलिंग में आपके मौजूदा कौशल को बढ़ाया जा सकता है, वहीं रीस्किलिंग में नए कौशल सीखने को कहा जा सकता है। अपनी वर्तमान भूमिका के दायरे को बढ़ाने में अपस्किलिंग व रीस्किलिंग आपको सक्षम बनाने में महत्वपूर्ण योगदान कर सकते हैं।

कोई जरूरी नहीं है कि हमें नौकरी करने के लिए ही अपने आपको अपडेटेड रखना होगा। बहुत से ऐसे पल भी आते हैं जब यह अपडेशन हमें बहुत काम आता है। सभी रिटायर्ड व्यक्ति दोबारा नौकरी नहीं करते हैं या चाह के भी उनको नौकरी नहीं मिलती है। उसमें एक मुख्य कारण होता है कि हम आज की पद्धति से काम नहीं कर सकते। एक उदाहरण दें तो अकाउंट में हम आज से 40-50 वर्ष पहले जो सीखे थे वह बेसिक्स तो काम आते हैं लेकिन अगर कोई 'टैली' नहीं जाने तो वह आज के संदर्भ में किसी भी ऑफिस में काम सुचारू रूप से नहीं कर सकेगा। ऐसे में हम अपने आपको रीस्किलिंग करके 'टैली' सीख ले तो नौकरी मिलने में आसानी हो जाएगी। और यह बहुत मुश्किल भी नही हैं।

आज के दिन हमारे हाथों में यह जो स्मार्टफोन है यही कितना कुछ काम कर सकता है। हम तो क्या, बहुत से युवा भी इस मोबाइल को पूर्ण रूप से उपयोग करने में असमर्थ होते है। इसकी ट्रेनिंग बहुत उपयोगी साबित हो सकती है। 50 वर्ष पहले इंजीनियरिंग की पढ़ाई में सारे कैलकुलेशन करने के लिए स्लाइड रूल का उपयोग किया जाता था। आज के बच्चों को अगर पूछ ले तो उन्हें तो यह भी जानकारी नहीं होगी कि यह स्लाइड रूल होता क्या है। आज सारे कैलकुलेशन आप अपने मोबाइल फोन पर आसानी से कर सकते हैं। एक और विशेष बात है कि आजकल स्पेशलाइजेशन का जमाना आ गया है। हर तरह की तकनीक के लिए अलग-अलग लोग होते हैं। वे उसी विषय की पढ़ाई कर के आए है। पहले जब पढ़ाई होती थी तो सभी विषय की जानकारी कुछ न कुछ बतायी जाती थी। आज आपको डिसाइड करना होगा कि आप किस चीज में स्पेशलाइजेशन करना चाहते हैं। यह सब नई तकनीक सीखने में या अपने आपको अपडेट करना कोई इतना आसान काम नहीं है। एक तो बहुत कम ऐसी संस्थाएं हैं जो कुछ पैसे लेकर भी यह सब सिखाती हो व्यस्क व्यक्तियो को। दूसरा अगर आप कोशिश करें कि अपने घर में ही युवा वर्ग से यह सीखना चाहे, तो शायद यह नामुमकिन सा हो। हां एक उपाय मैं बता सकता हूं। आज के दिन हर विषय की जानकारी के लिए यूट्यूब पर वीडियो उपलब्ध है। अगर आप मन लगाकर और कुछ समय देकर कुछ भी सीखना चाहे तो शायद आज के दिन यह मुमकिन है। रिटायर्ड व्यक्ति कई बार यह सोचता है कि मैं बच्चों के लिए कुछ कोचिंग क्लास ले लूं, चाहे वह फ्री ही क्यों ना हो। लेकिन इसके लिए भी अपने आप को आज के संदर्भ में रीस्किल तो करना ही होगा। अपने समय में जो पढ़ाई आप किए थे वह तो इन बच्चों को काम नहीं आनी है। हां, एक बात जरूर है कि आप जब अपने आप को रीस्किल करते हैं तो आपका पूर्व ज्ञान बहुत काम आता है और आप अभी की नई तकनीक को आराम से समझ सकते हैं। इसी तरह अगर आप कंसल्टेंट्सी का काम करना चाहते है तब भी आपको अपस्किलिंग और रीस्किलिंग की बहुत आवश्यकता होगी। आप अगर किसी स्वयंसेवी संस्था में भी अपना योगदान देना चाहते है तो अपडेटेड होना बहुत लाभदायक होगा। हम में से कई सॉफ्ट स्किल्स सीखाने में भी एक्सपर्ट होंगे। सॉफ्ट स्किल से मेरा मतलब है ऐसे कोर्स, जैसे टाइम मैनेजमेंट, लैंग्वेज क्लासेस, पब्लिक स्पीकिंग वगैरह। अपने को लगता होगा कि यह सब सिखाने में क्या फर्क आया होगा आज के दिन। लेकिन सोचिए अगर इसमें हम टेक्नोलॉजी का सहयोग ले तो घर बैठे भी यह सब कोर्स जरूरतमंद को करा सकते हैं। थोड़ा बहुत सीखना होगा की ऑनलाइन कोर्स कैसे करवाया जा सकता है। सामने वाले को तो यह भी पता नहीं चलेगा कि पढ़ाने वाले की उम्र क्या है। इससे आप व्यस्त रहेंगे और यह कमाई का भी एक साधन बन जाएगा।

# अन्य शाखाओं के पते व फोन नंबर

**शीला-मनोहर पश्चिम विहार शाखा**
**होनेवाला कार्यक्रम**
शाखा की बैठक 22 अगस्त गुरुवार को होगी।
**स्थान** ए2/34 पश्चिम विहार नई दिल्ली -63
**हैल्पलाइन** नं. 9311123220, 7503009779

**मॉडल टाउन शाखा**
**होनेवाला कार्यक्रम**
शाखा की बैठक 2 सितम्बर सोमवार को होगी। **स्थान:**टैगौर भवन टैगौर पार्क निकट गोल चक्कर मॉडल टाउन - 1. दिल्ली, हैल्पलाइन नं. : 9911166691, 8750238257, 9810030229

**नोएडा शाखा**
**स्थान :** कम्युनिटी सैंटर, सैक्टर-41, (प्रयाग अस्पताल के पीछे), नोएडा, उ. प्र. । हैल्पलाइन : 9811030309

**सोनीपत शाखा**
**स्थान :** जैन स्थानक सै. 15 सोनीपत (एल.आई.सी. आफिस के सामने) हैल्पलाइन नं. : 9215174016, 9416086940

**गुजरांवाला टाउन शाखा**
**होने वाला कार्यक्रम**
शाखा की बैठक 1 सितम्बर रविवार को होगी। **स्थान:**-आर्य समाज मंदिर, डेरावाल नगर ए ब्लाक, निकट बिजली अपार्टमैंट दिल्ली-9।
संपर्क : 9910982035, 9910013870

**चौखंडी शाखा**
**स्थान:** शिव शक्ति मंदिर, चांद नगर, रवि नगर, चौखंडी।
संपर्क: 9871075220, 8826063487, 9013389133

**नरेला शाखा**
**होनेवाला कार्यक्रम**
शाखा की बैठक 14 सितम्बर शनिवार को होगी।
**स्थान:**आर्य समाज मंदिर, निकट चौधरी रामदेव चौक, नरेला, दिल्ली। हैल्पलाइन : 9210286706, 9999820434

**पूर्वी दिल्ली शाखा**
**स्थान** - आर्य समाज मंदिर शिवाजी पार्क रोहताश नगर शाहदरा
हैल्पलाइन नं. : 9810518497, 8595370630

**हैदराबाद शाखा**
**स्थान:**-1-5-1078, नियर जैन मंदिर, चैतन्यपुरी, कोटापेट, हैदराबाद-500060।
हैल्पलाइन नं. 9848058509

**कतलूपुर ब्रांच :**
**हैल्पलाइन नं.** : 9811697760, 922920203, 9310749505

**पटेल नगर शाखा**
**होनेवाला कार्यक्रम**
शाखा की बैठक 2 सितम्बर सोमवार को होगी।
**स्थान :** श्री राधा कृष्ण मंदिर, सी ब्लाक, वैस्ट पटेल नगर, दिल्ली।
हैल्पलाइन नं. : 9319890607, 9868845550

**रोहिणी शाखा**
**होनेवाला कार्यक्रम**
शाखा की बैठक 18 अगस्त रविवार को होगी।
**स्थान :** सनातन- धर्म मंदिर, डी-ब्लाक, सैक्टर-15, रोहिणी, दिल्ली।
हैल्पलाइन नंबर : 9818016171, 9212528899, 8860074320

**गुड़गांव शाखा**
**होनेवाला कार्यक्रम**
शाखा का वर्षिकोत्सव 31 अगस्त शनिवार को होगी।
कम्युनिटी सैंटर सै.-4 गुड़गांव, हरियाणा।
हैल्पलाइन नं. : 9810748945, 9899145537

**ग्रेटर कैलाश शाखा**
**स्थान:**सनातन धर्म मंदिर, ग्रेटर कैलाश पार्ट- 2, नई दिल्ली।
हैल्पलाइन नं. 9811030309

**ग्रीन पार्क शाखा**
**होनेवाला कार्यक्रम**
शाखा की बैठक 20 अगस्त मंगलवार को होगी।
**हैल्पलाइन नं.** : 9899948425

**फरीदाबाद शाखा**
**स्थान :** होटल सेंट्रल व्यू सेक्टर 12 सेल्स टैक्स कार्यालय के सामने, फरीदाबाद, हैल्पलाइन नं. : 9811426768, 9313520606

**पंजाबी बाग शाखा**
**होनेवाला कार्यक्रम**
शाखा की बैठक 28 अगस्त बुधवार को होगी।
**स्थान:** जेआर मीडिया संस्थान, पंजाब केसरी परिसर, वजीरपुर दिल्ली।
हैल्पलाइन नं. : 9910593661/ 9711140798, 9136683602

## वरिष्ठ नागरिकों के लिए खुशखबरी

### वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब के सदस्य बनने के लिए फार्म

नाम :

पति/पिता :

आयु :

स्थायी पता :

वर्तमान व्यवसाय ( नौकरी/कारोबार/अन्य ) :

शैक्षणिक योग्यता : ब्लड ग्रुप :

संपर्क : फोन : मोबाइल :

नोट : ● वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब का सदस्य बनने के लिए आयु कम से कम 60 वर्ष होना अनिवार्य है ● परिचय पत्र बनवाने के लिए कृपया इस फार्म की कटिंग के साथ दो फोटो एवं पहचान पत्र की कापी नीचे दिए गए पते पर भेजे।

**पोस्ट पता : 1 और 2 प्रिंटिंग प्रैस कॉम्प्लेक्स, नियर वजीरपुर, डीटीसी बस डिपो, दिल्ली-110035**

अधिक जानकारी के लिए निम्न हैल्पलाइनों पर सम्पर्क करें :

**9871598497, 9810107375, 9811030309, 9818131462**

**"सदस्यता निःशुल्क"**

# फरीदाबाद के लोगों का नहीं मुकाबला...

मुझे फरीदाबाद में वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब में आयोजित आजादी पर्व कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिला। फरीदाबाद की शाखा का पौधा वहां के मशहूर हरमन प्यारे उद्योगपति डी. के. कथूरिया जी और उनके प्यारे दोस्त रिटायर्ड कर्नल जटवाणी जी ने मिलकर 2009 में लगाया था, जिसकी ओपनिंग आशा हुड्डा जी ने की थी। वह पौधा अब वट वृक्ष बन चुका है। जिस प्यार, मेहनत, लगन और तन-मन-धन से इन्होंने इसे सींचा वो लाजवाब है और सबको इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। सबसे बड़ी बात यह है कि इन्होंने अपने हाथों से आने वाली पीढ़ी मनोहर पुन्यानी जी और महेन्द्र खुराना को अपने हाथों से सौंपा दिया और खुद मार्गदर्शक बनकर उनका मार्गदर्शन कर रहे हैं। क्योंकि वे यह सोचते हैं कि हम उम्र के 80 वर्ष के पड़ाव पर पहुंच गए हैं। अब हम उतने एक्टिव नहीं हैं परन्तु यह तो अभी भी दोनों बड़े अनुशासित और एक्टिव हैं। दोनों छड़ी लेकर बड़े स्मार्ट तैयार होकर आए थे और दोनों ने आजादी के जोश के गानों पर खूब जमकर जोश से डांस किया। इनका जोश देखते बन रहा था। मेरे सामने सारा नजारा घूम रहा था कि कैसे इन्होंने शुरू किया, कैसे काम करते थे, कैसे हर फंक्शन एक्टिविटी में अपनी पत्नियों के साथ हिस्सा लेते थे। अब दोनों की पत्नियां नहीं रहीं परन्तु क्लब को अभी भी दिल से खुशियां देते और लेते हैं। अभी उनमें हिम्मत है और जोश में कमी नहीं है।

इस बार प्रोग्राम को देखना और भी जरूरी और चैलेंजिंग था कि नए हैड कैसे सम्भाल रहे हैं। वहां जाकर समझ लगी कि कथूरिया जी और जटवाणी जी की राइट च्वाइस थी क्योंकि जिस जोश और मेहनत से दोनों ने सम्भाला कमाल था। दोनों पहले दिन से जुड़े हुए हैं परन्तु इस बार तो जिम्मेदारी थी, जिनका साथ पूरी तरह से कैंथ जी दे रहे थे।

महेन्द्र खुराना पहले दिन से सभी बुजुर्गों की सेवा कर रहे हैं और पुन्यानी जी कि परफोर्म मेरा नाम जोकर मशहूर था परन्तु इस बार तो उन्होंने नए देशभक्ति के गाने और एक्टिंग से सबको हिला दिया। सभी में देशभक्ति का जोश भर दिया। मुझे क्या जो भी वहां मौजूद थे सबको लगा ब्रांच बड़े सुरक्षित हाथों में आ गई है। दोनों की सेवा, जोश और मेहनत का कोई मुकाबला नहीं।

वहां उपस्थित एक-एक व्यक्ति उस जोश में शामिल था। सभी देशभक्ति के जोश में झूम उठे कि मैं भी न रह सकी। एक बात वहां जाकर ऐसे लगी कि जैसे अपने घर आ गए हैं। जो लोगों ने प्यार, सम्मान दिया उसका कोई मुकाबला नहीं। सभी लोग दिल से खुश थे। दिल से प्यार, सम्मान दे रहे थे। दिल से खुशियां मना रहे थे। फरीदाबाद की आन-बान-शान जिसके बिना फरीदाबाद का कोई भी फंक्शन अधूरा है, कालड़ा जी, जिनकी आवाज में वो जादू है कि हर व्यक्ति के पांव थिरकने शुरू हो जाते हैं, वो भी पहले दिन से ब्रांच से जुड़कर अपनी सेवा देते हैं। एक बार तो उन्होंने दिल्ली के फंक्शन में सबको हिला दिया था। वाह! क्या बात है। कालड़ा जी, फरीदाबाद की महिलाओं का तो जवाब ही नहीं। लग ही नहीं रही थीं कि वह वरिष्ठ हैं। मुझे तो ऐसे लग रहा था कि वहां सब जवान थे। यह सब कथूरिया जी और जटवाणी जी का कमाल है जिन्होंने सबको एक धागे में बांध रखा है। अब वही जिम्मेदारी मनोहर पुन्यानी जी और महेन्द्र खुराना जी की है। मुझे पूरा विश्वास है जो अपनी मेहनत और लगन से इसे और भी आगे बढ़ाएंगे। जल्दी ही हम फरीदाबाद में एक बड़ा उत्साहवर्धक फंक्शन करेंगे। पर यही कहूंगी फरीदाबाद के लोगों में जो प्यार, अपनापन है उसका कोई मुकाबला नहीं।

वहीं इस मौके पर सदस्य रमेश आहूजा, रवीन्द्र गुड्डी, सुभाष रावल, रवीन्द्र पाल कौर, बलदेव सिंह नारंग, एस. आर केंथ, प्रीति गांधी, रमेश आहूजा, बसंत आहूजा, सुधीर बंसल व अन्य सदस्य मौजूद रहे। सभी ने एक-दूसरे को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी।



**श्रीमती किरण चोपड़ा**
डायरेक्टर- पंजाब केसरी दैनिक समाचार लि.
चेयरपर्सन- वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब
मुख्य संरक्षिका- चौपाल
सदस्या- राष्ट्रीय सलाहकार मण्डल, एकल
संरक्षिका- भारतीय लोक विकास परिषद
/kiranchopra01
kiranchopra@punjabkesari.com
kiranchopradesk@gmail.com























आप सभी को
स्वतंत्रता दिवस,
रक्षाबंधन
एवं जन्माष्टमी
की हार्दिक शुभकामनाएं
आइए हम सभी मिलकर अपने राष्ट्र में शांति, सद्भाव एवं प्रगति के लिए प्रार्थना करें।
दिनेश जैन (समता टाइम्स)
6ए, इंडस्ट्रियल एरिया, तिलक नगर, नई दिल्ली-18 # 9810061124
संस्थापक एवं प्रबंधक, "पार्श्वस्थली" दिगम्बर जैन मन्दिर,
दिनेश जैन कॉम्प्लैक्स, 34/3, दिल्ली जयपुर रोड, गुरुग्राम



Price Rs. 4.50 (वार्षिक शुल्क 1980 रुपए डाक द्वारा) PunjabKesari.com PunjabKesari.com @punjabkesaricom पंजाब केसरी DELHI
R.N.I. No. 404 74/83, Postal Regn.No. DL(N)/0169/2018-20, Posted at Delhi RMS Delhi-6

ग्लोबल Window

## मृणाल ठाकुर ने मिट्टी के बर्तन बनाने की कला सीखी



**मुंबई,** (आईएएनएस): फिल्म अभिनेत्री मृणाल ठाकुर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में मिट्टी के बर्तन बनाते हुए कई वीडियो शेयर किए। इस वीडियो में वह मिट्टी के बर्तन बनाने की कला सीख रही हैं। वह चाक पर दोनों हाथों से सनी हुई मिट्टी से बर्तनों को आकार देती नजर आ रही हैं। वीडियो में अभिनेत्री बिना मेकअप के पूरी तरह से काले रंग की एक खूबसूरत ड्रेस और ढीले पोनीटेल में बंधे बालों के साथ काफी खूबसूरत दिख रही हैं। अभिनेत्री मृणाल ठाकुर ने कुछ दिन पहले खेती करने की इच्छा जताई थी।

### मोहम्मद यूनुस पहुंचे ढाकेश्वरी मंदिर, हिंदू नेताओं से बोले

## देश में सबके एक समान अधिकार

**ढाका, (एजेंसी):** बंगलादेश में हिंदुओं सहित अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा की खबरों के बीच अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने मंगलवार को एक मंदिर का दौरा किया। साथ ही हिंदू नेताओं से मुलाकात के बाद कहा कि ये सुनिश्चित किया गया है कि सभी के लिए अधिकार समान होने चाहिए, चाहे वो किसी भी धर्म का हो। इससे पहले भारत ने बंगलादेश में अल्पसंख्यकों पर हमले को लेकर चिंता जाहिर की थी और सरकार से उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने को लेकर अपील की थी। मंगलवार को ढाका में ढाकेश्वरी राष्ट्रीय मंदिर का दौरा करने के बाद, नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित मुहम्मद यूनुस ने भी लोगों से धैर्य रखने और उनकी सरकार को उसके काम के आधार पर आंकने का आग्रह किया। मोहम्मद यूनुस ने बांग्लादेश पूजा उद्जापन परिषद और महानगर सर्बजनिन पूजा समिति के नेताओं सहित हिंदू समूहों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। उन्होंने कहा, "अधिकार सभी के लिए समान हैं. हम सभी एक अधिकार वाले एक व्यक्ति हैं. हमारे बीच कोई भेदभाव न करें. कृपया, हमारी मदद करें, धैर्य रखें और बाद में निर्णय लें कि हम क्या करने में सक्षम थे और क्या नहीं। यदि हम असफल होते हैं, तो हमारी आलोचना करें।



### शेख हसीना 'राक्षस', पूर्व चीफ जस्टिस 'जल्लाद'

इससे पहले रविवार रात बंगलादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को राक्षस और पूर्व प्रधान न्यायाधीश ओबैदुल हसन को 'जल्लाद" करार देते हुए अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस ने कहा कि शेख हसीना के करीबी अधिकारियों के इस्तीफे वैध हैं। गौरतलब है कि बंगलादेश में विवादास्पद आरक्षण प्रणाली को लेकर हसीना सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन करने वाले छात्रों ने कई शीर्ष अधिकारियों को पद छोड़ने का अल्टीमेटम दिया था, जिसके बाद पिछले कुछ दिन में देश के प्रधान न्यायाधीश, पांच न्यायाधीश और सेंट्रल बैंक के गवर्नर इस्तीफा दे चुके हैं। यूनुस ने रपत्रकारों से कहा, कानूनी तौर पर... सारे कदम उठाए गए। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता को बहाल करना अंतरिम सरकार की प्राथमिकता है।

### हसीना के खिलाफ हत्या का केस दर्ज

बंगलादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और छह अन्य के खिलाफ पिछले महीने हुईं हिंसक झड़पों के दौरान एक व्यक्ति की मौत को लेकर हत्या का मामला दर्ज किया गया है। मंगलवार को मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से यह जानकारी सामने आई। बंगलादेश में हिंसा और सरकार गिरने के बाद से शेख हसीना के खिलाफ यह पहला मामला दर्ज किया गया है।

# बंगलादेश में तख्तापलट में हमारा कोई हाथ नहीं

## शेख हसीना के आरोपों पर अमेरिका ने दी सफाई

**वाशिंगटन,** (भाषा): अमेरिका ने बंगलादेश में तख्तापलट और सियासी उठापटक में खुद पर लगे आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया और कहा कि इसमें हमारा कोई हाथ नहीं है। सभी रिपोर्टों और अफवाहों का खंडन करते हुए, व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरीन जीन पियरे ने सोमवार को एक मीडिया ब्रीफिंग में कहा, हमारी इसमें (बंगलादेश में राजनीतिक अस्थिरता में) कोई संलिप्तता नहीं है। इन घटनाओं में अमेरिकी प्रशासन का हाथ होने संबंधी कोई भी खबर या अफवाह पूरी तरह से झूठी है। यह सच नहीं है।' उन्होंने कहा कि अपना भविष्य तय करना बंगलादेश के लोगों का अधिकार और विशेषाधिकार है। जीन पियरे मीडिया में आई उन खबरों पर प्रतिक्रिया दे रही थीं, जिनमें हसीना के कथित दावे के हवाले से कहा गया है कि अगर उन्होंने (हसीना) सेंट मार्टिन द्वीप का आधिपत्य त्याग दिया होता और अमेरिका को बंगाल की खाड़ी पर प्रभुत्व स्थापित करने की अनुमति दी होती, तो वह सत्ता में बनी रहतीं। उधर, हसीना के बेटे सजीब वाजेद ने इस बात से इनकार किया है कि उनकी मां ने ऐसा कोई बयान दिया है। वाजेद ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'हाल ही में एक अखबार में प्रकाशित मेरी मां का इस्तीफे से संबंधित बयान पूरी तरह से झूठा और मनगढ़ंत है। उन्होंने मुझसे बातचीत में पुष्टि की है कि उन्होंने ढाका छोड़ने से पहले या बाद में कोई बयान नहीं दिया।'



### शेख हसीना के खिलाफ हत्या के आरोप में चलेगा मुकदमा

**ढाका,** (भाषा): बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनकी कैबिनेट में मंत्री रहे दो वरिष्ठ मंत्रियों और एक बर्खास्त पुलिस प्रमुख समेत छह अन्य के खिलाफ हत्या के आरोप में मुकदमा चलेगा। अदालत के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। नौकरी में आरक्षण की विवादास्पद व्यवस्था को लेकर अवामी लीग नीत सरकार के खिलाफ व्यापक विरोध प्रदर्शन के बाद पांच अगस्त को इस्तीफा देकर भारत चली गयीं हसीना (76) के खिलाफ दर्ज किया गया यह पहला मामला है। हसीना और छह अन्य के खिलाफ यह मामला पिछले महीने हुईं हिंसक झड़पों के दौरान किराने की एक दुकान के मालिक की मौत को लेकर दर्ज किया गया है। अदालत के एक अधिकारी ने बताया कि ढाका के मोहम्मदपुर क्षेत्र के एक निवासी द्वारा दायर मामले के आधार पर मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट राजेश चौधरी ने पुलिस को इसे प्राथमिकी के रूप में दर्ज करने को कहा है।

## क्वात्रा ने अमेरिका में भारत के राजदूत के रूप में कार्यभार संभाला



**वाशिंगटन,** (भाषा): विनय मोहन क्वात्रा ने सोमवार को अमेरिका में भारत के नए राजदूत के रूप में कार्यभार संभाल लिया और दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण साझेदारी को मजबूत करने की दिशा में काम करते रहने की प्रतिबद्धता जताई। क्वात्रा (61) गत 14 जुलाई को भारत के विदेश सचिव पद से सेवानिवृत्त हुए थे। वह अमेरिका में भारत के नए राजदूत के रूप में सेवाएं देने के लिए सोमवार को वाशिंगटन पहुंचे। उन्होंने तरणजीत सिंह संधू की जगह ली, जो साल की शुरुआत में विदेश सेवा से सेवानिवृत्त हुए थे। संधू 2020 से 2024 तक अमेरिका में भारत के राजदूत पद पर कार्यरत थे। कार्यभार संभालने के तुरंत बाद क्वात्रा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "अमेरिका में भारत के राजदूत के रूप में कार्यभार संभालने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। भारतीय दूतावास की टीम इस महत्वपूर्ण साझेदारी को मजबूत करने के लिए पूरी शिद्दत से काम करना जारी रखेगी।" क्वात्रा वाशिंगटन स्थित भारतीय दूतावास में वाणिज्य मंत्री के रूप में सेवाएं दे चुके हैं। विदेश सचिव नियुक्त किए जाने से पहले वह फ्रांस और नेपाल में भारत के राजदूत भी रह चुके थे।

## लाल सागर में फिर हुए जहाजों पर हमले

**दुबई,** (एपी): लाल सागर में जहाजों को निशाना बनाते हुए संदिग्ध रूप से यमन के हूती विद्रोहियों ने मंगलवार को हमले किए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। ब्रिटिश सेना के 'यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस सेंटर (यूकेएमटीओ)' ने बताया कि पहला हमला हूती के कब्जे वाले बंदरगाह शहर होदेदा से लगभग 115 किलोमीटर दक्षिण में हुआ। यूकेएमटीओ ने बताया कि जहाज के पास एक बम धमाका हुआ, इसके बाद एक छोटे जहाज की "संदिग्ध गतिविधियां" देखी गईं जिसके बाद दूसरा धमाका हुआ। यूकेएमटीओ ने कहा, 'जहाज और चालक दल के सदस्य सुरक्षित बताए जा रहे हैं।' निजी सुरक्षा कंपनी 'एम्ब्रे' ने भी इसी तरह के हमले की सूचना दी, जिसमें कहा गया कि जहाज के "नजदीक दो विस्फोट" हुए। यूकेएमटीओ ने बताया कि दूसरा हमला मंगलवार को कुछ घंटों बाद होदेदा से 180 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में हुआ।

## कुर्स्क के 28 इलाके यूक्रेन के नियंत्रण में



**रूस ने 7 यूक्रेनी हमलों को विफल करने का दावा किया**

**मास्को,** (आईएएनएस)। रूस की सेना ने कुर्स्क के तीन इलाकों में सात यूक्रेनी हमलों को विफल कर दिया है। इस तरह रूसी क्षेत्र में अंदर तक घुसने के यूक्रेन के प्रयास को नाकाम कर दिया गया। रूसी रक्षा मंत्रालय की ओर से ये जानकारी दी गई है। रूसी रक्षा मंत्रालय के हवाले से सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने सोमवार को बताया कि रविवार को कुर्स्क के मार्टिनोव्का, बोरकी और कोरेनेवो में हमलों को विफल कर दिया गया। रूस के कौचुक क्षेत्र में यूक्रेनी समूहों द्वारा किए गए प्रयासों को विफल कर दिया गया। इसने कहा, एक टैंक, आठ ब्रैडली पैदल सेना के लड़ाकू वाहन, 16 बख्तरबंद लड़ाकू वाहन और 14 पिकअप नष्ट हो गए। मंत्रालय ने कहा कि 24 घंटे में यूक्रेनी सेना के 260 सेवा सदस्य मारे गए और 31 बख्तरबंद वाहनों को नष्ट कर दिया गया। इससे पहले कुर्स्क क्षेत्र पर यूक्रेन के हमले में 12 नागरिकों की मौत हो गई और 121 अन्य घायल हो गए। क्षेत्र के कार्यवाहक गवर्नर एलेक्सी स्मिरनोव ने ये बात कही है। सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, स्मिरनोव ने सोमवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ एक वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि इस क्षेत्र से लगभग 180,000 लोगों को निकाला जाना है और लगभग 120,000 लोग पहले ही निकल चुके हैं। स्मिरनोव ने कहा कि 28 इलाके यूक्रेन के नियंत्रण में हैं।

## 'अगर मैंने अपना सिर नहीं घुमाया होता...'

**वाशिंगटन,** (एपी): डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के मालिक एलन मस्क को सोमवार को दिए एक साक्षात्कार में पिछले महीने पेनसिल्वेनिया में एक रैली के दौरान खुद पर हुए जानलेवा हमले की खौफनाक यादें साझा कीं और "समन्वय की कमी" को इस हमले के लिए जिम्मेदार ठहराया।

ट्रंप इस बहुप्रतीक्षित ऑडियो साक्षात्कार के जरिये 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर वापसी कर रहे थे। इस साक्षात्कार को पूर्व राष्ट्रपति के लिए लाखों मतदाताओं तक सीधी पहुंच बनाने के जरिये के तौर पर देखा जा रहा था। हालांकि, यह उम्मीदों के मुताबिक नहीं शुरू हुआ। तकनीकी खामियों के कारण इसका प्रसारण बार-बार बाधित हुआ। पूर्व राष्ट्रपति ने मस्क से कहा, अगर मैंने अपना सिर नहीं घुमाया होता, तो आज मैं यहां आपसे बात नहीं कर रहा होता। समन्वय की कमी थी... सभी समझते हैं कि इमारत की चाक चौबंद सुरक्षा होनी चाहिए थी।' एक्स' के 8.78 लाख से अधिक उपयोगकर्ता साक्षात्कार शुरू होने के निर्धारित समय के चालीस मिनट बाद तक भी इस साक्षात्कार को लाइव सुनने के लिए साइट पर लॉग-इन थे। कई उपयोगकर्ताओं को संदेश मिला कि "विवरण उपलब्ध नहीं है।"



● **मस्क के साथ इंटरव्यू में ट्रंप ने अपने ऊपर हुए जानलेवा हमले की खौफनाक यादें साझा कीं**

ट्रंप के प्रचार अभियान दल ने पोस्ट किया कि एक्स पर बड़ी संख्या में उपयोगकर्ता लॉग-इन हैं, जो इस साक्षात्कार को शानदार प्रतिक्रिया मिलने का संकेत है। साक्षात्कार शुरू होते ही मस्क ने देरी के लिए माफी मांगी और कंपनी के सर्वर पर हुए एक "बड़े हमले" को इसकी वजह बताया।

### ट्रंप से ज्यादा 'ट्रंप' बनना चाहती हैं कमला हैरिस

**मस्क** के साथ साक्षात्कार में ट्रंप ने अपनी डेमोक्रेट प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस पर जमकर निशाना भी साधा। पूर्व राष्ट्रपति ने कमला को "तीसरे दर्जे की फर्जी उम्मीदवार' बताया, जो राष्ट्रपति जो बाइडेन से भी 'अधिक अक्षम' हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कमला कट्टर वामपंथी हैं और ट्रंप से ज्यादा ट्रंप बनना चाहती हैं। ट्रंप ने दोहराया कि डेमोक्रेटिक पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में बाइडेन की जगह कमला को लाया जाना तख्तापलट है। पूर्व राष्ट्रपति ने कमला पर सीमा सुरक्षा के मुद्दे पर बुरी तरह से विफल रहने का आरोप लगाया और कहा कि उनके कार्यकाल में लाखों लोग अवैध रूप से अमेरिका में दाखिल हुए। ट्रंप ने कहा कि वह आव्रजन के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन अवैध रूप से लोगों के घुसने का विरोध करते हैं।

## हमास ने तेल अवीव पर दागे राकेट

**तेल अवीव,** (एजेंसियां): ईरान की धमकियों से दुनिया डरी हुई थी, इसी बीच हमास ने इजरायल पर ताबड़तोड़ रॉकेट हमले कर दिए। घातक एम-90 रॉकेट से इजरायल की राजधानी तेल अवीव को निशाना बनाया गया। हालांकि, गनीमत की बात रही कि इजरायल की सेना ने इन हमलों को नाकाम कर दिया। हमास की शाखा कस्साम ब्रिगेड का कहना है कि यह हमला गाजा में हाल ही में हुए नरसंहारों का बदला लेने के लिए किया गया। आगे और भी हमले जारी रहेंगे। इससे पहले इजराइल की सेना ने एक स्कूल पर घातक हमले किए थे, जिसमें कम से कम 100 फलस्तीनियों की मौत हो गई थी। इस हमले का बदला लेने की हमास ने कसम खाई थी। इस अटैक के चलते तेल अवीव को कितना नुकसान पहुंचा है, इसकी जानकारी अभी तक नहीं मिल पाई है।

उधर, इजराइल ने दावा किया कि उसने आतंकियों की एक कमान चौकी को निशाना बनाकर हमला किया है, जिसमें 19 लड़ाकों की मौत हुई है. इजराइल के सैनिक बुरी तरह तबाह हुए उन इलाकों की ओर लौट रहे हैं जहां उन्होंने पहले फलस्तीनी आतंकियों से लड़ाई लड़ी थी।

स्पोर्ट्स राउंडअप

'श्रेयस अय्यर गुरुवार से शुरू होने वाले आगामी बुची बाबू आमंत्रण टूर्नामेंट में मुंबई के लिए एक मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। अय्यर 27 से 30 अगस्त तक मुंबई के दूसरे दौर के मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। इस मैच में भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव भी खेलेंगे।'

# हॉकी टीम का भव्य स्वागत

## पेरिस में कांस्य पदक जीत कर लौटी है भारतीय हॉकी टीम



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): पेरिस ओलंपिक में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर स्वदेश लौटी भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ियों का दिल्ली एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत किया गया। पीआर श्रीजेश, अभिषेक नैन, अमित रोहिदास और संजय उन खिलाड़ियों में शामिल थे जो आज (मंगलवार) दिल्ली पहुंचे। इन खिलाड़ियों की एक झलक पाने के लिए दिल्ली एयरपोर्ट पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। प्रशंसकों ने ढोल की धुनों के साथ भारतीय हॉकी खिलाड़ियों का स्वागत किया। बता दें, इससे पहले शनिवार को भी भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कुछ सदस्य नई दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचे थे, तब भी नजारा कुछ ऐसा ही था। श्रीजेश, अमित रोहिदास, राजकुमार पाल, अभिषेक, सुखजीत सिंह और संजय का मंगलवार को भव्य स्वागत किया गया है। खिलाड़ियों के स्वागत के लिए हरियाणा के गांव से भी भारी संख्या में लोग पहुंचे और सभी खिलाड़ियों का स्वागत किया। इस मौके पर पीआर श्रीजेश ने कहा कि हॉकी के लिए यह बड़ी उपलब्धि है। इस प्यार को देखकर हमारी जिम्मेदारी बढ़ गई है। इस स्वागत से टीम अभिभूत है। यह देखकर बहुत अच्छा लगा कि भारतीय प्रशंसक हमारे स्वागत के लिए यहां आए। टीम ने ओलंपिक की तैयारी में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी थी और यह देखकर खुशी हुई कि हमारी मेहनत रंग लाई। हमारी जीत का जश्न पूरा देश मना रहा है। एक अन्य भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ी अभिषेक ने कहा कि हमें इस जीत से बहुत खुशी है। हमारा टारगेट पूरा नहीं हुआ लेकिन इस तरह के समर्थन से बहुत खुशी मिली है। आने वाले समय में हम गोल्ड के लिए और कड़ी मेहनत करेंगे। पेरिस ओलंपिक में भारत ने 6 मेडल जीते, जिसमें 1 सिल्वर और 5 ब्रॉन्ज शामिल हैं।

### जल्द हॉकी टीम से मिल कर आगे की योजना बनाएंगे : मांडविया

खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को बताया कि वह 10 सितंबर से पहले कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम के साथ बैठक करेंगे ताकि 2028 लॉस एंजिल्स खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के प्रयासों के मद्देनजर भविष्य की योजना बना सकें। उन्होंने मंगलवार सुबह पेरिस से लौटने के बाद स्टार गोलकीपर पीआर श्रीजेश, डिफेंडर संजय, अमित रोहिदास और स्ट्राइकर अभिषेक को सम्मानित किया। मांडविया ने कहा कि आप लोगों का प्रदर्शन शानदार रहा, हम स्वर्ण पदक नहीं जीत पाए, लेकिन हम इसके बहुत करीब पहुंच गए थे और सेमीफाइनल में हार के बाद जिस तरह से आपने प्रदर्शन किया, वह सराहनीय है। उन्होंने कहा, "लेकिन यह सफर का अंत नहीं है और मैं 10 सितंबर तक आपके साथ बैठकर भविष्य की रणनीति पर विचार करूंगा ताकि हम लॉस एंजिल्स से स्वर्ण पदक लेकर लौटें। मैं इस बारे में आपकी राय लूंगा कि इसे कैसे आगे बढ़ाया जाए और सरकार की ओर से आपको हर संभव सहायता प्रदान करने का प्रयास करूंगा।"

### विनेश 'फाइटर', पदक की हकदार, लेकिन नियमों का ध्यान रखना जरूरी : श्रीजेश

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): भारतीय हॉकी स्टार पीआर श्रीजेश ने मंगलवार को यहां पहलवान विनेश फोगाट के जज्बे की तारीफ करते हुए कहा कि जो कुछ उनके साथ हो रहा था, उसके बावजूद 'स्पेन के खिलाफ कांस्य पदक मुकाबले से पहले वह मेरे पास आईं और कहा भाई गुड लक, आप तो दीवार हो, अच्छे से खेलो। उन्होंने विनेश को 'फाइटर' करार करते हुए कहा कि वह कम से कम एक पदक की हकदार हैं, लेकिन साथ ही यह घटना सभी के लिए सबक होनी चाहिए क्योंकि खेल को चलाने के लिए नियम जरूरी हैं। पेरिस ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम के कांस्य पदक जीतने के बाद संन्यास लेने वाले श्रीजेश (36 वर्ष) ने कहा कि विनेश रजत पदक की हकदार है क्योंकि फाइनल में पहुंचकर उन्होंने एक पदक पक्का कर लिया था।



नई दिल्ली में कांस्य पदक विजेता पहलवान अमन सहरावत का स्वागत करते कुश्ती प्रेमी। (छाया : प्रेट्र)

### अगली बार गोल्ड मैडल जीत सकती है भारतीय हॉकी टीम : हार्न

**कोलकाता,** (पंजाब केसरी): दुनिया के मशहूर 'एंडवेंचरर' माइक हॉर्न का मानना है कि भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने तोक्यो और पेरिस ओलंपिक में लगातार कांस्य पदक जीतने के बाद अपनी मजबूत नींव का प्रदर्शन किया जिसे देखते हुए चार साल बाद लॉस एंजिल्स में उनमें स्वर्ण जीतने की क्षमता है।

### ग्वालियर करेगा पहले टी20 मैच की मेजबानी

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को बताया कि ग्वालियर छह अक्टूबर को बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की मेजबानी करेगा क्योंकि हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ द्वारा धर्मशाला स्टेडियम में नवीनीकरण किया जा रहा है। बीसीसीआई ने मीडिया विज्ञप्ति में कहा कि भारत और बांग्लादेश के बीच पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच पहले छह अक्टूबर 2024 को धर्मशाला में खेला जाना था लेकिन हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ द्वारा इस स्टेडियम के ड्रेसिंग रूम में नवीनीकरण का काम किया जा रहा है।

## पैरा शटलर भगत पर 18 महीने का बैन, पैरालंपिक से बाहर

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): तोक्यो के स्वर्ण पदक विजेता पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत पेरिस पैरालम्पिक में अपना खिताब बरकरार नहीं रख पायेंगे जिन्हें बीडब्ल्यूएफ के डोपिंग निरोधक 'वेयरअबाउट' (ठिकाने का पता) नियम के उल्लंघन के कारण 18 महीने के लिये निलंबित कर दिया गया है। बीडब्ल्यूएफ ने एक बयान में कहा कि बैडमिंटन विश्व महासंघ इसकी पुष्टि करता है कि भारत के तोक्यो 2020 पैरालम्पिक चैम्पियन प्रमोद भगत को 18 महीने के लिये निलंबित किया गया है और वह पेरिस पैरालम्पिक नहीं खेलेंगे। इसमें कहा गया कि एक मार्च 2024 को खेल पंचाट (सीएएस) डोपिंग निरोधक प्रभाग ने भगत को बीडब्ल्यूएफ के डोपिंग निरोधक नियम के उल्लंघन का दोषी पाया। वह एक साल में तीन बार अपना ठिकाना बताने में नाकाम रहे थे। 36 वर्ष के एसएल3 खिलाड़ी भगत ने सीएएस के अपील विभाग में इस फैसले के खिलाफ अपील की थी जो पिछले महीने खारिज हो गई। बयान में कहा गया कि 29 जुलाई 2024 को सीएएस के अपील विभाग ने भगत की अपील खारिज कर दी और सीएएस के डोपिंग निरोधक प्रभाग के एक मार्च 2024 के फैसले की पुष्टि की। उनका निलंबन अब प्रभावी है। यह निलंबन एक सितंबर 2025 तक लागू रहेगा।

बिहार में जन्मे भगत ने पिछले साल फरवरी में पांचवां विश्व चैम्पियनशिप खिताब जीतकर चीन के लिन डैन की बराबरी की थी। भारतीय पैरा बैडमिंटन के मुख्य कोच गौरव खन्ना ने कहा कि यह काफी दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है।

## जीवन और क्रिकेट में जोखिम लेना पसंद

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): इंजीनियर, क्रिकेटर, एक लोकप्रिय यूट्यूबर और अब एक लेखक भी, एक बार में कई चीजों को आसानी से प्रबंधित करने वाले भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा कि जीवन हो या क्रिकेट वह अति सुरक्षात्मक रवैया अपनाने की जगह असफल होना पसंद करेंगे। इस 37 साल के खिलाड़ी को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे चतुर दिमाग वाले क्रिकेटर के तौर पर जाना जाता है। टेस्ट में 516 विकेट लेने वाले इस खिलाड़ी की बातों और विचारों को क्रिकेट जगत में काफी तवज्जो दी जाती है। अश्विन ने कहा कि मैं अपनी जिंदगी जी रहा हूं, बस यह इतना ही है। मैं 'ए', 'बी' या 'सी' (किसी लक्ष्य) को पूरा करने के बारे में नहीं सोच रहा हूं। मैं मौजूदा समय में रहना पसंद करता हूं। मैं आम तौर पर एक रचनात्मक व्यक्ति हूं और अगर मुझे लगता है कि मैं कुछ करना चाहता हूं, तो मैं आगे बढ़ूंगा।

### कैसीनो में जाकर जिंदगी में निडर होना सीखा



उनके अनुसार यह सब निडर होने या जोखिमों के मजेदार पक्ष को देखने की क्षमता पर निर्भर करता है, जो कि 2009 में एक कैसीनो की यात्रा ने उन्हें सिखाया था। उन्होंने कहा कि अगर आप यह सोचकर कैसीनो में जाते हैं कि आप कितना पैसा कमाएंगे, तो आप शायद अपने सारे पैसे गंवा देंगे। लेकिन जब आप मौज-मस्ती करने के इरादे इस सोच के साथ जाते है कि आप वहां पैसे गंवाने जा रहे है तो आप किसी अमीर व्यक्ति के रूप में वापस आते है और यह सीखने का एक बड़ा अनुभव होता है।